9 राज्य, 18 संस्करण रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, इंदौर, भोपाल, सागर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रतलाम, मुंबई, पुणे, नई दिल्ली, जयपुर,लखनऊ, जालंधर, रांची, कोलकाता से एक साथ प्रकाशित | मूल्य ₹ 4.00 | वर्ष-12, अंक 52, पृष्ठ -10 महानगर संस्करण | D-live NewsTV www.dabangdunia.co.in

दैनिक दबंग दुनिया

रायपुर, सोमवार, 4 नवंबर 2024

निष्पक्ष नज़र, निष्पक्ष ख़बर

देश का सबसे चर्चित संपूर्ण हिन्दी अख़बार

अंदर पढ़ें



पेज 06

## सार.समाचार

### राज्योत्सव के लिए दर्शकों को मिलेगी नि:शुल्क बस सेवा



रायपुर। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नवा रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय व्यापार परिसर तूता में तीन दिनी राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर शहर से राज्योत्सव स्थल तक जाने और वापस आने के लिए ज़िला प्रशासन द्वारा दर्शकों को 4 से 6 नवंबर तक नि:शुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। चार तारीख से दोपहर तीन बजे से हर घंटे बसें तूता नवा रायपुर के लिये रवाना होंगी। नि:शुल्क बस सेवा रायपुर शहर के रेलवे स्टेशन स्टैंड, कालिबाडी चौक, पचपेड़ी नाका और भाटागाँव नये बस स्टैंड से संचालित होंगी। ऐसी बसो पर ह्राज्योत्सव हेतु नि:शुल्क बस सेवाह्न प्रदर्शित रहेगा। रायपुर शहर से बसें दोपहर तीन बजे, चार बजे, पाँच बजे, शाम छह बजे, सात बजे, आठ बजे और रात्रि नौ बजे रवाना होंगी। इसी तरह तूता राज्योत्सव स्थल से रायपुर शहर वापसी के लिए यही बसें शाम चार बजे, पाँच बजे, छह बजे, सात बजे, आठ बजे, रात्रि नौ बजे और अंतिम बस रात्रि दस बजे रवाना होगी।

### बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक स्थगित

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अध्यक्ष बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में प्राधिकरण की शुक्रवार 08 नवम्बर 2024 को बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणो से स्थगित कर दी गई है।

### मुख्यमंत्री ने बलरामपुर सड़क दुर्घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलरामपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में मृतकों और उनके परिजनो के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होने जिला प्रशासन के अधिकारियों को दुर्घटना मे मृतको के परिजनों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने के साथ-साथ घायलों के उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। गौरलतब है कि बलरामपुर जिले के राजपुर-कुसमी मुख्य मार्ग मे ग्राम बुढ़ाबगीचा लडुआ के पास सड़क दुर्घटना मे 8 लोगों की मृत्यु हो गई है।

### श्रीनगर के संडे मार्केट में ग्रेनेड ब्लास्ट, 12 घायल

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में श्रीनगर के टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर के नजदीक संडे मार्केट में रविवार को ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ। इसमे 12 लोग घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद हमलावरों को पकड़ने के लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। घायलों की संख्या बढ़ सकती है। श्रीनगर मे पिछले 2 साल में यह दो दिन में लगातार दूसरी आतंकी वारदात है। 2 नवंबर को खान्यार इलाके में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। एक घर मे 2 से 3 आतंकी छिपे थे। सेना ने घर को बम से उड़ा दिया। इसमे एक पाकिस्तानी आतंकी मारा गया था। घटनास्थल से आतंकी की बॉडी और गोला-बारूद बरामद किए गए। हालांकि इस मुठभेड़ में 4 जवान भी घायल हुए थे। शनिवार को अनंतनाग मे भी सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियो को ढेर किया था। एक की पहचान जाहिद राशिद के रूप में हुई।

# सुशासन से छत्तीसगढ़ ने पकड़ी विकास की रफ्तार

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

इस राज्योत्सव पर छत्तीसगढ़ 24 वर्ष का हो गया। युवा छत्तीसगढ़ पिछले 10 महीने के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार में तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर हो चला है। सड़कों, रेल लाइनों समेत अधोसंरचना के क्षेत्र में राज्य ने बीते 24 वर्षो में निरंतर प्रगति की है। रायपुर एयरपोर्ट देश के तमाम बड़े शहरों से जुड़ गया है। जगदलपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर में हवाई सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। बस्तर और सरगुजा के आदिवासी बहुल क्षेत्रों तक सड़कों का जाल बिछ चुका है।

राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन का देश के आधुनिकतम रेलवे स्टेशनों में शुमार होने लगा है। गांव-गांव तक बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा चुकी हैं। राजधानी रायपुर शिक्षा का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। बस्तर में एनएमडीसी का स्टील प्लांट प्रारंभ हो चुका है। राज्य की कला, संस्कृति, वनोपज, हस्तशिल्प आदि की अंतरराष्ट्रीय पहचान बन चुकी है। आज से 24 साल पहले जब राज्य बना था, तब से लेकर साल भर पहले तक नक्सलवाद छत्तीसगढ़ की बड़ी समस्या थी। विष्णु देव साय की सरकार की कुशल रणनीति और प्रभावी कारर्वाई के चलते अब राज्य में नक्सल समस्या समाप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के साथ ही विष्णु सरकार ने जनहित में फैसले लेने और उसे अमल में लाने को लेकर एक्शन में आ गई थी। सरकार गठन के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप 18,12,743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। राज्य के 13 लाख किसानों को दो साल के धान का बकाया बोनस पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस, सुशासन दिवस के अवसर 25 दिसंबर 2023 को 3176 करोड़ रुपये जारी किया। मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से 3100 रुपये के दाम पर धान की खरीदी की। 25 लाख 75 हजार किसानों को धान का समर्थन मूल्य



32 हजार करोड़ रुपया तत्काल जारी किया और 12 जनवरी 2024 को 13,320 करोड़ रुपये की अंतर राशि का भुगतान भी कर दिया। खरीफ वर्ष 2023-24 में किसानों से रिकार्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी विष्णु देव साय की सरकार ने की। राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण की दर 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये की गई है। 12 लाख 50 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को इसका लाभ मिल रहा है। संग्राहकों को चरण पादुका वितरित करने की योजना भी लागू होने जा रही है। विष्णु सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए अंत्योदय के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर रखा है। प्रशासन में पारदर्शिता, आम जनता की सुनवाई, नारी, गरीब, किसान, युवा के लिए अवसरों के द्वार खोलने का काम इस सरकार ने किया है।

#### महतारी वंदन योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप राज्य की 70 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में प्रति माह 1000 रुपये अंतरित किए जा रहे हैं। 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में महतारी वंदन योजना का शुभारंभ किया गया था। इस योजना की 9 वीं किश्त हाल में यहां पहुंचीं राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मु ने जारी की। महिलाओं की उन्नति के लिए सरकार कई कार्यक्रम चला रही है। कांग्रेस की सरकार ने महिला समूहों से रेडी टू ईट का काम छीन लिया था। मुख्यमंत्री ने उन्हें दोबारा यह काम सौंप दिया है।

#### युवाओं की हितैषी सरकार

नई दिल्ली के ट्राइबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़कार 185 कही गई है। यूपीएससी की तैयारी करने वाले एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के युवाओं को इसका लाभ मिल रहा है। पुलिस विभाग सहित अन्य शासकीय विभागों में भर्ती की अधिकतम आयु सीमा में 31 दिसंबर 2028 तक 05 वर्ष की छूट का एलान किया गया है। राज्य में विभिन्न विभागों में 7 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। यूपीएससी की तर्ज पर पीएससी परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए यूपीएससी के पूर्व चेयरमेन प्रदीप कुमार जोशी की अध्यक्षता में आयोग का गठन किया गया है। उद्यम क्रांति योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी पर ब्याज मुक्त ऋण देने की व्यवस्था की गई है। आलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले राज्य के युवाओं को सरकार तीन करोड़ रुपये देगी। रजत जीतने पर दो करोड़ तथा कांस्य पदक विजेता को एक करोड़ रुपये मिलेंगे।

### मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

# नया रायपुर में आज से 6 नवम्बर तक राज्योत्सव का होगा भव्य आयोजन

» 6 नवम्बर को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राज्य अलंकरण एवं समापन समारोह में शामिल होंगे





**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी है। तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक राज्योत्सव स्थल, नया रायपुर अटल नगर में होगा। राज्योत्सव स्थल में मुख्य मंच से लेकर पूरे परिसर की साज-सज्जा का काम तेजी से कराया जा रहा है। शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग का प्रदशर्नी स्टॉल लगाए जाने की तैयारी में जुटे हैं।

राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 का उद्घाटन 4 नवम्बर को संध्या 6 बजे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्यपाल श्री रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में 5 नवम्बर को राज्योत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव का समापन 6 नवम्बर को उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे।

राज्योत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, दयाल दास बघेल, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एवं टंकराम वर्मा, नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, इन्द्र कुमार साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।



राज्योत्सव में ख्याति प्राप्त कलाकार रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। 4 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत संध्या 4.30 बजे से होगी। बालीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक शांतुन मुखर्जी (शानु) की प्रस्तुति रात्रि 7.45 बजे से होगी। इससे पूर्व श्री रिखी क्षत्रीय की टीम द्वारा 12 लोक नृत्य की झलकियां, मोहन चौहान एवं साथी द्वारा आदिवृंदम, सुनील सोनी एवं टीम द्वारा क्षेत्रीय नृत्य संगीत तथा श्री विद्या वर्चस्वी द्वारा नाम रामायण की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी तरह 5 नवम्बर को राज्योत्सव में संध्या 5 बजे से पुरानिक साहू द्वारा सांस्कृतिक लहर गंगा, सुरेन्द्र साहू, भोला यादव एवं साथियों द्वारा लोक धुन, मोहन नायडू एवं साथियों द्वारा द मून लाईट रागा, राजेश अवस्थी, सुश्री आरू साहू एवं सुश्री नीति मोहन की प्रस्तुति होगी। 6 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अनुराग शर्मा द्वारा अनुराग स्टार नाईट, मनोज प्रसाद द्वारा इंडियाज गॉट टैलेंट मल्लखंभ, सवि श्रीवास्तव द्वारा जादू बस्तर एवं पवनदीप एवं अरूनिता के पार्श्व गायन की प्रस्तुति होगी।

राज्योत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों द्वारा राज्योत्सव स्थल पर भव्य एवं आकर्षक प्रदशर्नी लगाई जाएगी। यहां शिल्प ग्राम बनाया जा रहा है, जहां छत्तीसगढ़ के विविध शिल्प प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। राज्योत्सव स्थल परिसर में शासकीय विभागों की प्रदशर्नी के लिए विशाल हैंगर (डोम) बनाए गए हैं। हैंगर-एक एवं दो में शासकीय विभागों के स्टॉल लगेंगे, जबकि हैंगर-तीन में वाणिज्यिक संस्थान अपने उत्पादों की प्रदशर्नी लगाएंगे। हैंगर-चार में पब्लिक सेक्टर के संस्थानों की प्रदशर्नी लगेगी। राज्योत्सव में शिल्प ग्राम, फूड कोर्ट और मीना बाजार आम लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र होंगे।



# राज्यपाल रमेन डेका को ब्रम्हकुमारी बहनों ने भाई दूज का टीका लगाया

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने मुलाकात कर उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और भाई दूज का टीका लगाकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। बहनों ने राज्यपाल को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर जापान एवं फिलिपींस में संचालित प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका ब्रम्हाकुमारी सुश्री रजनी दीदी, इंदौर केंद्र की संचालिका सुश्री हेमलता, रायपुर केंद्र की संचालिका सुश्री सविता बहन सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन मे अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती दर्शनिता बोरा ने सौजन्य भेट कर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। श्री डेका ने भी उनको दीपावली की शुभकामनाएं दी।

### चिंताओं से मुक्ति, आजीविका, घर के कार्यों और परिवार को मिला ज्यादा समय

# जल जीवन मिशन बदल रहा महिलाओं का जीवन

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

घर के आंगन में नल से गिर रही पानी की धार ने महिलाओं का जीवन ही बदल दिया है। जल जीवन मिशन महज हर घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना नहीं है। यह दूरस्थ अंचलों और गांवों में महिलाओं की दिनचर्या और जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है। गांवों में परंपरागत रूप से घर में पेयजल और अन्य जरूरतों के लिए पानी के इंतजाम का जिम्मा महिलाओं पर ही है। घर तक पानी की पहुंच न होने के कारण उन्हें हैंडपंपो, सार्वजनिक नलों, कुंओं या अन्य स्त्रोतों से रोज पूरे परिवार के लिए जल संकलन करना पड़ता है।




रोजाना का यह श्रमसाध्य और समयसाध्य काम बारिश तथा भीषण गर्मी के दिनों में दुष्कर हो जाता है। कई इलाकों में गर्मियों में जलस्त्रोतों के सुख जाने के कारण दूर-दूर से पानी लाने की मजबूरी रहती है। परिवार के लिए पानी की व्यवस्था हर दिन का संघर्ष बन जाता है। महिलाओं के दिन के कई घंटे इसी काम में निकल जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तक नल से जल पहुंचाने के सपने को पूरा करने का जल जीवन मिशन पेयजल के साथ ही महिलाओं को कई समस्याओं से निजात दिला रहा है। घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचने से वे कई चिंताओं से मुक्त हो गई हैं। अब रोज-रोज पानी के लिए बहुत सारा श्रम और समय नहीं लगाना पड़ता। इससे उन्हें घर के दूसरे कामों, बच्चों की परवरिश, खेती-बाड़ी एवं आजीविका के अन्य कार्यों के लिए अधिक समय मिल रहा है और वे इन कार्यों पर अपना ज्यादा ध्यान व समय दे पा रही हैं। बारहों महीने घर पर ही जलापूर्ति से लगातार बारिश तथा गर्मी के दिनों में पेयजल का संकट जल जीवन मिशन ने दूर कर दिया है। गमिर्यों में जलस्तर के नीचे चले जाने से तथा बरसात में लगातार बारिश से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। गुणवत्ताहीन पेयजल से पेट तथा निस्तारी के लिए खराब जल के उपयोग से त्वचा संबंधी रोगों का खतरा रहता है। जल जीवन मिशन ने सेहत के इन खतरों को भी दूर कर दिया है।

जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर में रोज प्रति व्यक्ति 55 लीटर जल की आपूर्ति की जा रही है। घर तक जल की सुलभ और पर्याप्त पहुंच से महिलाओं के किचन गार्डन (बाड़ी) के लिए भी पानी मिल रहा है। इसके लिए उन्हें अब अतिरिक्त समय और श्रम नहीं लगाना पड़ रहा। इस्तेमाल किए हुए जल का सदुपयोग करते हुए इससे वे अपनी बाड़ी में लगाए सब्जी-भाजी की सिंचाई कर रही हैं। उनका यह काम परिवार के सुपोषण का द्वार भी खोल रहा है।

छत्तीसगढ़ में हर घर में नल से जल पहुंचाने के जल जीवन मिशन का 79 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो गया है। राज्य के 39 लाख 63 हजार 700 घरों में पाइपलाइन से पेयजल पहुंच रहा है। मिशन की शुरूआत के बाद से अब तक करीब 36 लाख 44 हजार नए घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं। प्रदेश में 4142 ऐसे गांव हैं जहां के शत-प्रतिशत घरों में नल से पानी पहुंच रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 19 जिलों में 77 प्रतिशत से अधिक काम पूरे कर लिए गए हैं। हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए धमतरी जिले में मिशन का 98 प्रतिशत, रायपुर में 94 प्रतिशत, राजनांदगांव में 89 प्रतिशत, जांजगीर-चांपा में 88 प्रतिशत, दुर्ग और मुंगेली में 87 प्रतिशत, बालोद में 86 प्रतिशत तथा गरियाबंद और सक्ती में 85 प्रतिशत काम पूर्ण कर लिया गया है।

मिशन के तहत बेमेतरा में 84 प्रतिशत, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और बस्तर में 83 प्रतिशत, कबीरधाम और महासमुंद में 82 प्रतिशत, रायगढ़ में 81 प्रतिशत, कोंडागांव में 79 प्रतिशत, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 78 प्रतिशत तथा दंतेवाड़ा और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 77 प्रतिशत से अधिक काम पूर्ण हो चुके हैं।

### 24 साल बाद भारत घर में क्लीन स्वीपः न्यूजीलैंड ने 25 रन से जीता मुंबई टेस्ट



मुंबई। न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट में भारत को 25 रन से हरा दिया है। टीम ने इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है। कीवी टीम पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज जीती है। भारतीय टीम 24 साल बाद घर में क्लीन स्वीप हुई है। इससे पहले टीम इंडिया साल 2000 में 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में साउथ अफ्रीका के हाथों क्लीन स्वीप हुई थी। तीन या उससे ज्यादा टेस्ट मैचों की होम सीरीज में टीम इंडिया पहली बार क्लीन स्वीप हुई है। बेंगलुरु टेस्ट मैच में भारत को आठ विकेट से और पुणे टेस्ट मैच में 113 रनों से हार का सामना करना पड़ा था।

Scanned with OKEN Scanner

जांजगीर-चांपा जिला के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बिर्रा स्थित छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक का मामला

# ग्रामीण बैंक बिर्रा का प्रिंटर महीनों से खराब, जानकारी नहीं मिलने से खातादार परेशान

दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिर्रा के खाताधारकों को आयेदिन तरह-तरह के समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बैंक में जब से नए शाखा प्रबंधक आएं हैं तब से लचर व्यवस्था एवं शाखा प्रबंधक के रवैया से खाताधारक परेशान हैं। वहीं पिछले कई महीने से प्रिंटर खराब है। इसके बावजूद हमेशा लिंक फेल होने का बोर्ड लगाकर कैशियर बस स्टैंड तरफ घूमते फिरते नजर आते हैं। जिसके कारण खाता धारकों को बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिर्रा में खाताधारकों को अपने खाते की जानकारी नहीं मिल पा रही है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिला के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत आने वाले सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा में स्थित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के नये शाखा प्रबंधक जब से इस बैंक में आए हैं तब से उनके लचर व्यवस्था और उदासीनता एवं निम्न रवैया के कार्य प्रणाली के कारण कई महीनो से प्रिंटर खराब है। इसके बावजूद हमेशा बैंक में लिंग फेल होने की बोर्ड लगाकर कर बस स्टैंड के आसपास घूमते फिरते नजर आते हैं। जिसके कारण छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिर्रा के तकरीबन 10000 खाता धारकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाता धारकों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिर्रा के खाताधारकों को आयेदिन कभी सर्वर के नाम से तो कभी कैश और इसके बावजूद खाता को प्रिंट कराने में भारी परेशानी होती है। यहां प्रबंधक के लचर रवैया से खाताधारकों को काफी परेशान किया जा रहा है। वहीं पिछले कई महीने से प्रिंटर खराब होने से खाताधारकों को खाता बिना प्रिंट किये ही लौटना पड़ रहा है। वहीं नया खाता खुलवाने वाले खाताधारक को खाता नहीं मिल पा रहा है। जिससे खासे परेशान हैं। वहीं बैंक प्रबंधक का रवैया लचर व्यवस्था नजर आ रहा है। प्रिंटर को आजकल में सुधार करा लिया जायेगा कहकर लोगों को बेवजह घुमाया जा रहा है। सबसे ज्यादा स्कूली बच्चे और महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में काम करने वाले मजदूरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं प्रिंटर खराब होने से नए खाता खुलवाने वालों को भी पासबुक का वितरण न कर कोरे कागज में खाता नंबर लिखकर दिया जा रहा है। बैंक शाखा में प्रिंटर खराब होने से पासबुक नहीं मिल पा रहा है। इससे स्कूली बच्चों को भी परेशान होना पड़ रहा है। लोग दूर दराज गांवों से एंट्री कराने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिर्रा में आते हैं। लेकिन बैंक पहुंचने पर उन्हें प्रिंटर खराब होने की जानकारी मिलती है। इसके चलते उन्हें मायूस लौटना पड़ता है। तो वहीं इस संबंध में बैक मैनेजर का कहना है कि ऊपर आधिकारियों को अवगत कराया गया है वहां से टेक्नीशियन आने पर सुधार किया जायेगा।

बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिर्रा में खाता धारकों को पिछले कई महीनो से प्रिंटर खराब होने और हमेशा लिंग फेल होने के कारण बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाता धारकों ने जिले के मुख्या कलेक्टर महोदय से उचित व्यवस्था कराने की मांग करते हुए शाखा प्रबंधक को यहां से अन्यत्र हटाने की मांग भी किए हैं।

# अब अफसरों के मोबाइल पर बिफरे एचएमएस अध्यक्ष

दबंग दुनिया ◆ कोरबा

कोल इंडिया के पचासवें स्थापना दिवस के अवसर पर कोल इंडिया प्रबंधन ने अधिकारियों को तीस हजार से साठ हजार रुपए कीमत तक का मोबाइल उपहार स्वरूप देने का निर्णय लिया है। स्थापना दिवस पर निजी व सार्वजनिक कंपनिया अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को उत्साहित करने के लिए ऐसा करती रही हैं। परंतु इस बार कोल इंडिया प्रबंधन का यह निर्णय विवादों में आ गया है। विवाद का कारण है कोल इंडिया के विकास में बराबर योगदान देने वाले कर्मचारियों को उपहार न देकर केवल अधिकारियों को ही उपहार देना। इस आशय का पत्र कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के केंद्रीय अध्यक्ष एस ई सी एल रेशम लाल यादव ने निदेशक तकनीकी को लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने पिछले स्थापना दिवस में केवल अधिकारियों को ही पी आर पी, लैपटॉप, कंबल, चश्मे का एंबर्समेंट देने और ग्रेच्युटी देने में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच भेदभाव का जिक्र करते हुए कर्मचारियों को भी यथा उचित सम्मान एवं उपहार रूपी मोबाइल देने की मांग की है। पत्र में लिखा गया है कि कोल इंडिया लिमिटेड बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की 30 अक्टूबर को हुई बैठक में अधिकारियों को बतौर उपहार 30 हजार रुपए से 60 हजार रुपए तक का मोबाईल देने की घोषणा हुई है। स्थापना दिवस के अवसर पर केवल अधिकारियों को उपहार देने की घोषणा यह दर्शाती है कि कामगारों का कोल इंडिया के प्रगति में कोई योगदान नहीं है, इसलिए कामगारों के लिए कोई उपहार नहीं। पिछले वर्ष भी स्थापना दिवस के दिन अधिकारियों को उप हार में कंबल दिया गया था। अधिकारियों को पी.आर.पी. और लैपटॉप पहले से भी दिया जा रहा है, ऐसे ही चश्मा के रिम्बर्समेंट में भी अधिकारियों और कर्मचारियों में बहुत भेदभाव किया गया। अधिकारियों को चश्मा के लिए 20 हजार से 50 हजार रुपए तक का चश्मा, जबकि कर्मचारियों को सिर्फ 10 हजार का चश्मा का रिम्बर्समेंट देने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार कर्मचारियों के ग्रेज्युटी के भुगतान में भी बहुत भेदभाव किया गया। सेंट्रल गवर्नमेंट की स्कीम के अनुसार रिटायर केन्द्रीय कर्मचारियों को 20 लाख ग्रेज्युटी भुगतान 2016 से किया गया। कोल इंडिया के रिटायर अधिकारियों को 20 लाख रुपए ग्रेज्युटी भुगतान जनवरी 2017 से किया गया, जबकि उन्हें सिर्फ 10 लाख रुपए की ग्रेज्युटी भुगतान किया गया। कोल इंडिया प्रबंधन ने सेंट्रल गवर्नमेंट की ग्रेज्युटी स्कीम को तोड़-मरोड़ कर बांटा। एक ही कंपनी में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ग्रेज्युटी अलग-अलग भुगतान करना, यह कैसा नियम है। कोल इंडिया प्रबंधन के द्वारा कर्मचारियों के साथ हमेशा इस प्रकार के भेदभाव से मजदूरों में भारी आक्रोश है। दीपावली से पहले ठेका मजदूरों के बोनस भुगतान का एलाउंस होने के बाद भी अभी तक बोनस का भुगतान एसईसीएल में नहीं हो पाना, ठेका मजदूरों के साथ छलावा है।

# लैंको के शेष भू विस्थापितों को दी जाए नौकरी : फूलसिंह राठिया

दबंग दुनिया ◆ कोरबा



लैंको अमरकंटक पावर प्लांट के कई भूविस्थापितों को अब भी रोजगार नहीं मिला है। भूमि अधिग्रहण के समय नाबालिग भू स्वामी अब बालिग हो चुके हैं। जिन्हें नियमतः नौकरी मिलना चाहिए। जिसे लेकर रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने शेष भू विस्थापितों को नौकरी मुहैया कराने कलेक्टर को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने 1.10.2007 एवं 12.03.2008 पूनर्वास नीति के तहत 330 भू-विस्थापितों के स्थाई नौकरी के अनुबंध के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया है।

विधायक फूलसिंह राठिया ने पत्र में कहा है कि उरगा के ग्राम पताढ़ी स्थित लैंको अमरकंटक पावर प्लांट 300M2 के लिए वर्ष 2004-2005 में जमीन अधिग्रहण किया गया था। जमीन के बदले 330 भू-विस्थापितों को सन् 2007 में त्रिपक्षीय वार्ता कर बैठक में सर्व सहमति से सभी को स्थाई नौकरी देने का अनुबंध किया गया था। अनुबंध के समय कुछ भू-स्थापित नाबालिग थे, जो वर्तमान में बालिग हो चुके हैं और नौकरी के लिए पात्रता रखतें हैं। लैंको अमरकंटक पॉवर लिमिटेड पताढ़ी को अदानी पॉवर लिमिटेड के द्वारा अधिग्रहण किया गया है। बचे भू-विस्थापितों की नौकरी की जवाबदारी अदानी पॉवर लिमिटेड कोरबा की बनती है। अतः 330 में से बचे हुए पात्रता रखने वाले भू-विस्थापितों को स्थाई नौकरी मुहैया कराई जाए। इन भू विस्थापितों में क्रमशः सत्य विजय दिव्या, आशिष सोनवानी, मुकेश सोनवानी, उमेश सोनवानी, शैलेश सोनवानी, संजय श्रीवास, गोविन्द श्रीवास शामिल हैं, जिन्हें अविलम्ब स्थाई नौकरी उपलब्ध कराने की मांग विधायक फूलसिंह राठिया ने रखी है। श्री राठिया ने कलेक्टर कोरबा के सभा कक्ष में दिनांक 1.10.2007 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण, सहित लैंको अमरकंटक पॉवर लिमिटेड परियोजना से संबंधित जिला स्तरीय पूनर्वास समिति की बैठक दिनांक 12.03.2008 की कार्यवाही विवरण भी पत्र के साथ प्रेषित की है। ज्ञात रहे कि विधायक फूलसिंह राठिया लैंको के भू विस्थापितों की समस्याओं को लेकर हमेशा मुखर रहे हैं। उनके प्रयास से प्रभावितों और श्रमिकों की समस्याओं के निराकरण के साथ ही कई को नौकरी भी प्रदान की जा चुकी है। अब विधायक की पहल के बाद शेष भू विस्थापितों को भी शीघ्र नौकरी मिलने की उम्मीद है।

# भाई दूज पर की गई चित्रगुप्त की पूजा

■ बहनों ने भाईयों की लंबी आयु और सुख समृद्धि की कामना की

दबंग दुनिया ◆ कोरबा

हिंदू धर्म में व्रत और त्योहारों का खास महत्व माना गया है। हर त्यौहार का अपना कोई ना कोई महत्व है जिसकी वजह से उसे मनाया जाता है। रविवार को भाई दूज का त्यौहार मनाया गया। चित्रगुप्त पूजा भी की गई।बहनों ने भाईयों की लंबी आयु और सुख समृद्धि की कामना की। दीपावली के दो दिन बाद भाई दूज के मौके पर चित्रगुप्त पूजा नियम धर्म के साथ की जाती है।



चित्रगुप्त पूजा 3 नवंबर को मनाई गई। इस दिन यमराज और उनके सहायक और कर्मों का लेखा जोखा रखने वाले चित्रगुप्त की पूजन अर्चन की गई। ऐसा कहा जाता है कि जो चित्रगुप्त और यमराज की पूजन करता है उसे सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। वह अपने करियर में तरक्की और बुद्धि में वृद्धि की प्राप्ति करता है। पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 7:57 से लेकर दोपहर 12:04 तक रहा। दरअसल चित्रगुप्त देवताओं के लेखपाल के रूप में पहचाने जाते हैं और वही व्यक्ति के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं और इस समय में उनकी पूजन करना शुभ माना जाता है। चित्रगुप्त पूजा के मौके पर कलम और किताब की पूजन की है। जो लोग व्यापार करते हैं, वह इस दिन वही खाता और दवात की पूजन करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि अगर इस दिन कलम और किताब की पूजन की जाती है तो हमें देवता की सहायता मिलती है। इस दिन जो कलम पूजी जाती है वह सिद्ध हो जाती है।

# हुंकरा पहाड़ी के पास मिली युवक की अधजली लाश

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुंकरा पहाड़ी के पास एक अज्ञात युवक की अधजली लाश मिलने से क्षेत्र में फैल गई। बताया जा रहा कि कुछ ग्रामीण दिशा मैदान के लिए गए थे, तब उन्होंने देखा कि एक युवक की अधजली लाश पड़ी हुई है। इसके बाद उन्होंने गांव के सरपंच को फोन के माध्यम से सूचना दी। सरपंच ने मौका स्थल पर पहुंचकर कटघोरा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कटघोरा पुलिस ने मौके स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। लाश की पहचान नहीं हो पाई है। घटनास्थल पर एक जोड़ी चप्पल वा साइकिल मिली है। लोगों का कहना है कि कुछ युवक यहां रात्रि शराब पीने आए होंगे और आपसी विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया होगा। ऐसा लग रहा है कि युवक पर पेट्रोल छिडक कर जलाया गया है और जलाने के बाद लाश को उठाकर पहाड़ी के पीछे फेंक दिया गया होगा। फिलहाल कटघोरा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# 5 नवम्बर को हाई स्कूल मैदान जांजगीर में एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का होगा आयोजन



दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा

5 नवम्बर 2024 को जिला मुख्यालय के हाई स्कूल मैदान जांजगीर में राज्योत्सव के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, सीईओ जिला पंचायत गोकुल रावटे ने राज्योत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का अवलोकन किया। अपर कलेक्टर वैद्य ने पेयजल की व्यवस्था, साज-सज्जा, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पंडाल, मंच संचालन, आमंत्रण कार्ड, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है की एक दिवसीय राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। शासन के निदेर्शानुसार राज्योत्सव में शासकीय विभागो द्वारा योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए विभागीय स्टॉल, प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

# पर्व की खुशियां मातम में बदली, हादसे में युवक की मौत

**कोरबा।** जिले में सडक हादसों का दौर जारी है। हादसे में एक युवक की जान चली गई। युवक की मौत से परिवार की खुशियां मातम में बदल गई। दिवाली से पहले एक सडक हादसे में ग्रामीण की जान चली गई। मृतक का नाम राजेंद्र पटेल पिता दादूराम पटेल उम्र 20 वर्ष है, जो विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पोड़ी के कछारपारा का रहने वाला था। हादसा मंगलवार सुबह 10 बजे की बताई जा रही है। राजेंद्र ट्रैक्टर लेकर खेत की ओर जा रहा था तभी उसका ट्रैक्टर से संतुलन हट गया। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सडक से नीचे उतर गया। अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया। इसके इंजन के चारों चक्के उपर हो गए और ड्राइवर राजेंद्र नीचे दब गया। काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। उसकी मौत से परिवार में मातम पसरा है।

# डोंगाकोहरौद में काली पूजा महोत्सव की धूम



## आकर्षक झांकी के साथ चल रहा जसगीत गायन

दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा

डोंगाकोहरौद में काली पूजा महोत्सव की धूम मची है, जिसमें प्रतिदिन माता काली पूजन के साथ रात्री में आकर्षक झांकी के साथ जसगित का आयोजन हो रहा है। यह आयोजन गांव के गौटिया पारा मोहल्ला में 31 अक्टूबर को माता जी की स्थापना पूजा के साथ प्रारंभ हुआ है जो 04 नवंबर को विसर्जन के साथ समाप्त होगी। 01 अक्टूबर की रात्री स्थानीय कलाकारों द्वारा झांकी के साथ जसगीत गायन किया गया, दूसरे दिवस 2 अक्टूबर की रात्री लखाली जैजैपुर की बाल समाज जय मां शारदा जसगीत पार्टी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए दो हजार से अधिक महिला पुरुष मौजूद रहे। इस बीच दिन में रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन समिति द्वारा रखा गया था, जिसके प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रतिभागियों के साथ 21 अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष देवकुमार पाण्डेय, समिति के वरिष्ठ सदस्य सीताराम कौशिक, राजेंद्र कौशिक, होरिलाल कश्यप के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के भुनेश्वर कौशिक, लव कौशिक, रामावतार कश्यप, लक्ष्मी कश्यप, पंकज कौशिक, संजय कश्यप, ननकी दाऊ पटेल, विक्की कौशिक, योगेश कौशिक, मनोज कश्यप सहित मोहल्ले बासी जुटे हुए हैं, वहीं कार्यक्रम में गांव के सरपंच प्रतिनिधि शिवकुमार गोंड, उपसरपंच मनीष बंजारे, पत्रकार राजकुमार श्रीवास मौजूद रहे। मां काली पूजन में आचार्य पंडित रामगोपाल पाण्डेय व यजमान लक्ष्मीनारायण कौशिक हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन रामहरि कौशिक द्वारा किया जा रहा है।

# गौ सेवक के वाहन में तोड़फोड़, कार आगजनी

दबंग दुनिया ◆ कोरबा

अपने चारपहिया मालवाहक ऑटो वाहन से रोजी रोटी लिया व्यवसाय के साथ साथ गौ सेवा करने वाले गौ सेवक के वाहन में दीपावली की रात तोडफोड़ करते हुए आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है।

जिसकी रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत गेवरा बस्ती बरपाली मुहल्ले ने रहने वाले दीपक दास पिता मोहन दास ने कुसमुंडा थाने ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 10 एएच 6842 है। जिसको दो दिन से घर के सामने खड़ा कर रखा था। 31 अक्टूबर की रात्रि 8.30 बजे में पूजा करने घर के अंदर चला गया। पूजा करके करीब 9 बजे घर के बाहर आकर देखा तो किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चार पहिया वाहन में आग लगा दिया गया था और सामने वाले शीशा भी तोड दिया गया था। परिवार के सदस्यों से मिलकर वाहन में लगे आग को बुझाया गया। घटना की सूचना कुसमुंडा थाने में दी गई। जिस पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजी उत्तरबद्ध कर लिया गया है। साथ ही पुलिस आरोपी की पतासाजी में जुट गई है।

# विष्णु देव की सरकार में पूरे राज्य में बह रही विकास की गंगा : राजकुमार साहू

## सभापति ने किया अवरीद में सीसी निर्माण व नहर तटबंद कार्य का भूमिपूजन

दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा




जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अवरीद के भाठापारा में जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू द्वारा जिला पंचायत विकास निधी के तहत 2 लाख की लागत से सीसी रोड़ निर्माण एवं 2 लाख की लागत से नहर तटबंद कार्य का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा विधि विधान से पूजा-अर्चना कर श्रीफल तोड़ा गया। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सभापति राजकुमार साहू ने कहा कि ग्राम अवरीद के भाठापारा में सीसी रोड़ निर्माण हो जाने से भाठापारा रहवासियों को गांव के मेन रोड जाने अब किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। राजकुमार साहू ने आगे कहा कि जिस तरह आपके ग्राम पंचायत में विकास कार्य हो रहे है, उसी तरह प्रदेश में जब से विष्णु देव की सरकार बनी है पूरे राज्य में विकास की गंगा बहना शुरू हो गया हैं। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती सरोज साहू, सरपंच प्रतिनिधि यसवंत साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

# अलग-अलग सड़क हादसे में गई दो की जान

दबंग दुनिया ◆ कोरबा

जिले में सडक हादसों का क्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है। अलग-अलग घटना में दो लोगों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम विवेचना शुरू कर दी है। रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामला दीपका थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया बांधाखार नुनेरा के रहने वाले खिलेन्द्र चौबे तडके सुबह अपनी बाइक से दीपका जा रहे थे।इसी दौरान तिवरता कोसाबाड़ी के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आ गए।हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।कोरबा-चांपा हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन ने एक युवक को ठोकर मार दी। इससे युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। दूसरी दुर्घटना कोरबा-चांपा हाईवे पर बरपाली बस स्टैंड के पास शुक्रवार रात को हुई, जहां सडक से गुजर रहे बरपाली निवासी रमेश कैवर्त (26) को तेजरफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जिस जगह पर दुर्घटना हुई, वहां निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण वाहनों के आवाजाही के दौरान अक्सर धूल का गुबार उठता रहता है। इसकी वजह से वाहन नजर नहीं आते हैं। धूल का गुबार होने के दौरान रमेश कैवर्त के भी तेजरफ्तार वाहन की चपेट में आकर मृत होने की आशंका लोगों द्वारा जताई जा रही है।

# ठंड बढ़ने के साथ कम होने लगी बिजली की डिमांड

■ उत्पादन कंपनी की सभी इकाईयां चालू होने से राहत

दबंग दुनिया ◆ कोरबा

प्रदेश में बिजली की मांग को बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन कंपनी की प्रदेश में स्थित सभी इकाईयां चल रही हैं। इन इकाईयों से लगभग 1800 से 2000 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है जबकि घरेलू मांग की पूर्ति को बनाए रखने के लिए शेष बिजली सेंट्रल पोल से ली जा रही है। ठंड बढ़ने के कारण बिजली की डिमांड भी घट गई है।

बिजली वितरण कंपनी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि बिजली की मांग में कमी और वृद्धि मौसम पर काफी निर्भर करती है। नवंबर के महीने में जब प्रदेश के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है तब बिजली की मांग में कमी देखी जा रही है। इसके पीछे बड़ा कारण एसी, कूलर का इस्तेमाल कम होना है। तापमान गिरने से सामान्यतः लोग एसी का इस्तेमाल कम कर रहे हैं। कूलर चलाने की अवधि में भी कमी आई है। इस दिवाली में बिजली की खपत 1200 मेगावाट कम हो गई। दिवाली के दिन औद्योगिक कल-कारखानों के बंद होने और सरकारी दफ्तरों में अवकाश होने के कारण बिजली कम जली। वेस्टर्न ग्रिड लोड डिस्पैच सेंटर के मुताबिक दिवाली के दिन प्रदेश में बिजली की अधिकतम खपत 3859 मेगावाट दर्ज की गई, जो सामान्य दिनों की तुलना में 1000 से 1200 मेगावाट कम है। दिवाली से पहले प्रदेश में बिजली की खपत 4800 से 5000 मेगावट के बीच हो रही थी। रूप चौदस के दिन भी प्रदेश में बिजली की खपत लगभग 4800 मेगावाट हुई थी। इसके अगले दिन दिवाली थी। इस दिन कल-कारखाने बंद थे। इससे बिजली की खपत कम हो गई थी। हालांकि लोगों ने दीपोत्सव के दिन अपने घरों को सजाने के लिए लाइटों का बखूबी इस्तेमाल किया लेकिन इसमें बिजली की खपत बेहद कम होती है। शनिवार को इस मांग में थोड़ी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई और शनिवार की शाम 7 बजे खपत 4000 मेगावाट को पार कर गई। शनिवार को मौसम विभाग ने रायपुर का अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि एक दिन पहले शहर का अधिकतम तापमान 35.5 और न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री दर्ज किया गया था।



Scanned with OKEN Scanner

# घर के आंगन में नल से गिर रही पानी की धार, महिलाओं के जीवन में आया बदलाव

■ चिंताओं से मुक्ति, आजीविका, घर के कार्यों और परिवार को मिला ज्यादा समय

दबंग दुनिया ◆ रायपुर







घर के आंगन में नल से गिर रही पानी की धार ने महिलाओं का जीवन ही बदल दिया है। जल जीवन मिशन महज हर घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना नहीं है। यह दूरस्थ अंचलों और गांवों में महिलाओं की दिनचर्या और जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है। गांवों में परंपरागत रूप से घर में पेयजल और अन्य जरूरतों के लिए पानी के इंतजाम का जिम्मा महिलाओं पर ही है। घर तक पानी की पहुंच न होने के कारण उन्हें हैंडपंपो, सार्वजनिक नलों, कुंओं या अन्य स्त्रोतों से रोज पूरे परिवार के लिए जल संकलन करना पड़ता है। रोजाना का यह श्रमसाध्य और समयसाध्य काम बारिश तथा भीषण गर्मी के दिनों में दुष्कर हो जाता है। कई इलाकों में गर्मियों में जलस्त्रोतों के सूख जाने के कारण दूर-दूर से पानी लाने की मजबूरी रहती है। परिवार के लिए पानी की व्यवस्था हर दिन का संघर्ष बन जाता है। महिलाओं के दिन के कई घंटे इसी काम में निकल जाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तक नल से जल पहुंचाने के सपने को पूरा करने का जल जीवन मिशन पेयजल के साथ ही महिलाओं को कई समस्याओं से निजात दिला रहा है। घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचने से वे कई चिंताओं से मुक्त हो गई हैं। अब रोज-रोज पानी के लिए बहुत सारा श्रम और समय नहीं लगाना पड़ता। इससे उन्हें घर के दूसरे कामों, बच्चों की परवरिश, खेती-बाड़ी एवं आजीविका के अन्य कार्यों के लिए अधिक समय मिल रहा है और वे इन कार्यों पर अपना ज्यादा ध्यान व समय दे पा रही हैं। बारहों महीने घर पर ही जलापूर्ति से लगातार बारिश तथा गर्मी के दिनों में पेयजल का संकट जल जीवन मिशन ने दूर कर दिया है। गर्मियों में जलस्तर के नीचे चले जाने से तथा बरसात में लगातार बारिश से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। गुणवत्ताहीन पेयजल से पेट तथा निस्तारी के लिए खराब जल के उपयोग से त्वचा संबंधी रोगों का खतरा रहता है। जल जीवन मिशन ने सेहत के इन खतरों को भी दूर कर दिया है।

जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर में रोज प्रति व्यक्ति 55 लीटर जल की आपूर्ति की जा रही है। घर तक जल की सुलभ और पर्याप्त पहुंच से महिलाओं के 'किचन गार्डन' (बाड़ी) के लिए भी पानी मिल रहा है। इसके लिए उन्हें अब अतिरिक्त समय और श्रम नहीं लगाना पड़ रहा। इस्तेमाल किए हुए जल का सदुपयोग करते हुए इससे वे अपनी बाड़ी में लगाए सब्जी-भाजी की सिंचाई कर रही हैं। उनका यह काम परिवार के सुपोषण का द्वार भी खोल रहा है।

छत्तीसगढ़ में हर घर में नल से जल पहुंचाने के जल जीवन मिशन का 79 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो गया है। राज्य के 39 लाख 63 हजार 700 घरों में पाइपलाइन से पेयजल पहुंच रहा है। मिशन की शुरूआत के बाद से अब तक करीब 36 लाख 44 हजार नए घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं। प्रदेश में 4142 ऐसे गांव हैं जहां के शत-प्रतिशत घरों में नल से पानी पहुंच रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 19 जिलों में 77 प्रतिशत से अधिक काम पूरे कर लिए गए हैं। हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए धमतरी जिले में मिशन का 98 प्रतिशत, रायपुर में 94 प्रतिशत, राजनांदगांव में 89 प्रतिशत, जांजगीर-चांपा में 88 प्रतिशत, दुर्ग और मुंगेली में 87 प्रतिशत, बालोद में 86 प्रतिशत तथा गरियाबंद और सक्ती में 85 प्रतिशत काम पूर्ण कर लिया गया है।

मिशन के तहत बेमेतरा में 84 प्रतिशत, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और बस्तर में 83 प्रतिशत, कबीरधाम और महासमुंद में 82 प्रतिशत, रायगढ़ में 81 प्रतिशत, कोंडागांव में 79 प्रतिशत, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 78 प्रतिशत तथा दंतेवाड़ा और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 77 प्रतिशत से अधिक काम पूर्ण हो चुके हैं। खारे पानी, भू-जल में भारी तत्वों की मौजूदगी या जल स्तर के ज्यादा नीचे चले जाने की समस्या से जूझ रहे गांवों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए 71 मल्टी-विलेज योजनाओं का काम प्रगति पर है। इनके माध्यम से 3234 गांवों के दस लाख से अधिक घरों में पेयजल के लिए सतही (नदी) जल पहुंचाया जाएगा। जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए राज्य शासन द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के बजट में राज्यांश के रूप में 4500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## दामाखेड़ा आश्रम में हुए हमले पर कांग्रेस ने जताया रोष



दबंग दुनिया ◆ बीजापुर

बलौदाबाजार जिले के दामाखेड़ा स्थित कबीर पंथ के गुरु प्रकाश मुनि साहेब के आश्रम में शुक्रवार रात हुए हमले की निंदा करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर ने इसे विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार के विफलता का एक और उदाहरण बताया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रर्द्धन में रविवार को कांग्रेस भवन के सामने हुए धरना को संबोधित करते जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि डबल इंजन और रामराज्य के नाम के छलावे में बनी भाजपा सरकार में सतनाम और सत्यनाम के आदर्शों से जुड़ी इस पवित्र भूमि पर इस तरह की हिंसक घटना प्रदेश के लिए शर्मनाक है।

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। हर दूसरे-तीसरे दिन कोई न कोई बड़ी घटना हो रही है। उन्होंने गृह मंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। आज के एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्या नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, पार्षद प्रवीण डोंगरे, पार्षद कविता यादव, पार्षद ललिता झाड़ी, पार्षद लक्ष्मण कड़ती, मनोज अवलम, वेणुगोपाल राव, महिला कांग्रेस शेख रजिया बेगम, शहर अध्यक्ष संतोस गुप्ता, गिरधारी लाल राठी, संजना चौहान, श्यामू गुप्ता, शदाशिव राणा, रतन कश्यप, हीरा लाल मण्डावी, बलराम कोरसा, लालू देवांगन, राजा गुप्ता, इदरीश खान, जगदीश सेन, नवनीत नायड्ड, कुशल जुमार रहे मौजूद।

## जिला पंचायत सीईओ ने मतदाता जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



दबंग दुनिया ◆ रायपुर

दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाई। यह रथ दक्षिण विधानसभा के विभिन्न मार्गों में जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगी। इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे, जिला समन्वयक श्री के.एस. पटले, जिला परियोजना अधिकारी एवं स्वीप की सहायक नोडल अधिकारी डॉ कामिनी बावनकर, जिला सहायक परियोजना अधिकारी श्री चुन्नी लाल शर्मा उपस्थित थे।

## राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्रभारी प्राचार्य सेवक राम निषाद को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए विधायक आशाराम नेताम ने किया सम्मानित

दबंग दुनिया ◆ कांकेर



सरोना तहसील सरोना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामतारा में पतिभावन छात्र सम्मान समारोह पुस्तक विमोचन, न्योता भोज कार्यक्रम में लोकप्रिय विधायक आशाराम नेताम शामिल हुए।

विद्यालय के राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्रभारी प्राचार्य सेवक राम निषाद को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए विधायक आशाराम नेताम ने सम्मानित किया।इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की।कार्यक्रम में कई प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गय , जिन्होंने शिक्षा के प्रति अपने समर्पण और मेहनत का प्रदर्शन किया। विधायक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल छात्रों को प्रेरित करते हैं, बल्कि शिक्षकों के लिए भी प्रोत्साहन का स्रोत बनते हैं।इस कार्यक्रम ने विद्यालय में एक नई ऊर्जा का संचार किया और सभी को शिक्षा के महत्व का एहसास कराया। BWX अवसर पर जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू शिक्षक कमल रावल एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में मतदान एवं मतगणना के दौरान शुष्क अवधि घोषित

दबंग दुनिया ◆ कांकेर

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने महाराष्ट्र राज्य में होने वाले विधानसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर जिले के महाराष्ट्र राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र एवं 05 किलोमीटर तक की परिधि में मतदान तिथि 20 नवम्बर को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व एवं मतगणना तिथि 23 नवम्बर को शुष्क अवधि/शुष्क क्षेत्र घोषित करने का आदेश जारी किया है। चूंकि महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली विधानसभा क्षेत्र जिले की सीमा से लगी है, अतः कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त तिथियों में महाराष्ट्र राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र एवं 05 किलोमीटर क्षेत्र की परिधि में शुष्क क्षेत्र घोषित किया है। उक्त परिधि में जिले की किसी भी मदिरा दुकान को बंद नहीं करने, किन्तु चुनाव के दौरान मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक महाराष्ट्र राज्य से लगे सीमावर्ती क्षेत्र में 05 किलोमीटर तक की परिधि में शुष्क अवधि/शुष्क क्षेत्र घोषित किया गया है।

## ज़िला पंचायत सदस्य नीना ने बोरजे में वॉलीबॉल स्पर्धा का किया शुभारंभ



■ ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजन से बढ़ेगा युवाओं का आत्मविश्वास : नीना

दबंग दुनिया ◆ बीजापुर

ग्राम बोरजे मे पंचायत स्तरीय बॉलीबाल प्रतियोगिता बालिबाई कावरे के स्मृति मे चन्द्रक्का माता बॉलीबाल क्लब बोरजे-1 के तत्वाधान मे 3/10/2024 से 7/10/2024 तक पाँचदिवसीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज क्षेत्र की ज़िला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश कॉग्रेस कमेटी की महामंत्री नीना रावतिया उद्दे ने किया। कार्यक्रम की मुख्यतिथि नीना ने सर्वप्रथम स्वर्गीय बलीबाई कावरे जी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया तत्पश्चात प्रतियोगिता का पहला मैच के लिए पापनपाल व चेरपल्ली के खिलाड़ियों से रूबरू होकर रिबन काटकर टॉस कराया जिसमें चेरपाली की टीम ने टॉस जीतकर सर्विस लेने का निर्णय लिया। नीना रावटिया उद्दे ने अपने संबोधन में कहा कि बोरजे जैसे क्षेत्र में पहली बार बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करना क्षेत्र के लिए बहुत खुशी की बात है क्षेत्र के युवा वर्ग अब क्रिकेट के साथ साथ बॉलीवाल जैसे खेल को बढ़ावा दे रहे है ये आयोजित खेल का उद्धघाटन क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे जी के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत बोरजे के सरपंच रमेश यालम, उपसरपंच ब्रिज कावरे, आंगनपल्ली पाण्डु, जुमार पाण्डु , सुनील मड़े, राजेश माड़े, दिलीप माड़े, वेंकट अंगनपल्ली, राजू गंधरला के साथ साथ पापनपाल व चेरपल्ली टीम के खिलाडी व बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

## सम्मान समारोह एवं पुस्तक विमोचन किया गया

दबंग दुनिया ◆ कांकेर



शुक्रवार को शासकीय हाई स्कूल शामतरा में प्रति वर्ष प्रतिभावान छात्र- छात्राओं एवं राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार सम्मान से सम्मानित श्री सेवक राम निषाद व्याख्याता सह प्राचार्य शामतरा का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसके मुख्य अतिथि आदरणीय श्री आशाराम नेताम विधायक विधान सभा क्षेत्र कांकेर विशिष्ट अतिथि श्रीमती तारा ठाकुर जिला पंचायत सदस्य कांकेर,श्री संजू गोपाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नरहरपुर सभापति श्री गोपाल कश्यप अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय हाईस्कूल-शामतरा,श्री रामकिशोर शोरी सरपंच शामतरा एवं गाँव के गणमान्य नागरिक तथा संकुल केन्द्र शामतरा के शिक्षकगण उपस्थित थे। राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार सम्मान से सम्मानित श्री सेवक राम निषाद द्वारा रचित तृतीय पुस्तक गाँव तेरी याद में का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महोदय ने विद्यालय की उत्कृष्ट साज-सज्जा की भूरि- भूरि प्रशंसा करते हुए विद्यालय में तत्काल चारदीवारी बनाने की घोषणा किया। कार्यक्रम में स्वरूचि न्योता भोजन राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार सम्मान से सम्मानित श्री सेवक राम निषाद द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कुमारी कविता नेताम ने किया। अंत में आभार श्री मनोज कुमार जैन शैक्षिक समन्वयक ने किया।

# नक्सलियों ने धारदार हथियार से हमला कर दो जवान को किया घायल, घायलों से लुटे हथियार

### जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने घटना को दिया अंजाम

दबंग दुनिया ◆ सुकमा

रविवार को जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र जगरगुंडा में नक्सलियों ने बड़ी बारदात को अंजाम दिया है। जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा जवानों पर नक्सलियों ने अचानक हमला कर दिया। हमले में दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं नक्सलियों ने घायल जवानों से हथियार भी लूट लिया। घटना के बाद घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहा से घायलों को दंतेवाड़ा लाकर हेलीकॉप्टर की मदद से रायपुर रिफर किया गया।

जानकारी के अनुसार, यह घटना आज सुबह 08 बजे की बताई जा रही है। जब जगरगुडा साप्ताहिक बाजार में जवान ड्यूटी पर तैनात थे। साप्ताहिक बाजार में सुरक्षा ड्यूटी में तैनात जवानों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें दो जवान करटम देवा और सोड़ी कन्ना घायल हो गए हैं। घटना को अजाम देने के बाद नक्सली दोनों जवानों के पास रखे एसएलआर एवं एके-47 भी लूट लिए हैं। नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने इस हमले को अंजाम दिया है। इस हमले के बाद बाजार में अफरा तफरी मच गई और पुलिस ने इलाके को घेर लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार दो दर्जन से अधिक नक्सली ग्रामीण वेशभूषा में मौजूद थे जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। वहीं घटना को अंजाम देकर नक्सली दक्षिण पूर्व दिशा की ओर भागते नजर आए। घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। खबर प्रकाशन तक घायल जवानों की स्तिथि खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायल जवानों के नाम करतम देवा और सोढ़ी कन्ना हैं।



#### ग्रामीण वेशभूषा में पहुंचे थे नक्सली

मिली जानकारी अनुसार नक्सलियों की राजधानी कहे जाने वाले जगरगुंडा थाने से करीब 1 किमी दूर चिंतलनार मार्ग पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार में नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ग्रामीण वेशभूषा में बाजार पहुंचे स्मॉल एक्शन की टीम ने सुरक्षा में तैनात जवानों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। और उनके पास रखे हथियार को भी लूट कर ले गए।

घायल जवानों का जगरगंडा अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया। हालांकि दोनों जवान खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। घायल दोनों जवान मिलमपल्ली गांव के निवासी है। सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इलाके की सर्चिंग की जा रही है।

लगातार खुल रहे कैम्प से नक्सलियों के सिमटते आधार क्षेत्र से बौखलाए नक्सलियों ने क्षेत्र में दहशत फैलाने की नियत से लंबे समय के बाद साप्ताहिक बाजार की सुरक्षा में तैनात जवानों पर हमला किया है। बीते कुछ समय से नक्सली टारगेट किलिंग कर इलाके में दहशत फैलाने का काम कर रहे हैं। यह माओवादियों का सबसे पुराना ट्रेंड है। जिसमें नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम छोटे-छोटे घटनाओं को अंजाम देकर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं।

## राज्यपाल रमेन डेका से छत्तीसगढ़ विधान सभा के ओ.एस.डी सिसौदिया ने सौजन्य भेंट की



दबंग दुनिया ◆ रायपुर

राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के विशेष कर्त्तव्य अधिकारी (ओएसडी) श्री विक्रम सिसौदिया ने सपत्नीक सौजन्य भेंट कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी।

Scanned with OKEN Scanner

# जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम चिरपोटी हर घर नल जल ग्राम घोषित

## प्रधानमंत्री जी के हाथों दिल्ली में जल वाहिनी उर्वशी साहू को मिला प्रमाण पत्र

**दबंग दुनिया ♦ दुर्ग**

ग्राम चिरपोटी दुर्ग जिले के विकासखंड दुर्ग से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी में स्थित है। ग्राम चिरपोटी में जनसंख्या लगभग 1956 है, जिसमें कुल 450 परिवार है, लगभग 35 परिवार एसी, 55 परिवार एसटी एवं 360 परिवार ओबीसी है। ग्राम चिरपोटी में पेयजल की व्यवस्था के रूप में 15 हैंडपंप है जिसमें से सभी हैंडपंप संचालित है, परन्तु ग्रीष्मकाल के दिनों में अधिकतर हैंडपंप का जल स्तर निचे गिर जाने के कारण सूखे की स्तिथि उत्पन्न हो जाती थी। ग्रामवासी पेयजल के लिए ग्राम से बाहर हैंडपंप और कूपों से पेयजल की पूर्ति करते थे। इस प्रकार ग्रीष्मकाल में ग्राम की महिलाओं को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ता था।






पेयजल समस्या निदान हेतु जल जीवन मिशन के तहत कार्य की शुरूवात पेयजल की समस्या के समाधान हेतु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2019 में जल जीवन मिशन की घोषणा कर कार्य की शुरूवात की गई। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम चिरपोटी में सभी घरों को प्रधानमंत्री जी के इस योजना से जोड़ा गया। जल जीवन मिशन के आने के बाद हर घर नल से जल मिलने लगा। ग्रामवासी महिलाओं को इस योजना से मिल रही है राहत। ग्राम चिरपोटी दुर्ग विकासखंड का पहला गांव बना जिसमें जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण हुआ और ग्राम चिरपोटी हर घर जल ग्राम घोषित हुआ।

जल जीवन मिशन से महिलाओं का जीवन बदला, जल जीवन मिशन के आने से न केवल महिलाओं को राहत मिल रही है, उसके अलावा महिलाओं की छवि भी बदली है। महिलाए घर के साथ साथ समाज के कल्याण के लिए भी हाथ बटा रही है। जल जीवन मिशन से महिलाओं को पहचान मिल रहा है, वे जल वाहिनी के रूप में काम कर रही है, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण में भाग ले रही है।

निम्रिति चौहान उम्र लगभग 34 वर्ष एवं उनकी सहेली ग्राम चिरपोटी में जल वाहिनी है, उनका कहना है कि वर्ष 2017 में वो जब शादी होकर आई तब ग्राम चिरपोटी में पानी की बहुत समस्या थी, घर में पानी की पूर्ति के लिए उन्हें दूर कुवें से पानी लाना पड़ता था। तब नयी जगह नए लोग में उन्हें बहुत कठिनाइयों से जल भरकर लाना पड़ता था। अब जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर में ही नल लगने से बहुत सहारा मिला है। इसी प्रकार कुलेश्वरी साहू उम्र लगभग 28 वर्ष ग्राम चिरपोटी की निवासी है। एक गर्भवती महिला के लिए दूर से पानी लेकर आना कितने मुश्किल की बात है, कुलेश्वरी बताती है इस अवस्था में उनका स्वास्थ्य खराब होने के वजह से उनका छोटा बेटा उनकी मदद करता था। उनका पूरा परिवार जल जीवन मिशन के आने से खुश है। उर्वशी साहू उम्र लगभग 50 वर्ष ग्राम चिरपोटी की निवासी है। गृहणी के साथ-साथ जल वाहिनी भी है। वे कहती है जल जीवन मिशन के साथ जुड़ने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ गया है, पहले घर पर ही रह के काम करती थी अब वो प्रशिक्षण में भाग लेती है, यह ही नहीं बल्कि एक सक्रिय महिला के रूप में काम करने की वजह से उन्हें दिल्ली भेजा गया था माननीय प्रधानमंत्री जी से समारोह में उन्हें प्रमाणपत्र भी मिला है।

# गौवंश के प्रति श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का पर्व है गोवर्धन पूजा : बजाज



**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा पर अपने निवास में विधिवत पूजा अर्चना करके गायों को खिचड़ी खिलाई। उन्होंने कहा कि यह गौवंश के प्रति श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का पर्व है। बजाज ने कहा कि सनातन धर्म में प्रत्येक पर्व के पीछे प्रकृति के प्रति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य होता है। उन्होंने अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा की बधाई देते हुए लोगों से इस पावन पर्व को शांति व सदभाव से मनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर गायों को सोहई बांधकर यादव समाज ने परंपरा का निर्वाह किया।

# सभी युवा हमेशा लक्ष्य पर अपना ध्यान रखें : कलेक्टर

**दबंग दुनिया ♦ सारंगढ़-बिलाईगढ़**

शासकीय लोचन प्रसाद पांडेय महाविद्यालय सारंगढ़ द्वारा आयोजित एनएसएस कैंप के मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू शामिल हुए। एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के छठवें दिवस पर कार्यक्रम की शुरूआत माता सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। उनमें ऊर्जा भरपूर रूप से संचित रहता है। उन्हें कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए क्योंकि उनमें किसी भी कार्य को करने की अपार क्षमता होती है। सभी युवा लक्ष्य पर अपना ध्यान हमेशा रखें। उन्होंने कहा कि वे भी एनएसएस के छात्र हुआ करते थे एवं एनएसएस में जुड़ने से छात्रों के व्यक्तित्व विकास एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। कलेक्टर ने पीपरदा के सात दिवसीय शिविर में छात्रों के सेवा कार्य की सराहना की। रासेयो ईकाई द्वारा चलाए जा रही नशा मुक्ति अभियान की प्रशंसा की और ग्राम पीपरदा में नशा मुक्त को शत प्रतिशत करने के लिये आह्वान किया। कलेक्टर ने कहा कि स्वयंसेवक छात्रों के द्वारा चलाए सात दिवसीय विशेष शिविर से गांववासी भी स्वच्छता के लिए जागरूक हुए है।



कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ डी आर लहरे, संपादक गोल्डी नायक, समस्त ग्रामवासी, एल.एस.पटेल (कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला संगठक), सहसराम साहू (कार्यक्रम अधिकारी श्रीराम महिला महाविद्यालय सारंगढ़), पी के शर्मा, यू आर पटेल, विद्याधर प्रधान, एनएसएस अध्यक्ष देवसागर गुरु, स्वयंसेवक राज लहरे, विनोद खांडे, जितेंद्र साहू, नीरज चौहान, खिलेश, हर्ष, मधु, तोषकुमारी सहित अन्य एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# स्काउट्स गाइड्स ने जरूरतमंद परिवार के घर दिवाली की खुशियां बिखेरी

**दबंग दुनिया ♦ कोरबा**

स्काउट प्रार्थना में उल्लेखित हमारा कर्म हो सेवा, हमार धर्म हो सेवा ..., इन पंक्तियों को हाई स्कूल बुंदेली के स्काउट्स गाइडस ने सार्थक किया है। दीपावली पर्व पर एक जरूरतमंद परिवार के कच्चे घर की न केवल रंगाई- पुताई की गई बल्कि रंगोली से आंगन को सजाते हुए दीपों से उजाला बिखेरते हुए दामन को खुशियों से भर दिया।

ग्राम पंचायत बुंदेली में संचालित शासकीय हाई स्कूल की स्काउट, गाइड इकाई प्रत्येक वर्ष जरूरतमंद परिवार में खुशियां बिखेरने का काम करती है। ग्राम बुंदेली निवासी बसंत आदिले एवं उनकी पत्नी अंजू रोजी- मजदूरी कर परिवार का किसी तरह पालन पोषण करते हैं। काम के लिए वे दूसरे राज्यों में भी प्रवास करते हैं। आदिले दंपति की दो पुत्रियां हैं। बड़ी बेटी मीनाक्षी शासकीय हाई स्कूल की कक्षा 9वीं में अध्ययनरत है। जबकि छोटी बेटी कुपोषण का शिकार हो जाने के कारण अस्वस्थ है। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। इस वजह से वे कोई भी त्योहार बेहतर तरीके से नहीं मना पाते हैं। शासकीय हाई स्कूल, बुंदेली की प्राचार्य अनिता ओहरी के मार्गदर्शन और गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य के नेतृत्व में स्काउट्स, गाइड्स ने इस दिवाली पर आदिले परिवार में खुशियां लाने की ठानी। लिहाजा पूरी इकाई एकजुट हुई स्कार्फ लगाया और दिवाली के एक दिन पूर्व आदिले परिवार के यहां दस्तक दी। सभी ने मिलकर घर- आंगन और आस-पास की साफ सफाई की। फिर मिट्टी से बने शेड वाले कच्चे मकान की रंगाई- पुताई कर उसे चकाचक कर दिया। दिवाली के दिन स्काउट गाइड की पूरी टीम फिर से पहुंची और घर- आंगन को दीये की रोशनी से जगमग करते हुए आदिले परिवार को मिठाई खिलाई। सभी ने साथ मिलकर प्रदूषण रहित पटाखे छोड़े और दीपावली उत्सव का आनंद उठाया। इस दौरान गाइड्स ने सुआ नृत्य की प्रस्तुति भी दी।



**इन स्काउट्स, गाइड्स ने सेवा कार्य किया :** गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य के नेतृत्व में भगत सिंह ट्रूप के स्काउट्स जयप्रताप, विवेक कुमार दिवाकर, शुभम बघेल, स्वतंत्र कुमार आदिले, सुजल धिरहे, जयपाल, कुनाल दिवाकर, शिवम रात्रे तथा मदर टेरेसा कंपनी की गाइड्स सुकेसनी, अदिति डहरिया, सुहानी कुर्रे, नेहा बघेल, श्रेया रात्रे, मीनाक्षी, रिया आदिले, सुप्रिया साहू, निधि दिवाकर ने सेवा कार्य किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले के 2056 परिवार होंगे लाभान्वित

**दबंग दुनिया ♦ दुर्ग**

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 2056 परिवार लाभान्वित होंगे। हितग्राही दीवाली के दिन गृह प्रवेश उत्सव मनायेंगे। जिले के विकासखंड दुर्ग में 165, धमधा में 1240 व पाटन में 621 परिवारों को योजना के तहत आवास मिलेगा। हितग्राही अपने खुद के पक्के मकान में प्रवेश करने के लिए काफी उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) पूरे छत्तीसगढ़ में लाखों लोगों को किफायती आवास प्रदान करने में सहायक रही है। यहां एक लाभार्थी की विशिष्ट सफलता की कहानी बतायी जा रही है। दुर्ग जिले के जनपद पंचायत दुर्ग के एक छोटे से गांव कोड़िया के हितग्राही श्री डोमार साहू पिता श्री प्रेम साहू और उनके परिवार का आवास कुछ साल पहले तक वे एक जीर्ण-शीर्ण मिट्टी के घर में रहते थे, जिसके तत्वों से बहुत कम सुरक्षा होती थी और बरसात के दिनों में छत से पानी रिसाव होता था, जिससे परिवार को बहुत संघर्ष का सामना करना पड़ता था। श्री डोमार साहू जीवनयापन के लिए दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करता था और अपने परिवार के लिए उचित घर जुटाने के लिए संघर्ष करता था। जब डोमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में सुना तो उन्होंने आवेदन करने का फैसला किया।



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता से डोमार साहू अपने परिवार के लिए एक पक्का घर बनाने में सक्षम हुआ। नए घर में उचित दीवारें थीं, एक छत थी जो टपकती नहीं थी, और बिजली और पानी के कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाएं थीं। इससे न केवल उनकी जीवन स्थितियों में सुधार हुआ बल्कि उन्हें सुरक्षा और सम्मान की भावना भी मिली। अब आज हितग्राही दीवाली में गृह प्रवेश कर रहा है। डोमार को अब मानसून के मौसम या कठोर सर्दियों के दौरान अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता नहीं है, उनके बच्चों के पास पढ़ने के लिए एक आरामदायक जगह है और वह अपर्याप्त आवास के निरंतर बोझ के बिना उनके भविष्य को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। डोमार की कहानी इस बात के कई उदाहरणों में से एक है कि कैसे प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) पूरे जिले में लोगों के जीवन को बदल रही है, उन्हें एक अच्छा घर का निर्माण करने और अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य हमें पक्का आवास के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ा और बरसों का सपना पूरा हुआ। प्रधानमंत्री आवास बनने से हमारे जीवन में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव आया है। इस सुविधा से न केवल उनकी दैनिक गतिविधियां आसान हुई हैं बल्कि यह उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और स्वच्छता की दृष्टि से एक सकारात्मक सोच का बदलाव आया है।

# डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार से किसान खेमराज व शिवकुमार होंगे सम्मानित

**दबंग दुनिया ♦ सारंगढ़-बिलाईगढ़**

राज्योत्सव 2024 में डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए सारंगढ बिलाईगढ जिले के किसान खेमराज पटेल और कबीरधाम जिले के शिवकुमार चंद्रवंशी का चयन सर्वोत्कृष्ट कृषक के रूप में किया गया है। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने खेमराज पटेल ग्राम गंधराचुंवा, विकासखण्ड- सारंगढ़ को डॉ खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार 2024 हेतु चयन किए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर यह पुरस्कार राजधानी रायपुर में आयोजित राज्योत्सव 2024 के दौरान कृषक को प्रदान किया जायेगा जो कि जिले के लिए बहुत ही गौरव की बात है। कृषक खेमराज पटेल ग्राम गंधराचुंवा विकासखण्ड सारंगढ़ के निवासी हैं। उनके जीविकोर्पाजन का मुख्य साधन कृषि है। खेमराज पटेल शुरू से ही नवाचारी एवं दृढ़संकल्पी कृषक रहें हैं। उनके द्वारा समय-समय पर कृषि वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारी द्वारा दिये गये सलाह एवं तकनीकियों को अपनाते हुए वर्तमान में 6.158 हे. से समन्वित (फसलोत्पादन, उद्यानिकी, मछलीपालन, पशुपालन (गाय, बकरी एवं मुर्गी)) कृषि कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सारंगढ़ अंचल के किसान विजय यादव को वर्ष 2009, रामगोपाल साहू केड़ार को 2014, डेढ़राज चन्द्रा, गाताड़ीह को 2014, लक्ष्मण कुमार पटेल कंचनपुर को 2016, खीरसागर पटेल मानिकपुर को 2019, मुकेश चौधरी नवापाली को 2021 में डॉ खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार से अलंकृत किया जा चुका है।

**लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार :** जांजगीर-चांपा। लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार है। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में जिला पुलिस जांजगीर द्वारा फरार वारंटियों की लगातार पतासाजी की जा रही है। इसी क्रम में फरार स्थाई वारंटी विशाल सूर्यवंशी निवासी खोखरा थाना जांजगीर को मुखबिर सूचना पर उसके सकुनत से पकड़ा जिसका स्थाई वारंट तामील कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी एवं थाना जांजगीर स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# विधायक ईश्वर साहू नवीन पंचायत भवन का किया लोकार्पण

**दबंग दुनिया ♦ साजा**

साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत फुंडा बोरी में नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे साजा विधायक ईश्वर साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूवात कार्यक्रम उपस्थित अतिथियों का श्री फल और शाल भेटकर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू के हाथो फीता काटकर नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव में भी इन सभी विकास कार्यों और जनता की सुविधाओं एवं अपने वादों को जिस प्रकार भाजपा सरकार ने निभाया है एवं प्रदेश के युवा, महिला, किसान, तथा अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। उससे हमें पूर्ण विश्वास है कि नगरीय निकाय व जिला पंचायत चुनावों में भाजपा प्रचंड विजय हासिल करेगी। जनता के मन में भी इसके प्रति विश्वास अभी से देखा जा रहा है, कि भाजपा जो कहती है वह करती है।



महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता, किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस का भुगतान, 3100 रुपए में धान खरीदी, युवाओं के लिए रोजगार तथा शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को 46% से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करके माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हर व्यक्ति एवं वर्ग की आकाँक्षाओं को पूरा करने का काम किया है। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति माया बेलचंदन, जिला सदस्य जितेंद्र साहू, जिला मंत्री पवन शर्मा, मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, संजय कश्यप, भोमराज जैन, जोहन वर्मा महामंत्री, सूरज देशमुख, अरविंद पटेल, एवं समस्त बोरी मंडल के भाजपा कार्यकर्ता गण ग्रामवासी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही: दोकड़ा का चिकित्सा अधिकारी निलंबित

**दबंग दुनिया ♦ जशपुर**

कलेक्टर रोहित व्यास ने शनिवार को कांसाबेल विकास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दोकडा. का आकस्मिक निरीक्षण किया और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार भगत को अनुपस्थिति पाए जाने और स्वास्थ्य केंद्र में लोगों स्वास्थ्य सुविधाएं में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर केन्द्र में उपस्थित होने के लिए कहा है। लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने दोकडा. के सरपंच बलराम भगत और गांव वालों को श्रम दान करने अपने गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुन्दर और सुघ्घर बनाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि आपके गांव के स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन को साफ सुथरा रखना आपकी जिम्मेदारी है।



कलेक्टर ने सभी गांव वालों को आगामी शनिवार तक स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ मिलकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को श्रमदान करके साफ सुथरा करने के लिए कहा है।

कलेक्टर ने परिसर के सेप्टिक टैंक में ढक्कन लगवाने के निर्देश दिए हैं। परिसर में पेड़ पौधे लगाने के लिए कहा है। स्वास्थ्य केंद्र के बेसीन में पानी की समस्या का सामाधान करने के निर्देश दिए हैं। और मरीजों के लिए पर्याप्त दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में घर पर प्रसव न होने पाए इसका भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने मेडिकल अधिकारी को अपने क्षेत्र के तीन स्वास्थ्य केंद्र बगिया,बटाईकेला और दोकडा. क्षेत्र का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने गांव वालों की मांग पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दोकडा. में पोस्टमार्टम करने के लिए सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। या आस पास चिकित्सकों को तत्काल सूचना देकर व्यवस्था बनाने के लिए कहा है। कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दोकड़ा के अंदर और बाहर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में कोई शराब सेवन करके हंगामा करेगा या शासकीय कार्य में बांधा डालेगा उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कितने प्रकार का मरीजों का टेस्ट किया जा रहा है। और कितने प्रकार का नहीं किया जा रहा है। टेस्ट मशीनों के साथ अन्य उपकरणों के चालू हालत की जानकारी मांगी है। उन्होंने मरीजों के लिए सारी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मरीजों को मेन्यू चार्ट के अनुसार भोजन देने के लिए कहा है। और मेन्यू का चार्ट लगाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र के प्रयोगशाला, महिला और पुरुष वार्ड , दवा वितरण कक्ष ,शौचालय, सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में चौकीदार रखने और एक फार्मासिस्ट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए और स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए कहा है।

Scanned with OKEN Scanner



# बिजी गर्ल्स के लिए ये हेयर स्टाइल्स

कॉलेज या ऑफिस जल्दी पहुंचने की सुबह की भागदौड़ में अच्छी हेयरस्टाइल बनाने के लिए कम से कम 10-15 मिनट तो लगते ही है। और सुबह की भागदौड़ में इसे बनाना पॉसिबल नहीं होता। तो हम झटपट से बनने वाली खूबसूरत हेयरस्टाइल के बारे में जानेंगे। हर लड़की चाहती है कि वह कम समय में तैयार हो जाए और उसका अच्छा-सा हेयर स्टाइल बन जाए। लेकिन अच्छी हेयरस्टाइल बनाने में तो बहुत ज्यादा वक्त लगता है। कुछ ऐसा ही आप भी सोचती हैं ना, तो इस बार हम आपके लिए कुछ ऐसे हेयर स्टाइल लेकर आए हैं, जो ऑफिस और कॉलेज दोनों के लिए एकदम परफेक्ट रहेंगे।

## फिशटेल

अगर आप बाल खोलना नहीं चाहती तो फिशटेल हेयर स्टाइल आपके लिए बेस्ट रहेगी। यह हेयर स्टाइल दिखने में काफी स्टाइलिश लगती है। आप इस हेयर स्टाइल के साथ कोई भी ड्रेस पहन सकती हैं, चाहे वो वेस्टर्न हो या फिर इंडियन।

## हाफ क्राउन ब्रेड



इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे पहले दोनों साइड से ब्रेड बनाएं और पीछे की तरफ एक जगह पिनअप कर लें। इस हेयर स्टाइल को भी आप इंडियन या वेस्टर्न वेयर दोनों के साथ कैरी कर सकती है।

## लो पोनीटेल

ऑफिस या कॉलेज जाते समय हेयर स्टाइल के लिए अगर अधिक समय नहीं है तो आप सिंपल लो पोनीटेल करके भी क्लासी लुक पा सकती हैं। लो पोनी करके आगे की तरफ लटें निकालकर हाथों से बालों को थोड़ा ढीला कर लें। इसके साथ मिडी या फॉर्मल वन पीस पहन सकती हैं।

## खुले बाल

अगर आप बालों को बांधना नहीं चाहती हैं तो आप बालों को खुला रखकर सिंपल और क्लासी दिख सकती हैं। ओपन हेयर हर तरह के आउटफिट्स पर जंचती है। इसके साथ मिनिमल मेकअप ट्राई करें।

## हाई पोनीटेल

बालों को खुला छोड़ने की जगह उसकी पोनीटेल करके बालों की कुछ लटों को खुला छोड़ सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को इंडो-वेस्टर्न ड्रेस के साथ कैरी करें।

## बन



अगर आप साड़ी, कुर्ता या किसी तरह की ड्रेस कैरी कर रही हैं तो आप बालों की पीछे की तरफ बांधकर हाई या लो बन बना लें। इसके साथ न्यूड लिप कलर लगाकर हॉट लुक पा सकती हैं।

---

**घर के मेकओवर के लिए टिप्स**

कम खर्च में घर को नया रूप देना है तो कुशन की मदद लें। कैसे चुनें कुशन और कैसे करें इसकी स्टाइलिंग। इंटीरियर एक्पर्ट विनीता दुबे का मानना है कुछ नया अपनाने, कुछ नया आजमाने का मन तो हम सबका करता है। कभी हम खुद को नया रूप देना चाहते हैं तो कभी अपने घर को। पर घर के मेकओवर की बात आते ही बिगड़ता बजट, महंगे समान और बहुत ज्यादा खर्च जैसी बातें मन में आने लगती हैं। लेकिन अगर हम आपसे कहें कि आप कम खर्च में और सिर्फ एक एक्सेसरीज पर ध्यान देकर भी अपने घर का मेकओवर कर सकती हैं तो? ऐसा संभव है और वह भी सिर्फ कुशन की मदद से। कुशन पलक झपकते ही घर को एक नया रूप दे सकता है, पर इसके लिए आपको यह मालूम होना चाहिए कि घर के इंटीरियर को निखारने में कुशन का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है।

# घर को दें नया लुक, कुशन का करें यूं इस्तेमाल

अगर आप बड़े कुशन की मदद से अपने सोफा को सजाना चाहती हैं तो इसके लिए एक नियम हमेशा याद रखें। आपके सोफे की क्षमता जितनी है, उस पर हमेशा उससे एक ज्यादा कुशन रखें। मसलन, अगर सोफा टू-सीटर है, तो उस पर हमेशा तीन बड़े-बड़े कुशन रखें। अगर आप छोटे कुशन का इस्तेमाल कर रही है तो कुशन की संख्या बढ़ा सकती हैं, पर ध्यान रखें कि इससे सोफा पर बैठने में परेशानी होगी। इस बात को भी हमेशा ध्यान में रखें कि सोफा पर खराब क्वालिटी के ढेर सारे कुशन इकट्ठा करने से बेहतर है कि वहां कम, लेकिन बहुत अच्छी क्वालिटी के कुशन रखे जाएं।

## आकार रखता है मायने



घर की सजावट के लिए कुशन का इस्तेमाल करते वक्त आकार काफी मायने रखता है। कुशन की खरीदारी करते वक्त हमेशा इस बात को ध्यान में रखें कि उसे आप कहां रखने वाली हैं और फिर उसी के अनुरूप कुशन चुनें। मसलन, बेड या सोफा अगर बड़े आकार का है तो वहां बड़ा कुशन अच्छा लगेगा, पर छोटे आकार के सोफा या बेड पर वह कतई अच्छा नहीं लगेगा। तीन सीट वाले सोफा पर अमूमन 20X20 सेंटीमीटर आकार का कुशन अच्छा लगता है। पर इसका मतलब यह नहीं है कि आप कुशन के आकार के साथ प्रयोग नहीं कर सकतीं।



## एक्सपेरिमेंट करें जमकर

बाजार में तरह-तरह के आकार वाले कुशन उपलब्ध हैं। बस उनकी खरीदारी से पहले आपको थोड़ी-बहुत रिसर्च करने की जरूरत पड़ेगी। आप तरह-तरह के आकार वाले कुशन को एक साथ सजाकर अपने घर को एक बिल्कुल नया आयाम दे सकती हैं। कुशन से घर को सजाते वक्त खुद पर किसी तरह की रोक नहीं लगाएं, बल्कि खरीदारी करते वक्त दुकान में ही अलग-अलग आकार के कुशन को एक साथ सजाकर देख लें। गोल, आयताकार या चौकोर... जिस आकार का भी कुशन पसंद आए उसे घर ले आएं। इन्हें सजाते वक्त इस बात को हमेशा ध्यान में रखें कि बड़े आकार के कुशन को आपको पीछे की ओर और छोटे आकार के कुशन को आगे की ओर रखना है।

## टेक्सचर और पैटर्न की बातें

प्रसिद्ध इंटीरियर डिजाइनर नमिता गोस्वामी का कहना है कि, बाजार में अनगिनत प्रिंट, पैटर्न और टेक्सचर में कुशन उपलब्ध हैं। अगर आप थोड़ा वक्त लगाकर खरीदारी करें तो आपको अपने पसंदीदा कुशन आसानी से मिल जाएंगे। बस आपको तरह-तरह के प्रिंट जैसे स्ट्राइप्स, फूल, छोटे-छोटे गोले आदि वाले प्रिंट के बीच सही मिक्स-एंड-मैच करना सीखना होगा। इस तरह का चुनाव करते वक्त इस बात को भी ध्यान में रखें कि आपके सभी कुशन के बीच कोई एक रंग कॉमन जरूर हो। प्रिंट भले ही अलग-अलग हों, पर कोई एक रंग ऐसा हो, जो उन सारे प्रिंट को साथ जोड़ने का काम करता हो।



## और यूं दें फिनिशिंग टच

दबे और चपटे-से कुशन देखने में बिल्कुल अच्छे नहीं लगते, फिर चाहे आपने रंग और पैटर्न के मामले में कितना भी ज्यादा प्रयोग क्यों न किया हो। अब सवाल है कि ऐसे क्या किया जाए? अपने कुशन को सजाते वक्त बीच से हल्का-सा दबा दें। इससे सारे कुशन थोड़े-थोड़े फूले हुए से और अच्छे दिखेंगे। इस तरकीब की मदद से सिर्फ कुशन ही नहीं, बल्कि आपका घर भी ज्यादा अच्छा दिखेगा।

---

**कसे हुए मोजे पहनने से पैरों में आती है सूजन**

# अगर आप इस तरह से पहनते हैं मोजे तो हो सकती है ये बीमारी

मोजा पहनना आपके लिए लाभदायक तो होता है लेकिन अगर आप कसे हुए मोजे पहन रहे हैं तो सावधान हो जाइए। यहां जाने कसे हुए मोजे कैसे आपको कई बीमरियां मुफ्त में दे देंगे। अगर आप इस तरह से मोजे पहनते हैं तो आपको ये बीमारी हो सकती है। ऑफिस से लेकर सुबह जॉगिंग तक में मोजे का इस्तेमाल किया जाता है। कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो कसे हुए मोजे को पहनना पसंद करते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं, तो सावधान हो जाइए क्योंकि यह आपकी सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक है। दरअसल कसे हुए मोजे से न केवल आपके पैरों की त्वचा पर निशान पड़ते हैं बल्कि यह आपके ब्लड प्रेशर को भी बहुत बुरी तरह प्रभावित करते हैं। नीचे जानें कसे हुए मोजे से आप कैसे बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।



## ब्लड सकुर्लेशन में पड़ता है रुकाव

कसे हुए मोजे पहनने से पैरों के ब्लड सकुर्लेशन में रुकावट आती है। मोजे के कारण पैरों की त्वचा पर दबाव बना रहता है। जिसके कारण ब्लड पैरों के नीचे तक नहीं पहुंचता है। यह पैरों को न केवल ठंडा कर देगा, बल्कि कुछ दिनों में आपके पैरों के नीचे का हिस्सा सुन्न भी पड़ने लगेगा। इसलिए कसे हुए मोजे पहनने से बचें।

## दिल को ब्लड पंप करने में होने लगेगी दिक्कत

कसे हुए मोजे पहनने के कारण आपके पैरों की नसों में दबाव पड़ेगा। इसके कारण दिल जब भी ब्लड को पंप करेगा उसे ज्यादा जोर लगाना पड़ेगा। इसके कारण आपके दिल की सेहतपर बुरा असर पड़ेगा। कुछ दिनों में आपके दिल के धड़कने भी तेजी से धड़कने लगेंगी। जो आने वाले समय में दिल से जुड़ी हुई कई बीमारियों का कारण बन सकती है।

## नसों में पड़ जाएगी गांठ

कसे हुए मोजे से आपके पैरों की नसों में गांठ पड़ जाने का खतरा भी बढ़ जाता है। दरअसल कसे हुए मोजे से जब खून का दबाव इन नसों पर पड़ता है, तो वो खून को आगे बढ़ाने के लिए जगह बनाने की कोशिश करती हैं। जिसके कारण नसों में मुड़ाव आ जाता है। यही नसें धीरे-धीरे दबाव पड़ने के कारण गांठ के रूप में दिखने लगती हैं। यह देखने में बहुत खराब लगता है। इसलिए केवल ढीले मोजे ही पहनें।

- **त्वचा पर पड़ जाएंगी धारियां-** मोजे में जो इलास्टिक लगी होती है, उसके कारण आपके पैरों पर निशान पड़ना शुरू हो जाता है। क्योंकि tight socks होने के कारण इसमें और भी तेजी से बदलाव होता है। केवल एक हफ्ते में ही ऐसे मोजे को इस्तेमाल करने के बाद आपके पैरों में महीने भर के लिए इलास्टिक की लाइन बन जाएगी। इसलिए इस बात का ध्यान दें कि जब भी आप मोजे को खरीदने के लिए जाएं, थोड़े लूज सॉक्स को ही खरीदें।
- **पैरों में हो सकता है संक्रमण-** पैरों में टाइट सॉक्स पहनने का एक और नुकसान है। ऐसे मोजे को पहनने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाएगा। दरअसल कसे हुए मोजे में पसीना आना तो बहुत आम बात है। इसके बाद यह पसीना काफी समय तक पैरों से सूखेगा नहीं। जिसके कारण आपको कई फंगल संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाएगा। इस कारण पैरों में बदबू और खुजली की समस्या होती है।
- **सुन्न पड़ सकता है पैर का हिस्सा-** इसे अंग्रेजी भाषा में Numbfess कहा जाता है। अगर आपके मोजे बहुत ज्यादा टाइट हैं और उनके कारण नसों पर ज्यादा दबाव पड़ रहा है, तो आपके पैरों का निचला हिस्सा सुन पड़ जाएगा। मोजे खरीदते समय इस बात का ध्यान दें कि जो मोजे खरीद रहे हैं वो ढीला हो। 8-10 घंटे आराम से पहन सकें।

---

# बदलता मौसम छीन न लें त्वचा से निखार

उम्र चाहे कोई भी हो हर कोई खूबसूरत दिखना चाहता है। हालांकि बदलता मौसम आपकी त्वचा की रंगत छीनकर उसे ड्राई और रूखा बना सकता है। बदलते मौसम में त्वचा बेहद संवेदनशील हो जाती है। यही वजह है कि इस मौसम में त्वचा की रंगत बनाए रखने के लिए उसे खास देखभाल की जरूरत होती है। लड़कियों की हर छोटी बड़ी परेशानियों को फोकस में रखकर वीमेन हेल्थ और केयर पर फोकस करने वाली वेलनेस साइट हेल्थ शॉट्स पर छपी रिपोर्ट के मुताबिक आइए जानते हैं ब्यूटी एक्सपर्ट शाहनाज हुसैन से त्वचा की नमी और खूबसूरती बनाएं रखने के लिए आखिर कैसे रखें त्वचा का ख्याल।



## घरेलू नुस्खे

- बदलते मौसम के असर को कम करने के लिए सबसे पहले नॉर्मल त्वचा से लेकर ड्राई स्किन तक वाले लोगों को धूप में निकलने से पहले चेहरे और हाथों पर सनस्क्रीन का उपयोग करना चाहिए। यदि आप घर के अंदर हैं तो किसी अच्छे मॉइश्चराइजर का उपयोग करना न भूलें।
- चेहरे पर फाउंडेशन लगाने और मेकअप करने से पहले माइश्चराइजर का उपयोग करें।
- ऑयली या संयोजन त्वचा वाले लोग अपने चेहरे पर सनस्क्रीन जरूर लगाएं। ये त्वचा को बिना ऑयली बनाएं सूर्य की पराबैंगनी किरणों से भी बचाता है।
- तैलीय त्वचा को माइश्चराइजर करने के लिए, एक चम्मच ग्लिसरीन को 100 मिलीलीटर गुलाब जल के साथ मिलाकर फ्रिज में एक एयरटाइट बोतल में रख लें। चेहरे की क्लींजिंग के बाद इस लोशन बहुत थोड़ी मात्रा में चेहरे पर प्रयोग करें। शहद से बना यह लोशन ड्राई त्वचा को माइश्चराइज करने का काम करेंगा।
- शहद हर तरह की स्किन के लिए अच्छा विकल्प है। यह त्वचा से सूखापन दूर करने के साथ उसे नमी प्रदान करता है। तैलीय त्वचा वाले लोग, अंडे के सफेद भाग या नींबू के रस को शहद में मिलाकर त्वचा पर रोजाना 15 मिनट के लिए लगाने के बाद सादे पानी से चेहरा धो लें।

---

**शादी-ब्याह या पार्टी में सबका अटेंशन पाने के लिए रखें ध्यान**

# शीयर साड़ी के साथ ब्लाउज का बैक होना चाहिए खास, दिखेंगी खूबसूरत

सिल्क कॉटन और जामदानी साड़ियों के ब्लाउज को नेट ऑर्गेंजा या शिफॉन साड़ियों पर कैरी करने का आइडिया बिल्कुल भी सही नहीं। तो किस तरह के ब्लाउज हैं इन साड़ियों के लिए बेस्ट जानें। शादी-ब्याह या पार्टी में शीयर साड़ी कैरी करने की सोच रही हैं तो उसमें हर किसी का अटेंशन पाने के लिए उसका ब्लाउज स्टाइलिश होना चाहिए। शीयर साड़ी के साथ ब्लाउज के फ्रंट में डिजाइन्स के साथ एक्सपेरिमेंट न ही करें तो बेहतर, क्योंकि ये देखने में एकबारगी जरूर अच्छे लगे लेकिन कम्फर्टेबल की गारंटी नहीं होती। वहीं अगर आप ब्लाउज के बैक डिजाइन पर फोकस करेंगी तो ओवरऑल लुक भी अच्छा लगेगा और आप फंक्शन में कॉन्फिडेंट और स्टाइलिश भी नजर आएंगी। तो अगर इंटरनेट पर ब्लाउज डिजाइन्स सर्च करने के बाद भी अबी तक आपको मनपसंद डिजाइन्स नहीं मिले हैं तो एक नजर डालें इन ऑप्शन्स पर...



- क्वार्टर स्लीव के साथ क्रिस-क्रॉस बैक वाले ऐसे ब्लाउज नेट हो, शिफॉन या फिर ऑर्गेंजा हर एक साड़ी में आपके लुक को बना देंगे गॉर्जियस।
- शीयर साड़ी के साथ ओपन बैक ब्लाउज आपको देंगे बोल्ड लुक। आगे से हॉल्टर और पीछे से ओपन बैक ब्लाउज नाइट फंक्शन, कॉकटेल पार्टी के लिए हैं परफेक्ट च्वाइस।
- प्लस साइज फीगर में दिखना है परफेक्ट, तो आउटफिट्स कैरी करते वक्त रखें इन बातों का ध्यान हमें विशेष रूप से रखना होगा। शीयर साड़ी के साथ शीयर बैक ब्लाउज का कॉम्बिनेशन है बेस्ट। बैक पर आप चाहें तो इस तरह का डिजाइन भी अलग से बनवा सकती हैं।
- इस तरह के ब्लाउज को आप साड़ी ही नहीं लहंगे और स्कर्ट के साथ भी पहन सकती हैं। इसमें फ्रंट से राउंड और बोट नेक डिजाइन बनवाएं और पीछे से कुछ इस तरह। स्लीव को आप क्वार्टर या फुल अपने कम्फर्ट के हिसाब से रखवाएं।
- हल्की ठंड में पार्टी से लेकर कैजुअल वेयर्स तक में सेफ एंड बेस्ट ऑप्शन हैं वेलवेट, ऐसे करें कैरी
- थोड़ा और बोल्ड लुक चाहिए तो क्रिस-कॉस में इस डिजाइन को भी ट्राय कर सकती हैं।
- हर किसी की नजरें बस आप पर ही आकर ठहरेंगी, जब ऐसे करेंगी मेकअप एम्ब्रॉयडेड फैब्रिक में फुल स्लीव के साथ ब्लाउज के बैक में पर्ल, टैसल्स या फ्रिंज का इस्तेमाल कर उसे दें मॉडर्न टच।



- क्रिस-क्रॉस का ही स्टाइल है लेकिन थोड़े और एक्सपेरिमेंट के साथ। ब्लाउज के फैब्रिक के साथ ही साड़ी के बॉर्डर का भी इस्तेमाल कर उसे खास लुक दिया जा सकता है।
- फेस्टिवल, घर के फंक्शन में शीयर साड़ी के साथ पहनने के लिए इस तरह के ब्लाउज रहेंगे परफेक्ट। जो बहुत बोल्ड लुक भी नहीं देते और न ही बहुत सिंपल लगते हैं।

क्रिस-क्रॉस का ही स्टाइल है लेकिन थोड़े और एक्सपेरिमेंट के साथ। ब्लाउज के फैब्रिक के साथ ही साड़ी के बॉर्डर का भी इस्तेमाल कर उसे खास लुक दिया जा सकता है।



- फ्रंट से पूरा कवर और बैक में कुछ इस तरह के डिजाइन्स वाले ब्लाउज को भी आप पार्टी या फंक्शन में हर किसी का अटेंशन पाने के लिए कर सकती हैं कैरी।
- एम्ब्रॉयडेड फैब्रिक में फुल स्लीव के साथ ब्लाउज के बैक में पर्ल, टैसल्स या फ्रिंज का इस्तेमाल कर उसे दें मॉडर्न टच।

- फेस्टिवल, घर के फंक्शन में शीयर साड़ी के साथ पहनने के लिए इस तरह के ब्लाउज रहेंगे परफेक्ट। जो बहुत बोल्ड लुक भी नहीं देते और न ही बहुत सिंपल लगते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

विचार मंथन

# आत्मनिर्भरता की उड़ान

अक्सर कहा जाता रहा है कि भारतीय सेना के युद्धक व मालवाहक विमान पुराने पड़ चुके हैं। निस्संदेह, वायुसेना व सेना को इसकी कीमत भी चुकानी पड़ती थी। लेकिन यह सुखद है कि देश में पहली बार एक स्वदेशी निजी कंपनी आत्मनिर्भर भारत अभियान को संबल देकर देश में सेना के लिये युद्धक ?विमानों का निर्माण करेगी। जब वडोदरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके स्पेनिश समकक्ष पेड्रो सांचेज ने टाटा एअरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स में इस महत्वाकांक्षी परियोजना की बुनियाद रखी, तो निश्चय ही भारत एक नये युग में प्रवेश कर रहा था। पहली बार कोई निजी कंपनी विमान निर्माण के क्षेत्र में कदम रख रही थी। वह भी देश का भरोसेमंद और एअर इंडिया का उद्धार करने वाला टाटा समूह का उपक्रम। निश्चित ही हम ह्यमेक इन इंडियाह्न के संकल्प को हकीकत बनता देख रहे हैं। साथ ही हम उस दाग को धोने की तरफ भी आगे बढ़े हैं कि जिसके बाबत कहा जाता है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े हथियार खरीददार देशों में शुमार है। उल्लेखनीय है कि टाटा एडवांस सिस्टम्स लिमिटेड और स्पेन की एअरबस के संयुक्त उपक्रम में 40 सी-295 विमानों का निर्माण होगा। यह भी कि स्पेन व भारत के मध्य कुल 56 विमानों को लेकर समझौता हुआ था, जिसमें 16 तैयार विमान स्पेन से भारत को मिलने हैं। दरअसल, सी-295 विमान सैनिकों, साजो-सामान तथा हथियारों को लाने-ले जाने में खासा मददगार होता है। साथ ही यह छोटी हवाई पट्टी व दुर्गम इलाकों से भी उड़ान भर सकता है। यह अच्छी बात है कि बीते कुछ वर्षों में भारत सरकार ने उन्नत एवं तकनीकी क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने को अपनी प्राथमिकता बनाया है। जिसमें रक्षा उत्पादों, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों, इलेक्ट्रिक वाहनों, ग्रीन हाइड्रोजन तथा सेमीकंडक्टर का उत्पादन शामिल है। अपने इस अभियान में सरकार ने न केवल विदेशी निवेश को आमंत्रित किया बल्कि देश के निजी क्षेत्र को भरपूर संसाधन व पर्याप्त मौके उपलब्ध कराए हैं। तय मानिये कि आने वाले वाले वर्षों में इसके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। निश्चित रूप से केंद्र सरकार की ऐसी कोशिशों से जहां हम रक्षा उत्पादन के क्षेत्रों में आत्मनिर्भर होंगे, वहीं इससे देश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ऐसा करके हम न केवल अपने दुर्लभ विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ा सकते हैं बल्कि इन उत्पादों के निर्यात की दौड़ में भी शामिल हो सकते हैं। यकीनी तौर पर देश की अर्थव्यवस्था को भी इससे बड़ा संबल मिलेगा। बहरहाल, यह तय है कि भारतीय सेना में सी-295 विमानों के शामिल होने से हम पुराने रूसी विमानों के जोखिम से भी बच सकेंगे। साथ ही सामरिक क्षेत्र में यह देश की बढ़त भी होगी। वहीं देश में रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। कहा जा रहा है कि देश में सी-295 की निर्माण परियोजना से तीन हजार प्रत्यक्ष और 15 हजार परोक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके अलावा बड़ोदरा व उसके आसपास के इलाके की आर्थिकी को नई गति भी मिलेगी। वहीं इन विमानों में उपयोग होने वाले स्वदेशी कल-पुर्जों से भी विभिन्न आय के साधन विकसित होंगे। विगत के अनुभव रहे हैं कि भारत के मुश्किल वक्त में हथियारों की आपूर्ति में विदेशी सरकारों ने मदद करने में आनाकानी की थी। लेकिन बहुत संभव है कि सी-295 परियोजना की सफलता के बाद भारत रक्षा उत्पादों के निर्यात में भागीदारी कर सकेगा।

चिंतन मनन

# क्यों कहते हैं विष्णु भगवान को नारायण

भगवान विष्णु के हजारों नाम हैं। इनमें एक प्रमुख नाम है नारायण। फिल्मों, टीवी सीरियल या रामलीला में आपने देखा होगा कि नारद मुनि भगवान विष्णु को नारायण नाम से पुकारते हैं। इस नाम का धार्मिक रूप से बड़ा महत्व है। इस एक नाम में सृष्टि का संपूर्ण सार छिपा हुआ है। इसलिए शास्त्रों में अधिकांश स्थानों पर विष्णु भगवान को नारायण नाम से संबोधित किया गया है। हिन्दू धर्म में अठारह पुराणों का वर्णन मिलता है। इन अठारह पुराणों में विष्णु पुराण एक है। इस पुराण में सृष्टि की रचना का वर्णन किया गया है। इसी प्रम में बताया गया है किस प्रकार विष्णु भगवान ने वाराह रूप धारण करके पृथ्वी को रसातल यानी पाताल लोक से उठाकर जल के मध्य में स्थित किया। इसके बाद ब्रह्मा जी ने सत्व, रज और तम गुणों से असुर, देव, राक्षस, यक्ष, मनुष्य, सर्प एवं अन्य जीव-जन्तुओं की रचना की। विष्णु पुराण में बताया गया है कि सृष्टि के समाप्ति के समय सब कुछ जल में समा जाता है और संपूर्ण ब्रह्माण्ड अंधकारमय हो जाता है। भगवान विष्णु चिर निद्रा में जल में शयन करते हैं। देवताओं का दिन आरंभ होने पर भगवान विष्णु फिर से सृष्टि की रचना करते हैं और ब्रह्मा एवं शिव की उत्पत्ति उन्हीं से होती है। भगवान विष्णु प्रथम नर रूप में व्यक्त होते हैं। इसलिए शाह्यह में इन्हें आदिपुरूष कहा गया है। आदि पुरूष विष्णु का निवास यानी आयन नार यानी जल है इसलिए भगवान विष्णु को नारायण नाम से संबोधित किया जाता हैं।

# भारत के आर्थिक विकास में जनजाति समाज का है भरपूर योगदान



भारत भूमि का एक बड़ा हिस्सा वनों एवं जंगलों से आच्छादित है। भारतीय नागरिकों को प्रकृति का यह एक अनोखा उपहार माना जा सकता है। इन वनों एवं जंगलों की देखभाल मुख्य रूप से जनजाति समाज द्वारा की जाती रही है। जनजाति समाज की विकास यात्रा अपनी भूख मिटाने एवं अपने को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से केवल वनों के इर्द गिर्द चलती रहती है। वास्तविक अर्थों में इसीलिए जनजाति समाज को धरतीपुत्र भी कहा जाता है। प्राचीन काल से केवल प्रकृति ही जनजाति समाज की सम्पत्ति मानी जाती रही है, जिसके माध्यम से उनकी सामाजिक, आर्थिक एंव पारिस्थितिकीय आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहती है। ऐसा कहा जाता है कि अनादि काल से जनजाति संस्कृति व वनों का चोली दामन का साथ रहा है और जनजाति समाज का निवास क्षेत्र वन ही रहे हैं। इस संदर्भ में यह भी कहा जा सकता है कि वनों ने ही जनजातीय जीवन एंव संस्कृति के उद्भव, विकास तथा संरक्षण में अपनी आधारभूत भूमिका अदा की है। भील वनवासियों का जीवन भी वनों पर ही आश्रित रहता आया है। जनजाति समाज अपनी आजीविका के लिए वनों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का उपयोग करते रहे हैं।

भारतीय वन क्षेत्रों में पाए जाने वाले प्रमुख वनस्पतियों, पेड़ों एवं उत्पादित वस्तुओं में शामिल रहे हैं बबूल, बेर, चन्दन, धोक, धामन, धावडा, गुदी, हल्दू, इमली, जामुन, कजरी, खेजडी, खेडा, कुमटा, महुआ, नीम, पीपल, सागवान, आम, मुमटा, सालर, बानोटीया, गुलर, बांस, अरीठा, आंवला, गोंद, खेर, केलडी, कडैया, आवर, सेलाई वृक्षों से करा, कत्था, लाख, मौम, धोली व काली मुसली, शहद, आदि। इनमें से कई वनस्पतियों की तो औषधीय उपयोगिता है। कुछ जड़ी बूटियों जैसे आंवला का बीज, हेतडी, आमेदा, आक, करनीया, ब्राह्मी, बोहडा, रोंजडा, भोग पत्तियां, धतुरा बीज, हड, भुजा, कनकी बीज, मेंण, अमरा, कोली, कादां, पडूला, गीगचा, इत्यादि का उपयोग रोगों के निवारण के लिए किया जाता रहा है। आमेदा के बीजों को पीसकर खाने से दस्त बंद हो जाते हैं। अरण्डी के तेल से मालिश एंव पत्तों को गर्म करके कमर में बांधने से दर्द कम हो जाता है। बुखार को ठीक करने के लिए कड़ा वृक्ष के बीजों को पीस कर पीते हैं। जोडों में दर्द ठीक करने के लिए ग्वार व सैजने के गोंद का उपयोग करते हैं। फोडे फुन्सियों एवं चर्म रोग को ठीक करने के लिए नीम के पत्तों को उबालकर पीते हैं। इसके अलावा तुलसी, लौंग, सोठ, पीपल, काली मिर्च का उपयोग बुखार एवं जुखाम ठीक करने के लिए किया जाता है।

शुरूआती दौर में तो जनजाति समाज उक्त वर्णित वनस्पतियों एवं उत्पादों का उपयोग केवल स्वयं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही करते रहे हैं परंतु हाल ही के समय में इन वनस्पतियों का उपयोग व्यावसायिक रूप से भी किया जाने लगा है। व्यावसायिक रूप से किए जाने वाले उपयोग का लाभ जनजाति समाज को न मिलकर इसका पूरा लाभ समाज के अन्य वर्गों के लोग ले रहे हैं। उक्त वनस्पतियों एवं उत्पादों का व्यावसायिक उपयोग करने के बाद से ही प्रकृति का दोहन करने के स्थान पर शोषण किया जाने लगा है क्योंकि कई उद्योगों द्वारा उक्त उत्पादों का कच्चे माल के रूप में उपयोग किया जाने लगा है। इससे ध्यान में आता है कि जनजाति समाज द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने के उद्देश्य से अपनी भूमिका का निर्वहन तो बहुत सफल तरीके से किया जाता रहा है परंतु अर्थव्यवस्था के विकास का लाभ जनजातियों तक सही मात्रा में पहुंच नहीं सका है।

हालांकि भारत में प्राचीन काल से ही जनजाति समाज जंगलों में अपना जीवन यापन करता रहा है और वनोपज (जैसे मध्यप्रदेश में तेन्दु पत्ता को एकत्रित करना) को एकत्रित करता रहा है परंतु अब धीरे धीरे अपने आप को यह समाज कृषि कार्य एवं पशुपालन जैसे अन्य कार्यों में भी संलग्न करने लगा है। जनजाति समाज ने बिना किसी भय के सघन वनों में जंगली जानवरों व प्राकृतिक आपदाओं से लड़ते हुए अपने जीवन को संघर्षमय बनाया है। जनजाति समाज ने कृषि कार्य के लिए सर्वप्रथम जंगलों को काटकर जलाया। भूमि साफ कर इसे कृषि योग्य बनाया और पशुपालन को प्रोत्साहन दिया। विकास की धारा में आगे बढ़ते हुए धीरे-धीरे विभिन्न गावों एवं कस्बों का निर्माण किया।

आज भी जनजाति समाज की अधिकांश जनसंख्या दुर्गम क्षेत्रों में निवास करती है। इन इलाकों में संचार माध्यमों का अभाव है। हालांकि धीरे धीरे अब सभी प्रकार की सुविधाएं इन सुदूर इलाकों में भी पहुंचाई जा रही हैं। परंतु, अभी भी जनजातीय समाज कृषि सम्बन्धी उन्नत विधियों से अनभिज्ञ है। सिंचाई साधनों का अभाव एवं उपजाऊ भूमि की कमी के कारण ये लोग परम्परागत कृषि व्यवस्था को अपनाते रहे हैं और इनकी उत्पादकता बहुत कम है।

जनजाति समाज ने वनों के सहारे अपनी संस्कृति को विकसित किया। घने जंगलों में विचरण करते हुए उन्होंने जंगली जानवरों शेर, भालु, सुअर, गेंडे, सर्प, बिच्छु आदि से बचने के लिए आखेट का सहारा लिया। वनों एवं पहाडियों के आन्तरिक भागों में रहते हुए भील समाज शिकार करके अपनी आजीविका चलाता रहा है। भील समाज जंगलों में झूम पद्धति से खेती, पशुपालन, एवं आखेट कर अपने परिवार का पालन पोषण करते रहे हैं।

घने जंगलों में जनजाति समाज को प्रकृति द्वारा, स्वछंद वातावरण, स्वच्छ जल, नदियां, नाले, झरने, पशु पक्षियों का कोलाहल, सीमित तापमान, हरियाली, आर्द्रता, समय पर वर्षा, मिट्टी कटाव से रोक, आंधी एंव तूफानों से रक्षा, प्राकृतिक खाद, बाढ़ पर नियंत्रण, वन्य प्राणियों का शिकार व मनोरंजन इत्यादि प्राकृतिक रूप से उपलब्ध कराया जाता रहा है। इसी के चलते जनजाति समाज घने जंगलों में भी बहुत संतोष एवं प्रसन्नता के साथ रहता है।

जनजाति समाज आज भी भारतीय संस्कृति का वाहक माना जाता है क्योंकि यह समाज सनातन हिंदू संस्कृति का पूरे अनुशासन के साथ पालन करता पाया जाता है। जनजाति समाज आज भी आधुनिक चमक दमक से अपने आप को बचाए हुए है। इसके विपरीत शहरों में रहने वाला समाज समय समय पर भारतीय परम्पराओं में अपनी सुविधानुसार परिवर्तन करता रहता है।

हाल ही के समय में अत्यधिक आर्थिक महत्वकांक्षा के चलते वनों का अदूरदर्शितापूर्ण ढंग से शोषण किया जा रहा है। विश्व पर्यावरण एवं विकास आयोग के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष 110 लाख हैक्टर भूमि के वन नष्ट किये जा रहे है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार प्रत्येक देश में उपलब्ध भूमि के लगभग 33 प्रतिशत भाग पर वन होना आवश्यक है। यदि वनों का इस प्रकार कटाव होता रहेगा तो जनजाति समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ना स्वाभाविक ही है।

भारत द्वारा इस संदर्भ में कई प्रयास किए जा रहे हैं। देश में वनों के कटाव को रोकने के लिए वर्ष 2015 एवं 2017 के बीच देश में पेड़ एवं जंगल के दायरे में 8 लाख हेक्टेयर भूमि की वृद्धि दर्ज की है। साथ ही, भारत ने वर्ष 2030 तक 2.10 करोड़ हेक्टेयर जमीन को उपजाऊ बनाने के लक्ष्य को बढ़ाकर 2.60 करोड़ हेक्टेयर कर दिया है ताकि वनों के कटाव को रोका जा सके।

**- प्रहलाद सबनानी**

**आप भी आमंत्रित हैं**

संपादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। अपने विचार इस पेज के जरिये अभिव्यक्त कर सकते हैं। आप पत्र व रचनाएं हमें भेज सकते हैं।
व्हाट्सअप नंबर : 7470794884, आप हमें मेल भी कर सकते हैं - dabangdunianewspeper@gmail.com

## व्यापार

### एचडीएफसी बैंक द्वारा प्रवर्तित, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

एचडीएफसी बैंक द्वारा प्रवर्तित, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, जो कुल सकल ऋण पुस्तिका आकार के संदर्भ में भारत में अग्रणी, विविध खुदरा-केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक है, (स्रोतः क्रिसिल रिपोर्ट) ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए सेबी के साथ ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है।

एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ऋण उत्पादों का एक बड़ा पोर्टफोलियो प्रदान करता है जो एक विस्तृत ओमनी-चैनल वितरण नेटवर्क के माध्यम से बढ़ते और विविध ग्राहक आधार को पूरा करता है। ऋण उत्पाद तीन व्यावसायिक वर्टिकल के माध्यम से पेश किए जाते हैं: एंटरप्राइज लेंडिंग, एसेट फाइनेंस और कंज्यूमर फाइनेंस। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी भारत की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती ग्राहक फ्रेंचाइजी में से एक है, और 30 सितंबर, 2024 तक 17.5 मिलियन ग्राहकों को सेवा दे चुकी है, जो 31 मार्च, 2022 और 30 सितंबर, 2024 के बीच 28.22% की सीएजीआर से बढ़ी है। कंपनी मुख्य रूप से कम या बिना क्रेडिट इतिहास वाले निम्न से मध्यम आय वाले परिवारों में कम सेवा वाले और कम बैंकिंग वाले ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है।

कुल 12,500 करोड़ रुपये तक के सार्वजनिक प्रस्ताव में 2,500 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की फेस वैल्यू पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, जो कि ह्यप्रवर्तक विक्रय शेयरधारकह्न है, द्वारा 10,000 करोड़ रुपये तक के बिक्री प्रस्ताव (ओएफएस) शामिल हैं।

सार्वजनिक पेशकश में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए इक्विटी शेयरों का आरक्षण (कर्मचारी आरक्षण भाग) और पात्र एचडीएफसी बैंक शेयरधारकों द्वारा सदस्वता के लिए रू.10 प्रत्येक के अंकित मूल्य के आरक्षित इक्विटी शेयर (एचडीएफसी बैंक शेयरधारक आरक्षण भाग) शामिल हैं।

### ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी फाइल की

प्रमुख निजी होटल संपत्ति ओनर्स के बीच दक्षिण भारत में श्रृंखला-संबद्ध होटलों और कमरों का दूसरा सबसे बड़ा ओनर ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) में 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर 900 करोड़ रुपये तक है।

ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड भारत के प्रमुख शहरों, मुख्य रूप से दक्षिण भारत में होटलों का ओनर्स और डेवलपर है। यह होटल प्रमुख निजी होटलों में दक्षिण भारत (केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पांडिचेरी शामिल हैं) में श्रृंखला-संबद्ध होटल और कमरों के दूसरे सबसे बड़े ओनर्स हैं। 30 जून, 2024 तक इसके पास पूरे भारत में कम से कम 500 रूम रहे हैं।

ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ब्रिगेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड (बीईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है जो भारत में अग्रणी भारतीय रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है। बीईएल ने 2004 में अपने पहले होटल ग्रैंड मर्क्योर बैंगलोर के विकास के साथ हॉस्पिटालिटी व्यवसाय में प्रवेश किया। इसने 2009 में परिचालन शुरू किया। कंपनी के पास बेंगलुरु (कर्नाटक), चेन्नई (तमिलनाडु), कोच्चि (केरल), मैसूर (कर्नाटक) और गिफ्ट सिटी (गुजरात) में 1,604 रूम के साथ नौ ऑपरेटिंग होटलों का पोर्टफोलियो है।

होटल मैरियट, एक्कोर और इंटरकांटिनेंटल होटल्स ग्रुप जैसी वैश्विक प्रमुख हॉस्पिटालिटी कंपनियों द्वारा संचालित किए जाते हैं और ये उच्च अपस्केल, अपस्केल, अपर-मिडस्केल और मिडस्केल सेगमेंट में हैं।

# चालू महीने में खाद्य तेलों का आयात बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली ♦ एजेंसी**

वैश्विक बाजार में खाद्य तेलों की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। चालू त्योहारी सीजन में घरेलू बाजार में मांग भी तेज दिखाई दे रही है, जिसके कारण खाद्य तेलों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। पिछले महीने खाद्य तेलों के आयात शुल्क में इजाफा का मकसद आयात को हतोत्साहित करना, घरेलू उद्योग और किसानों को फायदा पहुंचाना था, जो फिलहाल पूरा होता दिखाई नहीं दे रहा है। आयात शुल्क में बढ़ोत्तरी के बावजूद चालू महीने में खाद्य तेल का आयात अधिक रहने वाला है। खाद्य तेल कारोबारियों के मुताबिक अक्टूबर महीने में वनस्पति तेल का आयात 13.50 लाख टन तक पहुंचने वाला है जो अक्टूबर महीने में वनस्पति तेल के आयात का करीब 9 साल का उच्चतम स्तर हो सकता है। अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ ने बताया कि रिफाइंड तेल का आयात पिछले साल के 2.88 लाख टन की तुलना में दोगुना हो सकता है जबकि पाम तेल 7.50 लाख टन होने का अनुमान है। अक्टूबर 2023 में 6.95 लाख लीटर पाम तेल का आयात हुआ था। पिछले महीने की तुलना में तीन लाख लीटर अधिक पाम तेल के आयात होने का अनुमान है। कच्चे और रिफाइंड पाम तेल का आयात घटने के कारण सितंबर में कुल खाद्य तेल आयात में 29 प्रतिशत की गिरावट रही है। उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) के मुताबिक पिछले महीने कुल खाद्य तेल आयात 10.64 लाख टन रहा है जो पिछले वर्ष समान अवधि में 14.94 लाख टन रहा था। केंद्र सरकार ने सितंबर के दूसरे सप्ताह में खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ा दिया गया था।

**दोगुना हो सकता है रिफाइंड तेल का आयात**

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 24 अक्टूबर को सोयाबीन तेल का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 137 रुपए लीटर, सूरजमुखी का 142 रुपए लीटर और पाम तेल का 123 रुपए लीटर था, जबकि एक महीने पहले यह क्रमशः 127 रुपए लीटर, 129 रुपए लीटर और 110 रुपए लीटर था, जो 10-13 रुपए लीटर की वृद्धि दशार्ता है। सरसों का तेल औसतन 164 रुपए लीटर पर बिक रहा है, जबकि एक महीने पहले यह 151 रुपए लीटर पर बिक रहा था। खाद्य तेलों की कीमतें बढ़ने की वजह से आयात शुल्क में कटौती की मांग की जा रही है। हालांकि सरकार की तरफ से स्पष्ट कर दिया गया है कि फिलहाल शुल्क में कटौती नहीं की जाएगी।



### सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बोर्ड ने 1:10 स्टॉक स्प्लिट को दी मंजूरी

**मुंबई।** सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (SPIL) (BSE: 543828), जो कि रासायनिक और फार्मास्युटिकल व्यवसाय में अग्रणी नाम है, ने घोषणा की है कि इसके बोर्ड ने कंपनी के इक्विटी शेयरों के उप-विभाजन / स्टॉक स्प्लिट के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव के तहत 1 शेयर को विभाजित कर 10 शेयरों में परिवर्तित किया जाएगा, जो कि शेयरधारकों की मंजूरी और अन्य आवश्यक अनुमोदनों पर निर्भर है।

हाल ही में, कंपनी ने एक नई सहायक कंपनी सुदर्शन मेवन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की है। इस सहायक कंपनी का मुख्य उद्देश्य सभी प्रकार की फार्मास्युटिकल्स, स्वास्थ्य संबंधी, आयुर्वेदिक और आहार अनुपूरक उत्पादों का निर्माण, फॉर्मूलेशन, प्रोसेसिंग, विकास, परिष्करण, आयात और निर्यात करना है, इसके अलावा विविध अन्य उत्पाद भी शामिल हैं।

इससे पहले, जुलाई महीने में, कंपनी ने अपने प्रमोटरों को परिवर्तनीय वारंट्स के जारी करके धन जुटाने की मंजूरी दी थी।

सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (SPIL) रासायनिक और फार्मास्युटिकल उद्योग में एक प्रमुख नाम बन गया है। इसके प्रमोटर्स, श्री हेमल वी. मेहता और श्री सचिन वी. मेहता, जिनके पास सामूहिक रूप से 25 से अधिक वर्षों का अनुभव है, के नेतृत्व में सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने विशेष रसायनों और बल्क ड्रग्स के क्षेत्र में मजबूत नींव रखी है। उनकी दृष्टि ने कंपनी को एक एकीकृत रासायनिक और फार्मास्युटिकल कंपनी के रूप में विकसित करने में मदद की है और कंपनी को नवाचार और विश्वसनीयता के लिए ख्याति दिलाई है।

### मोतिसन्स ज्वेलर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के शानदार आय के परिणाम जारी किए

मोतिसन्स ज्वेलर्स लिमिटेड (बीएसईः 544053, एनएसईः MOTISONS), ज्वेलरी उद्योग की प्रमुख कंपनी, की 28 अक्टूबर 2024 को हुई बोर्ड बैठक में 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और अर्ध-वार्षिक के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी गई।

30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए (स्टैंडअलोन), कंपनी के संचालन से राजस्व 10,934.44 लाख रुपये दर्ज किया गया, जो वर्ष-दर-वर्ष 21% की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे एबिटा 1,762.51 लाख रुपये रहा, जो 34% की वार्षिक वृद्धि है। वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के एबिटा मार्जिन 152 बीपीएस बढ़कर 14.57% से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे 16.09% तक पहुंच गया साथ ही वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के शुद्ध लाभ 518.28 लाख रुपये था जो वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे 101% बढ़कर 1,039.55 लाख रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे शुद्ध लाभ मार्जिन 9.49% पर पहुंच गया, जो 374 बीपीएस की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है।

30 सितंबर 2024 को समाप्त अर्ध-वार्षिक के लिए (स्टैंडअलोन), संचालन से राजस्व 19,805.64 लाख रुपये दर्ज किया गया, जो 11.98% की वार्षिक वृद्धि है। वित्त वर्ष 2025 की पहली अर्ध-वार्षिक मे एबिटा 2,869.36 लाख रुपये रहा, जो 11.52% की वृद्धि दशार्ता है। वित्त वर्ष 2025 की पहली अर्ध-वार्षिक मे एबिटा मार्जिन में 14.45% रहा। वित्त वर्ष 2025 की पहली अर्ध-वार्षिक मे शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष 2024 की पहली अर्द्धवार्षिक मे 56.91% की वार्षिक वृद्धि के साथ 1,066.04 लाख रुपये से 1,672.75 लाख रुपये हो गया। शुद्ध लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 2025 की पहली अर्ध-वार्षिक में 8.42% रहा।

### नंदन डेनिम लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 की पहली छमाही के लिए प्रभावशाली कमाई की रिपोर्ट दी

नंदन डेनिम लिमिटेड (बीएसईः 532641, एनएसईः ठञ्छ), जो डेनिम उद्योग में अग्रणी स्थान रखता है, ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक परिणामों की घोषणा की है।

**तिमाही परिणाम (30 सितंबर 2024 को समाप्त, स्टैंडअलोन):** कंपनी की परिचालन से आय रुपये 82,025.08 लाख रही, जो वार्षिक आधार पर 105% की वृद्धि है। एबिटा रुपये 3,446.55 लाख (वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही) रही, जिसमें वार्षिक आधार पर 12% की वृद्धि हुई। शुद्ध लाभ 7% वार्षिक वृद्धि के साथ रुपये 820 लाख (वित्तीय वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही) से बढ़कर रुपये 877.75 लाख (वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही) हो गया।

**अर्धवार्षिक परिणाम (30 सितंबर 2024 को समाप्त, स्टैंडअलोन):** कंपनी की परिचालन से आय रुपये 1,57,187.40 लाख रही, जो वार्षिक आधार पर 62.25% की वृद्धि है। एबिटा (EBITDA) रुपये 6,894.83 लाख (वित्तीय वर्ष 2025 की पहली छमाही) रही, जिसमें वार्षिक आधार पर 43.98% की वृद्धि हुई। शुद्ध लाभ (ढअळ) 64.23% वार्षिक वृद्धि के साथ रुपये 990.63 लाख (वित्तीय वर्ष 2024 की पहली छमाही) से बढ़कर रुपये 1,626.88 लाख (वित्तीय वर्ष 2025 की पहली छमाही) हो गया। पहले, कंपनी ने बोर्ड में 1:10 अनुपात में इक्विटी शेयरों के विभाजन/स्प्लिट को मंजूरी दी और कार्यान्वित किया था, जिससे 10 रुपये के फेस वैल्यू के 1 शेयर को 1 रुपये के फेस वैल्यू के 10 शेयरों में विभाजित किया गया।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.2 अरब डॉलर लुढ़ककर 688.3 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी होने से 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.2 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 688.3 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.8 अरब डॉलर गिरकर 690.4 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.9 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के साथ 598.2 अरब डॉलर पर आ गई।

### मारुति अर्टिगा बनी सितंबर 2024 की बेस्ट सेलिंग कार

नई दिल्ली। सितंबर 2024 मे मारुति अर्टिगा बेस्ट सेलिंग कार बन गई है। भारत की बेस्ट सेलिंग कारो की सूची जारी हो गई है। इस बार नंबर-1 का खिताब एक 7-सीटर कार ने जीता है, जिसने बिक्री के मामले में वैगन आर, क्रेटा, ब्रेजा, बलेनो और यहां तक कि मारुति की फ्रान्क्स को भी पीछे छोड़ दिया है। मारुति अर्टिगा ने सितंबर 2024 में 17,441 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो पिछले साल के 13,528 यूनिट्स से काफी अधिक है। अर्टिगा अब एमपीवी सेगमेंट की टॉप पसंद बन चुकी है और इसे फैमिली कार के रूप में खासा सराहा जा रहा है। दूसरे स्थान पर स्विफ्ट रही, जिसने 16,241 यूनिट्स की बिक्री की, जो पिछले साल के 14,703 यूनिट्स से बेहतर है। एसयूवी सेगमेंट में हुंडई क्रेटा ने 15,902 यूनिट्स की बिक्री के साथ अच्छी पकड़ बनाई है, जबकि मारुति ब्रेजा ने 15,322 यूनिट्स की बिक्री के साथ टॉप-5 में जगह बनाई है। महिंद्रा की लोकप्रिय एसयूवी स्कॉर्पियो ने 14,438 यूनिट्स की बिक्री की, जो पिछले साल के मुकाबले (11,846 यूनिट्स) में बढ़त दशार्ती है। हालांकि, बलेनो की बिक्री में गिरावट देखने को मिली है, जिसने 14,292 यूनिट्स की बिक्री की, जबकि पिछले साल इसी महीने 18,417 यूनिट्स बिकी थीं। इस महीने फ्रान्क्स की 13,874 यूनिट्स बिकीं, और टाटा मोटर्स की माइक्रो-एसयूवी पंच ने 13,711 यूनिट्स की बिक्री की। वहीं, मारुति ईको ने 11,908 यूनिट्स की बिक्री की, जो पिछले साल (11,147 यूनिट्स) से अधिक है।

Scanned with OKEN Scanner

# सामुदायिक भवन में लगेंगे 10 एसी

**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**



नगरपालिका शक्ति की बहुपयोगी सामुदायिक भवन के 10 कमरों में आज की जरूरत को देखते हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवम् विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत को दीपावली की बधाई देते हुए बताया कि शक्ति नगर एवम् आसपास की अधिकतम विवाह और अन्य सावर्जानिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है जिसमें जनता की मांग है कि 10 कमरों में एसी लगाना बहुत जरूरी है एवं अन्य कार्य हेतु 5 लाख रुपए की जरूरत है जिसे डॉ चरण दास महंत जी ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल 5 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की । दीपावली पर्व पर डॉ महंत जी ने क्षेत्रवासियों को जरूरी मांग को स्वीकृत करने के रूप में उपहार दिया है।

# डॉ चरण दास महंत ने रथलाल पटेल को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया



**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**

डॉक्टर चरण दास महंत शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवंनेता प्रतिपक्ष माननीय डॉक्टर चरण महंत जी द्वारा रथराम पटेल को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के विधायक प्रति निधि बनाए गए विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर कांग्रेस परिवार की ओर से बधाई दी गई वही रथराम पटेल ने कहा की मुझे जो जिम्मेदारी हमारे आदरणीय डॉक्टर चरन दास महंत ने मुझे दी गई उस जिम्मेदारीको निभाने की निष्ठा पूर्वककोशिश करूंगा। इसके लिए नेता प्रतिपक्ष माननीय डॉक्टर चरण महंत जी को धन्यवाद एवं शक्ति नगर के सभी कांग्रेस नेताओं को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया रथराम पटेल अधिवक्ता के साथ-साथ कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है कांग्रेस के सभी कार्यक्रम में सक्रियता के साथ शामिल होते हैं। यह हमेशा सोशल मीडिया में कांग्रेस के लिए कार्य करते हैं उनकी इन्हीं सक्रियता के वजह से डॉक्टर चरण दास महंत ने उन्हें रेड क्रॉस सोसाइटी का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया जिससेक्षेत्र में काफी हर्ष व्याप्त है।

# राज्योत्सव में होगी सांस्कृतिक संध्या की धूम

**दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर**

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 5 नवंबर को हाईस्कूल ग्राउंड बलरामपुर में आयोजित हो रहे जिला स्तरीय एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। दोपहर 2 बजे से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं दूसरी ओर संध्या कार्यक्रम में रीति रिवाज डांस ट्रूप बिलासपुर एवं भिलाई का म्यूजिक बैंड इंडियन रोलर द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक संध्या के दौरान विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति, परंपराओं और कला का प्रदर्शन होगा।

# छठ पूजा पर विधायक गोमती साय के मुख्य आतिथ्य में किलकिला में 7 नवम्बर को छठ गीतों की होगी बौछार

## » यूपी की सुप्रसिद्ध गायिका एकता मालन, सुश्री राजनन्दनी सिंह एवं पंडित प्रमोद पाण्डेय कार्यक्रम में देंगे सुमधुर छठ गीतों की प्रस्तुति





**दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव**

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ की नगरी किलकिला के मांड नदी की बहती पवित्र जलधारा में छठ व्रतियों द्वारा धूमधाम से षष्टि माता के लिये भगवान भास्कर को 7 नवम्बर को सुर्यास्त के समय अस्ताचल गामी सूयर्देव को एवं 8 नवम्बर के प्रातः उगते सूर्य देव को अर्घ्य देकर पूजन पश्चात छठ पर्व की समाप्ति की जावेगी।छठ पर्व को लेकर छठ पूजन समिति किलकिला द्वारा मांड नदी के तट से लेकर मन्दिर परिसर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है ।इस वर्ष किलकिला में पर्व के अवसर हजारो लोगो के आगमन की सूचना है। वही छठ पूजन समिति के सदस्य वीरेन्द्र सिंह एवं जयप्रताप सिंह ने बताया कि लोगो की मंशा अनुरूप इस वर्ष छठी माई के भजनों एवं देवी भजनों के लिये बनारस उत्तर प्रदेश के भजन गायक एवं गायिकाओं को आमंत्रित किया गया है जिसमे यू. पी. के प्रसिद्ध भजन गायक, गायिकाओं में श्रीमती एकता मालन, सुश्री राजनन्दिनी सिंह एवं गायक प्रमोद पांडेय गीत संगीत के माध्यम से भक्ति गीतों से समा बांधेंगे। उक्त भक्ति रस में भारी संख्या में भजन प्रेमियों के जुटने की सम्भावना को देखते हुए समिति द्वारा विशेष तैयारी की जा रही है चूंकि इस क्षेत्र में छठ गीतों का यह पहला कार्यक्रम है। सदस्यों ने बताया कि किलकिला में आयोजित भजन संध्या का कार्यक्रम 7 नवम्बर को शाम 5 बजे से प्रारम्भ होकर रात्रि 11 बजे तक भजनों की प्रस्तुति होगी।

# कलेक्टर ने जिले में राज्योत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर**



कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने आज जिला मुख्यालय बलरामपुर के हाईस्कूल ग्राउंड पहुँचकर राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के 24वें वर्ष पूरे होने पर जिला मुख्यालय में 05 नवंबर को जिला स्तरीय एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन गरिमापूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की विशेष उपलब्धियों पर आधारित प्रदशर्नी लगाई जाएगी, जिसमें राज्य शासन के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं और सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मंच सहित स्टॉल और बैठक व्यवस्था, पार्किंग आदि की तैयारी समय पूर्व सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित श्रीवास्तव सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद थे।

# धूम-धाम से निकली गई गौरा-गौरी की कलश यात्रा

**दबंग दुनिया ♦ देवकर**



जगह-जगह हुआ पूजा अचर्ना हुआ. वरिष्ठ पत्रकार राकेश पाण्डेय ने गौरा -गौरी की पूजा अचर्ना किया प्रदेशवासियों क्षेत्रवासियों के सुख -समृध्दि की कामना की। इस दौरान राकेश पाण्डेय ने नगर देवकर एवं क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

दीपावली लक्ष्मी पूजा के दूसरे दिन गौरा गौरी कलश यात्रा धूमधाम से नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक निकाली गई बड़ी संख्या में गौरा गौरी यात्रा में लोग भी शामिल हुए बाजे के धुन में लोग झूमते नजर आए।

पंरपरा के अनुसार सर्व समाज के कुम्हार के समीप की कुवांरी मिट्टी से गौरा- गौरी की मूर्तियां बनाते हैं. इसके बाद लोग गाजे-बाजे के साथ गौरा -गौरी की बारात नगर में निकालते हैं. इस पर्व में गांव की महिलाएं, बुजुर्ग, और बच्चे सहित सभी लोग शामिल हुए. कई महिलाओं ने रास्ता रोक कर जमीन पर लेट गई, जिसके उपर से गौरा-गौरी यात्रा निकली. और और सोंटा भी मरवाते हैं। लोगों में ऐसी मान्यता है कि जिनके शरीर मे कोई रोग व बीमारी होती है ऐसा करने से लोगों के वह कष्ट दुर हो जाते हैं. बाजे के मनमोहक स्वर लोगों को नाचने पर मजबुर कर रहे थे. गाजे-बाजे के साथ पर्व का समापन किया गया.

आपको बता दे कि लोग गौरा गौरी यात्रा के दौरान पूजा करने के लिए अपने घरों के सामने चौक पुरकर इंतजार करते रहते हैं वही पूजा अचर्ना कर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं गौरा गौरी पर्व का विशेष महत्व है बड़ी संख्या में लोग गौरा गौरी पर्व में शामिल होते हैं और भगवान से अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए अर्जी विनती लगाते हैं. पूर्व सांसद प्रतिनिधि रविशंकर सोनी, अजय ढीमर, सूरज ढीमर, गणेश ढीमर, यशवंत सिहोरे, दिनेश ढीमर, संदीप सिहोरे, कन्हैया चक्रधारी, राम चक्रधारी, छोटू चक्रधारी, शामिल थे।

# एकल डीजे डांस प्रतियोगिता में भाग्यश्री रहा प्रथम



**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**

ग्राम लमकेनु में 1 नवंबर को डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें एकल,युगल एवं सामूहिक नित्य की प्रस्तुति दी गई। एकल में भाग्यश्री बरगढ़ प्रथम स्थान पर रहे,युगल में पवन हिना रायपुर प्रथम स्थान, ग्रुप डांस में जांजगीर-चंपा की प्रतिभा टीम प्रथम स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

ग्राम लमकेनी में स्व गजानन बेहेरा की स्मृति में डीजे डांस प्रतियोगिता 1 नवंबर की रात्रि को आयोजित किया गया था जिसमें सामूहिक नित्य में प्रतिभा डांस ग्रुप जांजगीर चांपा प्रथम स्थान पर रहे जिन्हें सरपंच कल्पना जगत की ओर से रु.13000 नगद राशि प्रदान की गई,जबकि आर एन सम्हर को द्वितीय पुरस्कार अशोक साहू व लोकेश प्रधान की ओर से रु.11000,वन स्टेप झारसुगुड़ा को तृतीय पुरस्कार देवानंद बेहरा की ओर से 9 हजार, शरारा भटगांव को चतुर्थ पुरस्कार राहुल बेहरा की ओर से रु.7000, हमर छत्तीसगढ़ को पंचम पुरस्कार भवानी सिदार सचिव की ओर से रु.5000, चंद्रहासिनी रायगढ़ को षस्टम पुरस्कार डिग्री सिदार की ओर से 3000 रू दिया गया। इसी तरह युगल में पवन हिना रायपुर को प्रथम पुरस्कार आशिक,कौशिक विशाल की ओर से 6000, कुशल लक्ष्मी पटेवा को द्वितीय पुरस्कार मोहित राम पटेल की ओर से 5000रू,मां बेटा पुसौर को तृतीय पुरस्कार सुभाष साहू की ओर से 4000, फ्यूचर बीन सोहेला को चतुर्थ पुरस्कार पद्मिनी विशाल सरपंच तोषगांव की ओर से 3000,शेखर करीना तेंदुकोना को पंचम पुरस्कार भूपेंद्र पटेल की ओर से रु.2000,श्रद्धा भावना चंद्रपुर को षस्टम पुरस्कार रु.1500 भारतीय चौहान की ओर से,जबकि एकल में भाग्यश्री बरगढ़ को प्रथम पुरस्कार रु.4000 हरिचरण सिदार की ओर से, जीवन साहू को द्वितीय पुरस्कार राकेश अग्रवाल की ओर से रु.3000, कल्पना राउलकेला को तृतीय पुरस्कार ललित साहू की ओर से रु.2500, रश्मिता बरगढ़ को 2000 अजीत प्रधान की ओर से चतुर्थ पुरूस्कार, सूरज निषाद को पंचम पुरस्कार 1500 लोकेश सहीस की ओर से, काजल सारंगढ़ को षस्टम पुरस्कार 1000 याचना साहू की ओर दिया गया।

# आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं मेगा फॉलोअप का आयोजन



**दबंग दुनिया ♦ तखतपुर**



आर्ट ऑफ लिविंग परिवार बिलासपुर द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं मेगा फॉलोअप का आपका आयोजन टीओके सकरी में किया गया जहां पर बड़ी संख्या में आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने उपस्थित होकर एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं मेगा फॉलोअप में शामिल होकर सुदर्शन क्रिया का लाभ लिया। इस अवसर पर नए बनी इनटीट्यूशन प्रशिक्षक माधवी वर्मा को तेजपाल अरोरा के हाँथो सम्मानित किया गया व उनके द्वारा इंटिट्यूटशन कोर्स से संबंधित जानकारी दी गयी व अधिक से अधिक बच्चों को इस कोर्स में लाने का आह्वान किया। जानकारी देते हुए धमर्वीर सिंह ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा टीओके में नवरात्रि पर्व पर विशेष यज्ञ आयोजित किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर नवरात्रि में पुण्य लाभ लिया। इसके पश्चात माह के प्रथम रविवार को दीपावली मिलन समारोह एवं मेगा फॉलोअप का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत योग एवं साधना के द्वारा की गई 2 घंटे की योग एवं साधना के पश्चात सभी ने एक दूसरे को दीप पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सत्र का संचालन मनीष सोनी एवं बृजलाल महोबिया द्वारा किया गया। संदीप वाजे ने नवरात्रि के दौरान सभी के द्वारा दिए गए आर्थिक, मानसिक, शारीरिक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और आगे भी इस तरह का सहयोग करने की अपील की। वरिष्ठ प्रशिक्षक विकास साहू ने गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के कायौं को जन जन तक पहुँचाने और अधिक से अधिक लोगो को इसका लाभ दिलाने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सभी टीचर का सहयोग सराहनीय रहा। इस दौरान तखतपुर, सकरी, बिलासपुर, कोटा, रतनपुर आदि जगहों के सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# मगधा यादव समाज ने श्री राधा कृष्ण मंदिर एवं सामुदायिक भवन के लिए किया भूमि पूजन

**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**




मगधा यादव समाज के द्वारा ग्राम अर्जुण्डा में यादव समाज के आराध्य देव श्री राधा कृष्ण मंदिर एवं सामुदायिक भवन के लिए भूमि पूजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुण्डा चित्रसेन बिशी, उप सरपंच दिनेश भोई, पंच गण प्रदीप भोई, रामलाल साहू,बसंत भोई,श्रीधर बिशी, सुशील भोई, केंद्रीय संरक्षक संवरा समाज जयदेव भोई,यादव समाज संरक्षक ध्रुव मलिक,ब्लॉक अध्यक्ष हीराधर बगर्ती, शाखा अध्यक्ष देवलभांटा कृष्टो टांणी, शाखा अध्यक्ष पोडागढ़ फकीर कठार, प्रांतीय सचिव दुर्वादल दीप, जिला सचिव ओम प्रकाश छत्रपति, वरिष्ठ समाजसेवी विजय यादव का तिलक चंदन ,राधे गमछा,अंगवस्त्र भेंट कर पारंपरिक नाम संकीर्तन और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया।


मुख्य अतिथि के द्वारा पूजा अचर्ना कर भूमि की आराधना कर पूजन की गई एवं गगनचुंबी पताका लगाया गया। कार्यक्रम में जजमान के रूप में ब्लॉक अध्यक्ष हीराधर धर्म पत्नी रमिला बगर्ती पूजा में विराजमान हुए। इसी बीच गौ माता की भी पूजा कर खिचड़ी, फल,प्रसाद खिलाया गया। मुख्य अतिथि बिशी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा यह स्थल एक पवित्र धाम बन जाएगा हम सब धन्य हो गये।

# छिंदपाली स्कूल में दीपोत्सव की रही धूम

सरायपाली। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला छिंदपाली में दीपावली अवकाश में दीपावली पर्व पर विद्यार्थियों ने स्कूल में दीपक जलाकर दीप उत्सव मनाया. विद्यालयों में अवकाश हैं, ऐसे समय में शाला में उपस्थित होकर मिलकर दीपावली मनाना यह परंपरा उक्त स्कूल में पिछले पांच वर्षों से चली आ रही है। शिक्षक चन्द्रशेखर नाग ने कहा कि अपने स्कूल के प्रति प्रेम, अपने समाज में समरसता का भाव विकसित हो इसलिए प्रत्येक दीपावली में समस्त ग्रामवासी,शाला प्रबंधन समिति,समस्त शाला परिवार मिलकर विद्यालय में दीपावली मनाते हैं। प्रधानपाठक हीरालाल दास ने सभी को संबोधित करते हुए दीपावली उत्सव के महत्त्व को बताया।शिक्षक बैलोचन प्रधान ने सभी को पटाखे फोड़ते समय सावधानी बरतने को कहा। शिक्षक इंदर साहू ने सभी को आशीर्वचन प्रदान किया।

# स्व. संतोष अग्रवाल (प्रियंका मोबाइल, सक्ती) की स्मृति में विशाल जिला स्तरीय निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिन्द जाँच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 5 नवम्बर को

**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**



स्व. संतोष अग्रवाल जी (प्रियंका मोबाइल) की स्मृति में विशाल जिलास्तरीय निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिन्द जाँच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दिनांक 05 नवम्बर 2024 दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे शाम 5 बजे तक सामुदायिक भवन कॉलेज के पास, सक्ती में किया गया है। इस शिविर में एम.जी.एम. नेत्र संस्थान रायपुर एवं अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के ख्यातिलब्ध चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का उपचार कर उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। राजकुमार अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल एवं समस्त खरकिया परिवार सक्ती द्वारा आयोजित इस शिविर में बी.पी., शुगर एवं ब्लड टेस्ट की निःशुल्क सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

स्व. श्री संतोष अग्रवाल जी निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिन्द जाँच एवं स्वास्थ्य शिविर में डॉ. अभिषेक कौशले (एमबीबीएस सिम्स, एमडी मेडिसिन), डॉ. अमोल पड़ेगांवकर (एमएसडीएनबी सर्जिकल ऑकालॉजी, सलाहकार व चिकित्सा विशेषज्ञ, अपोलो कैंसर सेंटर, बिलासपुर), डॉ. व्ही अरविन्द, एमसीएच न्यूरो सर्जरी, ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी विशेषज्ञ), डॉ. योगेश कोटवानी (डीएनबी गंगाराम हास्पिटल, कान नाक गला वटिगौ, चक्कर विशेषज्ञ), डॉ. मंदार गोकटे (मधुमेह व हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. आकाश गर्ग (लीवर रोग विशेषज्ञ), डॉ. आशुतोष कुमार जायसवाल (बीडीएस डेंटल सर्जन) जैसे ख्यातिलब्ध चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को उचित उपचार व मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस शिविर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों के लिए मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन की पूरी व्यवस्था की गई है, मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए पूरी तैयारी के साथ आना और ऑपरेशन के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड साथ में लाना भी अनिवार्य है। आने जाने और रहने के साथ ही भोजन की निःशुल्क व्यवस्था भी की गई है।

शिविर में पहुंचे मोतियाबिंद के मरीजों की आंखों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से रायपुर स्थित एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जाएगा, जहां मोतियाबिंद के ऑपरेशन और चिकित्सकों के परामर्श उपरांत पुनः निःशुल्क बस सर्विस के द्वारा मरीजों को उनके आयोजन स्थल तक पहुंचाया जाएगा। आयोजनकर्ताओं द्वारा मरीजों के रूकने, आने-जाने, भोजन आदि की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

शिविर में पंजीयन हेतु रितेश अग्रवाल 9300730731, मनीष कथुरिया 7000863563, आकाश अग्रवाल (मिन्टू) 9300792687, अनमोल गर्ग 8234079719, बंटी अग्रवाल (मालखरौदा) 9981630707, आदित्य अग्रवाल (राजा) 9301550255 और एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर मनीष 6264523310 से उनके नाम के साथ यहां दर्शाये गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। सक्ती की आन बान शान ग्रुप एवं बिहान हॉस्पिटल, सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार सक्ती द्वारा उक्त शिविर के आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

# गौरव पथ भ्रष्टाचार मामले में इंजीनियर सस्पेंड

## विधायक ने कहा उनके द्वारा किए गए शिकायत का है परिणाम

दबंग दुनिया ♦ सरायपाली



नगर में 41 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन गौरव पथ में की जा रही अनियमिताओं पर विधायक के शिकायत के बाद शासन ने बड़ी कारवाई करते हुए नगर पालिका के तत्कालीन इंजीनियर भुवन कौशिक को निलंबित कर दिया है।

इस संबंध में जानकारी लेने पर विधायक नंद ने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा नगर के विकास के लिए लगभग 41 करोड़ रूपये स्वीकृत किया गया था। गौरव पथ निर्माण में ठेकेदार द्वारा नगर पालिका के तत्कालीन सीएमओ और इंजीनियर के साथ मिलीभगत कर गुणवत्ताहीन निर्माण कराया जा रहा था। ठेकेदार द्वारा नियम विरुद्ध डिवाइडर की ऊंचाई कम कर दिया गया था। इसकी शिकायत विधायक द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव,कलेक्टर समेत आला अधिकारियों से की थी। इस संबंध में विभागीय जांच में यह बात सामने आई कि ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए तत्कालीन सीएमओ और इंजीनियर ने इस्टीमेट में छेड़छाड़ करते हुए डीवाइडर की ऊंचाई कम कर दी। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया है। विधायक नंद ने तत्कालीन सीएमओ और ठेकेदार के खिलाफ भी कड़ी कारवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी।

गौरव पथ निर्माण में की जा रही अनियमिताओं को लेकर विधायक नंद ने पहले तो कलेक्टर समेत उच्च अधिकारियों के समक्ष शिकायत की थी परंतु कोई कारवाई नहीं की गई,जिससे आहत होकर विधायक ने एक दिवसीय भूख हड़ताल कर अविलंब कारवाई की मांग की थी। विधायक के भूख हड़ताल में बैठने से शासन प्रशासन सकते में आ गए और अब जाकर कारवाई की गई है। गौरव पथ निर्माण जब से शुरू हुआ है तबसे इसकी ढेरों शिकायतें विधायक समेत नगरवासियों द्वारा लगातार की जा रही थी। ठेकेदार द्वारा नियम कायदों को दरकिनार करते हुए निर्माण किया गया। ना तो नाली निर्माण पूर्ण किया गया और ना ही नियमित पानी डाला गया जिससे नगरवासी धूल खाने मजबूर है।




सरायपाली। दीपोत्सव के शुभ अवसर पर कैलाश किराना स्टोर्स के सुरभि अग्रवाल एवं अंशिका अग्रवाल के द्वारा भगवान कृष्ण का बहुत ही सुंदर रंगोली बनाया गया था। जो आकर्षक का केंद्र रही।



सरायपाली। दीपावली पर्व पर सेमलिया निवासी कृतिका पिता नरेश प्रधान के द्वारा माता सरस्वती का आकर्षक रंगोली बनाया गया था।

# कालेज में सरदार वल्लभभाई पटेल के जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया

दबंग दुनिया ♦ सरायपाली



स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजनीति विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया ।

कार्यक्रम को राजनीति विज्ञान विभाग सहायक प्राध्यापक डॉ झरना साव ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरदार पटेल भारत के लौह पुरुष थे और देशी रियासतों को एकता के सूत्र में पिरोना का महत्वपूर्ण कार्य किया।भारत को अखंड एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सहायक प्राध्यापक नरेश जगत ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा सरदार पटेल एक निर्भिक एवं कुशल प्रशासक थे ,जिनके कुशल नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को एक नई दिशा दी तथा युवाओं को प्रेरणा देकर स्वतंत्रता के आंदोलन में आगे आने के लिए प्रेरित किया। जब भारत की एकता और अखंडता कमजोर हो रही थी सरदार पटेल के द्वारा ही स्वतंत्र भारत में एक मजबूत राष्ट्र की कल्पना की गई और देश को एकीकरण के सूत्र में कार्य करने का बागडोर सरदार पटेल को दिया गया ।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान यू के बरिहा ने कहा कि सरदार पटेल एक ऐसे महामानव थे जो देश को एक प्रभुत्व संपन्न राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे। भारत की आजादी के बाद जब देश में हिंदू मुस्लिम के हिंसा और कई प्रकार के दंगे हो रहे थे,तब कुछ रियासतों के शासक भारत में शामिल होना नहीं चाहते थे,उन्होंने संदेश भेजकर भारतीय संघ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया अन्यथा उसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। भारतीय संविधान का निर्माण किया जा रहा था उस संविधान सभा में सरदार पटेल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। देश के प्रशासनिक ढांचा को व्यवस्थित करने के लिए उन्होंने अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा की स्थापना की, जिससे भारत को योग्य एवं समर्पित लोक सेवक के रूप में नियुक्ति दिया जा सके और भारतीय प्रशासन कुशलता से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। उनके दूरगामी परिणाम का ही सोच था कि भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व में उभर रहा है, विश्व कल्याण, सद्भावना और मानव सेवा के लिए अपना महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। भारत शांति का पक्षधर रहा है इसीलिए किसी भी युद्ध में समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता ।महात्मा गांधी के साथ उन्होंने अंग्रेजी सत्ता को हराने के लिए कार्य किया और अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए विवश होना पड़ा। आज पूरा भारत सरदार पटेल के द्वारा किए गए अमूल्य कार्यों को याद कर रहा है और उनकी याद में ही भारत में यूनिटी ऑफ यूनिटी की स्थापना की गई है, जो भारत की गौरवशाली परंपरा को प्रतिस्थापित कर रहा है। इसके पश्चात महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकता का शपथ दिलाया गया। राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी और कमर्चारियों तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मालखरौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर एवं नर्स तथा सफाई कर्मचारी की विरुद्ध कार्रवाई को लेकर थाने में दिया ज्ञापन

दबंग दुनिया ♦ सक्ती/मालखरौदा



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालखरौदा में 31. अक्टूबर को समय शाम 04:30 बजे को ड्यूटी में रहे डॉक्टर एवं नर्स तथा सफाई कमर्चारी के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने को लेकर थाना में दिया ज्ञापन शिकायतकर्ता अजय कुमार जांगड़े पिता स्व. भजोराम जांगड़े, जाति सतनामी, ग्राम बड़ेसीपत, 31 अक्टूबर.. को अपने धर्म पत्नि श्रीमती सुनिता जांगड़े को डिलवरी कराने के लिए समय लगभग शाम 04:30 बजे को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालखरौदा में लाया था यहां आने के बाद लगभग 2 घंटे तक मेरी पत्नि दर्द से तड़फ रही थी स्वास्थ्य केन्द्र में कोई भी डॉ. या नर्स नहीं थे लगभग 2 घंटे बाद एक सिस्टर ममता बड़ा आई और मेरी पत्नि की डिलवरी करवाई जिससे मेरी पत्नि की बच्ची जिन्दा पैदा हुई। कुछ समय बाद देख रेख के अभाव में बच्ची की मृत्यु हो गई। उसके बाद नर्स ममता बड़ा ने बच्ची की नाल काटकर कैंची को बच्ची के नाल में ही छोड़ दी उसके बाद कहीं चली गई में लगभग आधे घंटा तक उस नर्स ममता बड़ा को खोजता रहा नर्स नहीं मिलने पर मैंने एक स्टाफ पुरुष कार्यकर्ता तरुण साहू को पुंछा कि नर्स दीदी कहां है तो तरुण साहू ने मेरे मां बहन की भद्दा भद्दा गाली दिया में बोला कि भाई गाली क्यों दे रहे हो इतने में तरुण साहू ने चाकु निकालकर मुझे जान से मारने की धमकी दिया में वहां से भाग कर अपने पत्नि सुनिता पास आया तो देखा कि मेरी पत्नि अचेत अवरुथा में पड़ी थी उसके शरीर पर कोई वस्त नहीं था मेरी पत्नि ओर मेरी बच्ची निंवस्त्र थे ओर खुन से सने थे सफाई कमर्चारी व नर्स द्वारा दोनों को ना ही कपड़ा से ढंका ना ही साफ सफाई किया में अपने बचची कि निधन से बहुत दुखी था ऐसे में तरुण साहू द्वारा मुझे मां बहन की भद्दा भद्दा गाली दिया ओर चाकु दिखाकर मारने की धमकी दिया जिससे मै बहुत आहत हूँ। अगर वहां से नर्स ममता बड़ा भागी नहीं होती और ड्युटी पर डॉ. होते तो मेरी बच्ची की जान बच सकता था साथ ही उन्होंने लापरवाही पर रखने वाले नर्स ममता बड़ा डीएमओ मृत्युंजय राठौर डॉक्टर अनुज साहू एवं पुरस्कार तो साहू को तत्काल निलंबित किए जाने एवं सभी के विरुद्ध एफआईआर दर्द किए जाने की मांग किया है वही एक सप्ताह के बेटा है उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं किए जाने पर पत्नी के साथ आमरन अनशन किए जाने की बात लिखा है।

# श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार ने मुक्तिधाम में जलाया एक दिया पितरों के नाम



दबंग दुनिया ♦ सक्ती

भारतीय संस्कृति व परंपरा आज भी विश्व में सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि भारतीय संस्कृति में मनुष्य के साथ जीवजंतु पशुपक्षी, पेड़पौधे, जलथल नभ, चर अचर सभी के सम्मान व पूजन की परंपरा है फिर चाहे जीवित अथवा मृत ही क्यों न हो ? इन्हीं परंपराओं में से एक मृत स्वजनों अर्थात पितरों का पूजन भारतीय संस्कृति व परंपरा का प्रमुख व शाश्वत हिस्सा रहा है । आज इस परंपरा को आत्मसात करते हुए सक्ती मुक्तिधाम के संरक्षण व संवारने हेतु प्रयत्नशील श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार, सक्ती ने कार्तिक अमावस्या दीपावली पर मुक्तिधाम में एक दिया पितरों के नाम... के आगाज के साथ स्मृतिशेष स्वजनों की याद में सामूहिक दीप प्रज्ज्वलित व पूजन कर पितरों को स्वगलीक गमन हेतु विदाई दी गई। धार्मिक मान्यता है कि हमारे स्वगर्वासी स्वजन पितर पक्ष में भूलोक आगमन पर हमारे तर्पण पूजन स्वीकार करने के बाद कार्तिक अमावस्या को पुनः बैकुंठवास परमधाम स्वर्ग द्वार पर पहुंचते हैं जहां एक पल पलट कर अपने परिजनों पर दृष्टिपात करते हैं तथा अपने स्वजनों को एक साथ खड़े होकर दिए की रोशनी में अपना स्मरण पूजन करते देख कर उन्हें अपार तृप्ति व शांति होती है और खुश होकर आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इन्हीं भारतीय संस्कृति व परंपराओं का अनुसरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार सक्ती के द्वारा मुक्तिधाम संरक्षण के साथ आज कार्तिक अमावस्या याने दीपावली के पावन अवसर पर ?एक दिया पितरों के नाम? के आगाज के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर स्मृतिशेष आत्माओं का पूजन किया गया। इन पलों में हनुमान परिवार के संरक्षक एवं हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक चितरंजय सिंह पटेल ने बताया कि भारतीय संस्कृति परंपराओं का अनुसरण हर सनातनी भारतीय का कर्तव्य है। इस अवसर पर पुजारी ओम प्रकाश वैष्णव,नारायण मौर्य @ कोंडके, गोवर्धन देवांगन @ सोनू, अमित तंबोली, रिंकू निर्मलकर, संतोष देवांगन, महेंद्र गबेल, दिनेश साहू, दिनेश देवांगन, हुतासन देवांगन आदि के साथ हनुमान परिवार के लोगों ने उन सभी पितरों का पूजन किया जिनके आशीर्वाद और दिए गए संस्कारों का अनुसरण कर समाज में एक पहिचान के साथ खड़े होने के योग्य बन सके।

# गौरा गौरी की पूजा कर राकेश पाण्डेय ने लिया सोंटा

दबंग दुनिया ♦ देवकर

गौरा गौरी की पूजा कर भारतीय जनता पार्टी साजा विधानसभा मीडिया विभाग एवं वरिष्ठ पत्रकार राकेश पाण्डेय ने लिया सोंटा, निभाई परम्परा और सब को दी दीपावली की बधाई।दीपावली पर्व की पावन अवसर पर नगर देवकर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में के कई इलाकों में गौरी गौरा पूजा का भी आयोजन किया गया। जहां नगर देवकर के वरिष्ठ पत्रकार ने भगवान गौरी गौरा की पूजा में शामिल हुए और विधिवत पूजा अचर्ना के बाद उन्होंने सोंटा लेकर छत्तीसगढ़ी परंपरा का निर्माण किया। भारतीय जनता पार्टी साजा विधानसभा मीडिया विभाग सह प्रभारी एवं वरिष्ठ पत्रकार राकेश पाण्डेय के हाथ मे सोंटा मारा। इस दौरान उन्होंने पूरे भिलाई वासियों को दीपावली के पावन पर्व की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही भगवान गौरव गौरी से नगर देवकर के सभी नागरिकों के सुख शांति और समृद्धि की हाथ जोड़कर प्राथर्ना की।





# कबीर पंथ के किसी भी धर्म गुरुओं पर कोई उंगली दिखाएगा उसे गबेल समाज बर्दाश्त नहीं करेगा

दबंग दुनिया ♦ सक्ती



दामाखेड़ा वंशगुरु पर हमला अत्यंत गंभीर मामला है। देश-विदेश मे दामाखेड़ा वंश गुरु को मानने वाले करोड़ों कबीर पंथियों पर अत्यंत गंभीर आघात है, जिस पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश गबेल समाज द्वारा आज 2 नवंबर को छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। सक्ती जिला मुख्यालय में गबेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष लालू गबेल के नेतृत्व में आज दामाखेड़ा कबीर धर्म गुरु वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब के ऊपर हमला करने वाले को कड़ी सजा देने की मांग किया गया है। इस गंभीर घटना को लेकर गबेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष लालू गबेल ने कहा कि हम कबीर पंथी बहुत ही शांत और सात्विक जीवन जीते पर परन्तु अगर कोई भी हमारे धर्म गुरुओं पर उंगली उठाएं तो गबेल समाज उसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। समाज द्वारा मांग किया गया है कि दोषियों को इतनी बड़ी सजा मिलेगी दोबारा ऐसी घिनौनी हरकत करने किसी की हिम्मत ना हो। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गबेल समाज के लोग उपस्थित होकर छत्तीसगढ़ प्रदेश गृह मंत्री के नाम सक्ती थाना में ज्ञापन सौंपा गया।

Scanned with OKEN Scanner

# भिवंडी में मोबाइल चोरी के शक में 25 वर्षीय युवक की पीट पीटकर हत्या

## 7 हमलावर गिरफ्तार, एक फरार

दबंग रिपोर्टर » भिवंडी



मोबाइल फोन की चोरी के संदेह में 8 लोगों ने मिलकर 25 वर्षीय युवक की लकड़ी के डंडे से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी। उक्त घटना भिवंडी शहर के गोविंद नगर इलाके में पाइप लाइन रोड पर स्थित एक गोदाम के पीछे घटित हुई है।इस मामले में शांतिनगर पुलिस ने हत्या का केस दर्जकर 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि 1 फरार आरोपियों की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है।

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार भिवंडी के नदिया पार इलाके में परिवार के साथ रहने वाले व कोलकाता का मूल निवासी मोहम्मद रहेमत शाह आलम 25 की शव स्थानीय गोविंद नगर इलाके में पाइप लाइन के पास एक गोदाम के पीछे 23 अक्टूबर को स्थानीय लोगों की सूचना पर शांतिनगर पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेने के साथ पुलिस हवालदार शांताराम चौरे 40 की शिकायत पर अज्ञात कारण से अज्ञात युवक की पिटाई कर हत्या करने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 के तहत केस दर्ज कर पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुट गई।घटना के चार घंटे में पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने के साथ इस हत्याकांड को 8 लोगों द्वारा अंजाम दिए जाने का खुलासा हुआ। उक्त जानकारी देते हुए शांतिनगर पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई विनायक गायकवाड ने बताया कि इस मामले में 6 आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था।जबकि 1 आरोपी को शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया गया।जबकि अभी 1 आरोपी की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि उन्हें मृतक मोहम्मद रहेमत शाह आलम की जेब में चार मोबाइल फोन दिखा था। जिसमें से एक मोबाइल आठ लोगों में से एक व्यक्ति का होने का इन लोगों को शक हुआ।जिसके कारण सभी ने मिलकर चोरी के शक में लकड़ी के डंडे से पीट पीटकर रहेमत को मौत के घाट उतार दिया।जिन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया है।जिन्हे अदालत ने तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।जबकि 1 अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# अरिहंत एकेडमी ने जील एकेडमी का अधिग्रहण कर उच्च स्तरीय पढ़ाई को दी नई दिशा

दबंग रिपोर्टर » मुंबई

प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का सपना देखने वाले विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए, अरिहंत एकेडमी ने जील एकेडमी का अधिग्रहण कर लिया है। अरिहंत एकेडमी, जो भारत के प्रमुख कोचिंग संस्थानों में से एक है, इस विलय से अब मुंबई के छात्रों को बेहतरीन शिक्षण, आधुनिक संसाधनों और व्यक्तिगत मार्गदर्शन तक शानदार पहुंच प्रदान करेगी।

इस खबर से विद्यार्थी बेहद उत्साहित हैं। अरिहंत एकेडमी का हमेशा से उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है और उसके अनुभवी शिक्षकों के प्रयासों ने कई छात्रों को उनकी मंजिल तक पहुँचाया है। अब जील एकेडमी की स्थानीय विशेषज्ञता और चिकित्सा परीक्षाओं पर केंद्रित कोर्सेज के साथ जुड़ने से, यह संस्थान छात्रों की जरूरतों की व्यापक श्रृंखला को पूरा करने में और भी सक्षम हो गया है। अरिहंत और जील के इस मिलन से अब छात्रों के पास विभिन्न कोर्स विकल्प होंगे, जिनमें कक्षा 8 से 10 तक के फाउंडेशन कोर्स और कक्षा 11 और 12 में जेईई मेन, जेईई एडवांस्ड और एनईईटी जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शामिल है। यह रणनीतिक कदम विद्यार्थियों को सपनों को हकीकत में बदलने का एक मजबूत मंच प्रदान करेगा और उनकी प्रगति को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

जील एकेडमी ने हमेशा अपने अभिनव शिक्षण तरीकों और आईआईटी जेईई व एनईईटी की तैयारी में शानदार सफलता के लिए एक अलग पहचान बनाई है। इस अधिग्रहण से जील एकेडमी को अब अरिहंत एकेडमी के विशाल संसाधनों का लाभ मिलेगा, जिसमें विस्तृत अध्ययन सामग्री, आधुनिक शिक्षण विधियाँ और अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन शामिल है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि छात्रों को केवल परीक्षा की तैयारी ही नहीं, बल्कि एक समग्र शिक्षा भी मिले।

इस भागीदारी का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अब शिक्षा की सुलभता में भी सुधार होगा। अरिहंत एकेडमी की मुंबई में मजबूत उपस्थिति पहले से ही है, और जील एकेडमी के स्थानीय संपर्क इस साझेदारी को और मजबूत बनाएंगे। इससे नवी मुंबई और शहर के दूरदराज इलाकों में भी उच्च-गुणवत्ता की शिक्षा आसानी से पहुंच सकेगी। अब छात्रों को लंबी दूरी की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी और भौगोलिक बाधाएं उनकी पढ़ाई के रास्ते में नहीं आएंगी। यह सहयोग न केवल छात्रों के समय और ऊर्जा की बचत करेगा, बल्कि उन्हें अपनी पढ़ाई पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने का मौका भी देगा।

अरिहंत एकेडमी के प्रबंध निदेशक अनिल कपासी ने कहा कि यह अधिग्रहण विद्यार्थियों की पढ़ाई को और बेहतर बनाने का एक वादा है। इस साझेदारी के जरिये हम छात्रों को शिक्षा का अधिक समृद्ध और मजबूत ढांचा प्रदान करेंगे। हमारी कोशिश होगी कि हम उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तिगत ध्यान भी दें, ताकि हर छात्र अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को आसानी से हासिल कर सके। अनिल कपासी ने यह भी कहा कि इस सहयोग से हम अपने पाठ्यक्रम को और बेहतर बना पाएंगे, नए प्रोग्राम्स जोड़ सकेंगे और छात्रों को पढ़ाई का एक समग्र और व्यापक अनुभव दे सकेंगे। इस साझेदारी का मुख्य उदेश्य है कि हमारे छात्र प्रवेश परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें और उनके शैक्षणिक प्रयास सफल हों। कुल मिलाकर, यह गठजोड़ छात्रों को अधिक मजबूत और आत्मविश्वासी बनाएगा, ताकि वे अपने भविष्य की राह में हर चुनौती का डटकर सामना कर सकें।

यह साझेदारी छात्रों के पढ़ाई के अनुभव को और बेहतर बनाएगी। अरिहंत एकेडमी के मजबूत पाठ्यक्रम और जील एकेडमी के प्रायोगिक शिक्षण पर फोकस के साथ, छात्रों को ऐसी शिक्षा मिलेगी जो न केवल उन्हें परीक्षाओं में सफलता दिलाएगी बल्कि असल दुनिया की चुनौतियों के लिए भी तैयार करेगी। रोजाना मॉक टेस्ट और नियमित कक्षाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि छात्र हमेशा अपनी तैयारी में आगे रहें और समय-समय पर फीडबैक पाते रहें, ताकि वे लगातार सुधार कर सकें।

# चित्रकार पूनम राठी की पेंटिंग्स की प्रदर्शनी 27 अक्टूबर तक नेस्को ग्राउंड, गोरेगांव में



दबंग रिपोर्टर » मुंबई

मशहूर चित्रकार पूनम राठी की पेंटिंग प्रदर्शनी गोरेगांव के नेस्को ग्राउंड में चल रही है और इसे कलाप्रेमियों से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिल रही है। पिछले दो दिनों से चल रही इस प्रदर्शनी का अवलोकन बॉलीवुड अभिनेता विंदु दारासिंह, फिल्म कोरियोग्राफर उमेश जाधव, मशहूर चित्रकार सदाशिव सावंत जी ने किया। कला प्रेमी इस प्रदर्शनी को 27 अक्टूबर तक निशुल्क देख सकते है ।

कलाकार सच में मनस्वी होता है! सच्चे भाव से कलाकार का ब्रश और पेंसिल उसकी भावनाओं को कैनवास पर अभिव्यक्त करता है। पूनम का जीवन एक सच्ची कहानी है क्योंकि उन्हें बचपन से ही अपने पिता की प्रेरणा से पेंटिंग का शौक था। किशोरावस्था में भी पूनम ने उस प्यार को संजोकर रखा। शादी के बाद पूनम की दुनिया ही बदल गई। लेकिन जिस तरह उनके पिता ने कला के प्रति उनके प्यार को महसूस करके उनका समर्थन किया, उसी तरह उनके पति ने भी उन्हें पेंटिंग की दुनिया में फिर से रहने के लिए समर्थन दिया।

पूनम सपनों के शहर में खोई हुई सी घूमती है, देखती है और तस्वीरों की दुनिया खींचती है। जिस तरह एक मूर्तिकार अपने हाथ से मूर्ति को भगवान का रूप देता है, उसी तरह पूनम भी स्केचिंग के जादू से भगवान के रूप को कैनवास पर उकेरती हैं। पूनम की गणपति और विट्ठल की स्केचिंग को देखकर, साक्षात भगवान को देखने जैसा महसूस होता है। इतना ही नहीं, पूनम ने ऐक्रेलिक या पानी के रंग में किये पेंटिंग की भी सराहना की जाती है। पेटिंग्स आपको जीवन के दुखों को भुलाकर उनका आनंद लेने पर मजबूर कर देती हैं। दरअसल, दुनियाभर में हम अलग-अलग तरह की पेटिंग देखते हैं, लेकिन मन, भावनाओं और हाथ की ब्रश से निकलने वाली पेटिंग्स की बात और भी कुछ खास होती है। पेंटिंग के साथ-साथ, पूनम का एक और जुनून कविता लिखना था, विभिन्न विषयों पर पूनम राठी की कविताओं को पढ़ने के बाद, उन्हें अपनी जागरूकता और सामाजिक चेतना की भावना का एहसास हुआ। मशहूर चित्रकार सदाशिव सावंत से पेंटिंग की बारीकियां सीखने के बाद पूनम राठी ने कई पेंटिंग बनाईं। और एक दिन पुनम राठी और नंदकिशोर राठी ने सोचा कि पूनम राठी की पेंटिंग्स को नेस्को ग्राउंड में एक कला प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाना चाहिए।


इस प्रदर्शनी पर करीब दो महीने से काम चल रहा था` लेकिन अचानक तबीयत खराब होने के कारण नंदकिशोर और पूनम राठी की बेटी रीनल को प्रदर्शनी से पांच दिन पहले गहन चिकित्सा में भर्ती कराना पड़ा। लेकिन पूनम राठी ने हार नहीं मानी. इस प्रतिकूल परिस्थितीमे उनका असली सहयोग नंदकिशोर राठी ने किया, पूरे दिन लड़की की सुश्रुषा के बाद चित्र प्रदर्शनी की तैयारी, ऐसी जीवंत स्थिति में पूनम राठी ने अपना दृढ़ संकल्प न छोड़ते हुए चित्र प्रदर्शनी में भाग लेना सुनिश्चित किया। 25 26 27 अक्टूबर 2024 पुनम राठी ने नेस्को ग्राउंड गोरेगांव में आयोजित चित्र प्रदर्शनी में अपने चित्रों का प्रदर्शन किया। पूनम राठी ने साबित कर दिया कि कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहना चाहिए। प्रदर्शनी के पहले दिन पूनम राठी की पेंटिंग बिक गई। पूनम और नंदकिशोर राठी के बीच सामाजिक कार्य की भावना ने उन्हें यहां भी चुप नहीं रहने दिया। चित्रप्रदर्शन के पहले दिन बेची गई 2 पेंटिंग का शुल्क स्वामीत्वधन के विनियोग के रूप में यह राशि जल्द ही मुंबई में गतिशील बच्चों के संगठन को हस्तांतरित कर दी जाएगी। चित्रकार पूनम राठी जल्द ही मुंबई में अपनी पेंटिंग की एक और स्वतंत्र प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा युवक को धमकाने का आया मामला

## पैसे लेकर लाडली बहन योजना का फार्म भरने का मामला

दबंग रिपोर्टर » डोंबिवली

माझी लाडली बहन योजना अंतर्गत भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा पैसे लेकर फार्म भरने से रोका तो युवक के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने व धमकाये जाने की घटना घटित हुई जिसकी शिकायत युवक ने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज करा दिया है ।


N.C.R
NON CONGNIZABLE OFFENCE INFORMATION REPORT
In respect of Non Cognizable Offence
(Under Section 174 B.N.S.S.)
एन.सी.आर

बताते चले कि डोंबिवली के साँगाव निवासी धीरज तिवारी ने बताया कि इसी परिसर में भाजपा के कार्यालय में माझी लाडली बहन योजना का आवेदन करने के लिए 200 से 300 रुपये लिए जा रहे थे जिसका सबूत भी उनके पास है । उन्होंने इसका विरोध किया तो उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया इतना ही नही शर्मिला मिश्रा नामक महिला ने धीरज की पत्नी को फोन कर कहा कि मैं बीजेपी की डोंबिवली महिला हेड हूं कुछ भी कर सकती हूं तुमको साँगाव में रहना है तो चुपचाप रहो । इसकी शिकायत धीरज ने शर्मिला के वरिष्ठ राजन पांडे से किया पर उन्होंने भी उनकी बात नही सुनी अन्ततः नागेंद्र फौजदार शर्मा से शिकायत किया तब नागेंद्र ने धीरज को अपने कार्यालय पर बुलाया जहाँ पर मौजूद पूजा सिंह ने अभद्र भाषा का प्रयोग कर धीरज को धमकाया की शाँति से रहो नही तो तुम्हारा यहां रहना दूभर हो जाएगा। आखिरकार पीड़ित धीरज ने अपने साथ न्याय ना होता देख मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायत दर्ज करा दिया है साथ ही भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों से मांग किया है कि ऐसे लोगो पर अंकुश लगाए जो भाजपा की छवि को धूमिल कर रहे हैं ।

# भिवंडी के एक घर में बरामद हुआ बड़ी मात्रा में बीफ

## 6 लोगों पर केस दर्ज, एक गिरफ्तार, बीफ काला बाजारियों के हौसले बुलंद

दबंग रिपोर्टर » भिवंडी

बीफ पर शासन द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद बीफ विक्री का गोरखधंधा जोरों में किया जा रहा है।निजामपुर पुलिस ने स्थानीय पटेल मोहल्ला के एक घर में छापा मारकर पांच गोवंश जानवरों का 1 लाख 60 हजार रुपए कीमत का मांस बरामद किया है।इस मामले में पुलिस ने छह लोगों पर केस दर्जकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।जबकि आए दिन पुलिस की कार्रवाई के बावजूद बीफ माफियायायों के हौंसले बुलंद हैं।

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बजरंग दल के कल्याण विभाग के संयोजक दादा गोसावी को 25 अक्टूबर को सुबह 5 बजे गुप्त सूचना मिली कि स्थानीय पटेल मोहल्ला में गोवंश के जानवरों की कत्ल के बाद एक घर में मांस जमकर रखा हुआ है। उक्त सूचना के बाद दादा गोसावी ने अपने साथियों व पुलिस को साथ में लेकर उक्त घर में सुबह 6 बजे छापामारी की ,जहां पांच जानवरों के सिर,पांव व बड़े पैमाने पर मांस बरामद हुआ।जिसकी कीमत 1 लाख 60 हजार 800 रुपया बताया गया है।इस मामले में पुलिस ने घटनास्थल से कलीम मोहम्मद फकीर अंसारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद मांस के सिंपल को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजने के साथ ही बरामद मांस को ईदगाह रोड पर लेकर जमीन में दफन करके नष्ट कर दिया। इस मामले में कृष्णा शर्मा की शिकायत व गिरफ्तार आरोपी के निशानदेही पर 6 लोगो पर निजामपुर पुलिस स्टेशन में महाराष्ट्र प्राणी रक्षक सुधार अधिनियम 2005 के विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्जकर फरार आरोपी सफर अली शेख उर्फ गप्पू, सरवर ,आरिफ कुरैशी,वाहिद हाजी मोहम्मद सलाम व कलीम सलीम कुरैशी की तलाश में सरगर्मी से जुट गई है।मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक व्ही.एस. बव्हाण कर रहे है।

# विरार पुलिस की कार्रवाई ! लिफ्ट देने के बहाने यात्रियों से लूटपाट करने वाले 4 आरोपी धरदबोचे

दबंग रिपोर्टर »नालासोपारा

लिफ्ट देने के बहाने यात्रियों से लूटपाट करने वाले 4 आरोपी को विरार पुलिस ने महज 24 घंटे में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई परिमंडल 3 (डीसीपी) जयंत बजबले और (एसीपी) बजरंग देसाई के मार्गदर्शन में विजय पवार, (वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक,विरार), सुशीलकुमार शिंदे,पुलिस निरीक्षक - अपराध ) के नेतृत्व में अपराध जांच शाखा के सहायक पुलिस निरीक्षक ज्ञानेश फडतरे, सपोनि, स्वप्नील कदम और पोउपनिरी अविनाश हाटखिले की टीम ने की है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि, 20 अक्टूबर को प्रात:3:30 से 4 बजे के बीच 4 अज्ञात शख्स ने शिकायतकर्ता को विरार रेलवे स्टेशन स्थित छोड़ने के बहाने लिफ्ट देकर, इटिंगा कार में बैठाकर (नंबर नहीं मालूम),चाकू का भय दिखाकर, दाहिने हाथ और सिर पर वार किया, मोबाईल फोन,500 रुपए आदि सामग्री जबरन लूटकर फरार हो गए। उक्त घटना विरार पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपियों के ऊपर कलम 309 (6),3 (5) के तहत केस दर्ज किया गया था।पुलिस अधिकारी ने बताया कि,वरिष्ठों के सुझाव के अनुसार जबरन चोरी जैसे अपराध की गंभीरता को देखते हुए अपराध जांच शाखा ने अपराध की जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज की जांच की, फुटेज में शिकायतकर्ता को लूटने वाली इटिंगा कार के बाजू से एक लोगो दिखाई दे रहा है, सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से उक्त लोगो को ट्रैक करने पर पता चला कि उक्त लोगो धानिव बाग नालासोपारा-पूर्व स्थित मानवाधिकार परिषद का है। धानीव बाग में एक गुप्त मुखबिर के माध्यम से उक्त कार और उस पर लगे लोगो के बारे में पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त कार मालिक गुफरान खान निवासी- धानीव बाग,नालासोपारा पूर्व की है।तदनुसार गुफरान खान से पूछताछ करने पर पता चला कि कार मालिक ने उक्त कार अशरफ मोहम्मद इशाक रंगरेजा निवासी- रूम नंबर बी/201 अमनदीप अपार्टमेंट, दुबे स्कूल के पास, बिलालपाड़ा, नालासोपारा पूर्व को चलाने के लिए दी थी।तदनुसार, जब अशरफ इशाक को बोरीवली से हिरासत में लिया गया, तो उसने अपराध कबूल कर लिया।अपराध में उसके अन्य साथी (2).अलीनजिर अहमद खान (22),(3).रवीकुमार देवनारायण गौतम (26), (4). आकाश राकेशकुमार मोदनवाल (22) को हिरासत में लेकिनगिरफ्तार कर लिया है।आरोपियों द्वारा चोरी की गई 100 प्रतिशत संपत्ति और अपराध करने में इस्तेमाल की गई इटिंगा कार जब्त कर ली गई है। वरिष्ठों के मार्गदर्शन और निर्देश के अनुसार,विरार पुलिस स्टेशन अपराध का पता लगाने वाली टीम के अधिकारियों और जांच कर्मचारियों ने अथक प्रयासों से अपराध का खुलासा किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आदित्य बिरला ग्रुप के इंद्रिया ने मुंबई में अपने दूसरे स्टोर के शुभारंभ के साथ अपनी मौजूदगी का विस्तार किया




मुंबई। आदित्य बिरला ग्रुप के ज्वेलरी ब्रांड, इंद्रिया ने आज मुंबई में अपने दूसरे स्टोर का उद्घाटन किया। जुलाई के महीने में लॉन्च के बाद से अब तक इस ब्रांड के 10 स्टोर्स का शुभारंभ किया जा चुका है– जिनमें से दिल्ली में तीन स्टोर्स, मुंबई एवं पुणे में दो स्टोर्स तथा इंदौर, अहमदाबाद और जयपुर में एक-एक स्टोर मौजूद हैं। मुंबई के आर-सिटी में इस नए स्टोर की शुरूआत के साथ, यह ग्रुप अपनी जबरदस्त ब्रांड इक्विटी और बाजार की गहरी समझ का लाभ उठाते हुए ग्राहकों के लिए अपने पोर्टफोलियो को और मजबूत बना रहा है। मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी है और जबरदस्त चहल-पहल वाले इस शहर को अपने जिंदादिल आभूषण बाजार के लिए जाना जाता है। यह शहर देश के सर्वाधिक संभावनाओं वाले क्षेत्रों में से एक है, जो इंद्रिया को यहाँ के विविधतापूर्ण और समृद्ध ग्राहकों के साथ जुड़ने का बेमिसाल अवसर प्रदान करता है। नए जमाने के ट्रेंड्स के बेजोड़ संगम के साथ, मुंबई ज्वेलरी के रिटेल कारोबार के लिए बेहद रोमांचक माहौल प्रदान करता है। इसी वजह से, अव्वल दर्जे की कारीगरी के साथ-साथ बेहतरीन डिजाइनों को पेश करने के लिए यह शहर सबसे उपयुक्त है। आदित्य बिरला समूह के अध्यक्ष, श्री कुमार मंगलम बिरला ने जुलाई में इंद्रिया को लॉन्च किया, और अगले 5 सालों में इस ब्रांड को भारत के तीन सबसे बड़े ज्वैलरी रिटेलर्स के बीच स्थान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 5,000 करोड़ रुपये के अभूतपूर्व निवेश के साथ इस महत्वाकांक्षी उद्यम को शुरू किया गया है, जो भारत में रिटेल ज्वैलरी कारोबार के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव लाने के लिए आदित्य बिरला समूह के अटल इरादे को दर्शाता है।

### महानगरपालिका ने दो लोगों पर दर्ज कराया एमआरटीपी

वसई। वसई विरार शहर महानगरपालिका ने दो लोगो पर एमआरटीपी के तहत विरार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार, संतोष घोलप, वसई विरार शहर महानगरपालिका में कार्यरत है। उन्होंने 25 अक्टूबर को विरार पुलिस स्टेशन में शिकायत में बताया कि,गांव मौजे विरार मौजे, विरार पूर्व में सर्वे नं.70 हिस्सा नं.5 अ या स्थान पर आरोपी (श्री साई गणेश डेव्हलपर्स द्वारा विकासक हितेश छोटेलाल परमार और जमीन मालिक नारायण जीवन देशमुख ) ने किसी सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लिए बिना अनाधिकृत रूप से आरसीसी जी+4 श्री साई मंगलम अपार्टमेंट भवन का निर्माण किया, पुलिस की माने तो शिकायतकर्ता ने उक्त आरोपी को नोटिस,स्थल पंचनामा आदि दस्तावेज तैयार करने के बाद 25 अक्टूबर एफआईआर दर्ज की गई है।

### अकेले जीवनयापन करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को पुलिस ने दी दीपावली की मिठाई

ठाणे। कानून व्यवस्था देखते हुए पारंपरिक पर्व पर कोपरी पुलिस ने घर पर अकेले जीवनयापन व्यतीत करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए परिवार का हिस्सा बनते दिखाई दे रहे हैं।नजदीक दीपावली पर्व के निमित्त वरिष्ठ नागरिकों के घर पर जाकर मिठाई बांटी। आज के भाग दौड़ की परिस्थिति में मनुष्य अपने आप में ही व्यस्त है किसी को भी किसी के लिए कुछ पड़ा नही है। ऐसी ही परिस्थिति में घर में अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों का ध्यान रखने के लिए किसी भी मनुष्य का ध्यान नहीं है। ठाणे के पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने घर में अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों का विशेष रूप से ध्यान रखने के लिए निर्देश दिया है। जिसका पालन करते हुए कोपरी पुलिस थाने के अंतर्गत जिस किसी भी वरिष्ठ नागरिक के नजदीक के रिश्तेदार नही है उनके मदद के लिए कोपरी पुलिस तटस्थ है। महीने में एक से दो बार घर पर जाकर पूछताछ करते हैं और कोई समस्या है तो उसका निजात दिलाने के लिए सहयोग करते हैं। कोपरी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निशिकांत विश्वकार,पुलिस निरीक्षक संजय नालावड़े,पुलिस उपनिरीक्षक रोहिणी नरसिंगे, सीताराम गावीत, मच्छिंद्र पिसाल उपस्थित थे। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निशिकांत विश्वकार ने बताया कि पुलिस थाने के अंतर्गत जितने भी वरिष्ठ नागरिक अकेले जीवन व्यतीत कर रहे हैं उनकी पूरी जानकारी हमारे पास उपलब्ध है।उनके लिए किसी भी तरह की आवश्यकता होती है तो उनके मदद के लिए पुलिस दौड़ते हुए जाती है।वह सुरक्षित है या नही इसकी जानकारी लेकर उसका भी समाधान किया जाता है।



### भिवंडी में 9 वर्षीय स्कूली छात्र से दुष्कर्म की कोशिश, रिक्शा चालक गिरफ्तार

भिवंडी। एक रिक्शा चालक स्कूल के कुछ छात्रों को रिक्शे में बैठकर घर छोड़ने के लिए निकाला,लेकिन रास्ते में ही रिक्शे को रोककर उसमें बैठे कई छात्रों को खेलने के लिए गार्डेन में भेजने के साथ एक 9 वर्षीय छात्र को चालक की सीट पर बैठकर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया।इस मामले में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत शिकायत दर्ज कर रिक्शा चालक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पिछले चार दिन में दो बलात्कार व 2 छेड़छाड़ की घटना उजागर होने शहर में भय व चिंता व्याप्त है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन अंतर्गत आने वाले एक स्कूल के कुछ छात्रों को घर छोड़ने के लिए एक 29 वर्षीय रिक्शा चालक 24 अक्टूबर को दोपहर में 3.15 बजे रिक्शे में बैठकर लेकर निकला।इसके बाद रिक्शा चालक ने अपनी रिक्शे को एक गार्डन के पास रोक दिया और उसमें बैठे एक 9 वर्षीय छात्र को रोककर बाकी बच्चों को गार्डेन में खेलने के लिए भेज दिया।तत्पश्चात अकेले रुके छात्र के साथ रिक्शे में ही दुराचार का प्रयास किया।जिसके बाद छात्र ने रिक्शा चालक द्वारा किए गए हरकत की जानकारी अपने परिजनों को दी।जिसके बाद उसके परिवार वालो ने रिक्शा चालक के खिलाफ भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कराया है।पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल रिक्शा चालक को गिरफ्तार कर हवालात में डाल दिया है।भिवंडी में इन दिनों छेड़छाड़ व बलात्कार की घटना में जोरदार इजाफा हो रहा है।पिछले चार दिन में दो बलात्कार व 2 छेड़छाड़ की घटना उजागर होने शहर में भय व चिंता व्याप्त है।

Scanned with OKEN Scanner

# विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

दबंग रिपोर्टर ▸ शाजापुर



शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर में 26 अक्टूबर शनिवार को एक दिवसीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन संस्था प्राचार्य प्रवीण कुमार मंडलोई ने किया। उद्घाटन सत्र में उन्होने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना, रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा पर्यावरण और समाज के प्रति जागरूकता लाना है। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, पर्यावरण और सामाजिक विज्ञान से जुड़े विभिन्न मॉडल्स, प्रोजेक्ट्स और पोस्टर्स का प्रदर्शन किया। मंडलोई ने बताया कि विज्ञान और तकनीकी पर विद्यार्थियों ने सोलर एनर्जी सिस्टम, वाटर प्यूरीफिकेशन प्लांट, स्मार्ट सिटी आदि मॉडल्स बनाए। प्रदर्शनी में गणितीय सिद्धांतों और उनके व्यावहारिक उपयोग से संबंधित प्रोजेक्ट्स, जो कि विद्यार्थियों के गणितीय कौशल को प्रदर्शित किए गए। वहीं पर्यावरण के संरक्षण से जुड़े मॉडल्स और जागरूकता बढ़ाने वाले पोस्टर्स, जिनमें प्रदूषण, जैव विविधता और जल संरक्षण पर आधारित प्रोजेक्ट्स शामिल थे। प्रदर्शनी में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और उन्होंने अपनी रचनात्मकता, विज्ञान के प्रति रुचि का परिचय दिया। प्रदर्शनी प्रभारी ओम प्रकाश पाटीदार ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से विज्ञान, गणित, पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर ज्ञान और जागरूकता को प्रोत्साहित किया जाता है। इन उद्देश्यों के माध्यम से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है और वे अपनी जिज्ञासाओं को नए आयाम देने के लिए प्रेरित होते हैं। प्रदर्शनी में प्रस्तुत मॉडल्स का मूल्यांकन रविकांत त्रिपाठी, सियाराम पाटीदार तथा स्वेता चौहान ने किया। कार्यक्रम में देवप्रकाश श्रीवास्तव, डॉ माखनलाल धानुक, गौरव व्यास, रेखा गेहलोत, ज्योति रिणवा, बद्रीलाल नागर, निदा खान, कमल गुर्जर, तृप्ति उपाध्याय सहित स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे।

### यह रहा परिणाम

प्रदर्शनी में शामिल होने वाले विद्यार्थी आगामी दिनों में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। शनिवार को हुई प्रदर्शनी में भोजन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कथानक में मोनिका शर्मा 12वीं प्रथम, पायल कुशवाह 12 द्वितीय रहे। वहीं परिवहन एवं संचार कथानक में सुजल कारपेंटर 10वीं प्रथम तथा पीयूष सौराष्ट्रीय 12वीं द्वितीय, प्राकृतिक खेती कथानक में सचिन गुर्जर 12वीं प्रथम, विकास चौहान 12वीं द्वितीय, आपदा प्रबंधन कथानक में पूनम पंवार 11वीं प्रथम, सावन सौराष्ट्रीय 11वीं द्वितीय, गणितीय मॉडलिंग कथानक में संस्कृति शर्मा 10वीं प्रथम, लक्ष्मी चौहान 11वीं द्वितीय, अपशिष्ट प्रबंधन कथानक में महकसा सिद्दीकी 12वीं प्रथम, रिया पाटीदार 12वीं द्वितीय, संसाधन प्रबंधन कथानक में धूव्र राठौर 12वीं प्रथम, रोशनी पाटीदार 12वीं द्वितीय स्थान पर चयनित हुए।

# पुराने मकान में अवैध रूप से रहवासी इलाके में पटाखे विक्रय हेतु रखने वाले आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई

## आरोपी के घर से करीब 4 लाख रूपए के अधिक के पटाखे जब्त किए





दबंग रिपोर्टर ▸ महिदपुर

शुक्रवार को थाना महिदपुर रोड़ पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की माता मंदिर के पीछे एक मकान में पटाखा सामग्री रखी हुई है, टीम द्वारा मौके पर जाकर सूचना की तस्दीक की गई जो उक्त मकान संदीप पिता सुभाषचंद्र उम्र 41 वर्ष निवासी महिदपुर रोड़ का होना पाया गया, संदीप से मकान को खुलवाकर चेक करने पर पटाखे रखे हुए पाए गए जिनके संबंध में आरोपी ने पटाखा दुकान लगाने हेतु एसडीएम महोदय महिदपुर से अस्थाई लाइसेंस प्राप्त करना बताया किंतु संदीप जैन के द्वारा अपने निवास एवं कपड़ा दुकान के सामने पुराने कंडम मकान में अवैध रूप से बिना किसी सुरक्षा के रहवासी इलाके में पटाखे विक्रय हेतु रखे गए थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व मार्गदर्शन में आरोपी संदीप को धारा 288 बीएनएस तथा विस्फोटक अधिनियम 1884 का दंडनीय पाया जाने से आरोपी के मकान से करीब 4,78,000 रू के पटाखे जब्त कर आरोपी के विरूद्ध अप.क्र 204/24 का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया।

आरोपी का विवरण व अपराधिक रिकॉर्डः- संदीप पिता सुभाषचंद्र उम्र 40 वर्ष निवासी महिदपुर रोड़ के विरूद्ध पूर्व में भी थाना महिदपुर रोड़ पर विस्फोटक पदार्थ के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण व विस्फोटक अधिनियम की धाराओं में एक प्रकरण दर्ज.है।

उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी महिदपुर रोड़ निरी मदन लाल पंवार, सउनि रविन्द्र बैंस, प्र.आर राजेश चंदेल, प्र.आर विनोद माली,आर रणवीर सिंह व सैनिक प्रदीप का विशेष योगदान रहा।

# धोखाधड़ी के मामले में कॉलोनाईजर पूजा अग्रवाल की अग्रिम जमानत खारिज

दबंग रिपोर्टर ▸ शाजापुर



अवैध कालोनी में झूठी जानकारी देकर सहायक नेत्र चिकित्सक को भूखंड बेचने के मामले में घिरी कालोनाईजर पूजा अग्रवाल की मुश्किलें कम होने की बजाय अब निरंतर बढ़ती नजर आ रही हैं। यही कारण है कि न्यायालय द्वारा पूजा अग्रवाल के खिलाफ धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया और अब उसकी अग्रिम जमानत को खारिज कर दिया गया है। अभिभाषक मोहम्मद यूनुस खान ने बताया कि फरियादी सेवा निवृत्त सहायक नेत्र चिकित्सक एआर खान के द्वारा कालोनाईजर पूजा अग्रवाल के खिलाफ परिवाद न्यायालय शाजापुर में प्रस्तुत किया था। न्यायालय द्वारा आरोपी कालोनाईजरपूजा अग्रवाल के विरुद्ध आईपीसी की धारा 420 धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध किया गया था। उक्त मामले में पहले पूजा ने अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करवाई और बीमारी के आधार पर समय मांगा गया, उसके उपरांत सत्र न्यायाधीश मुकेश रावत प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शाजापुर के न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत करवाया। आवेदन पर बहस के दौरान परिवादी एआर खान की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद यूनुस खान द्वारा परिवाद के आधार पर अग्रिम जमानत के आवेदन का विरोध किया गया। न्यायालय ने यूनुस खान के द्वारा दिए गए तर्क के आधार पर आरोपी पूजा अग्रवाल की अग्रिम जमानत का आवेदन निरस्त कर दिया है।

# जेएफपीसीएल पपीता एवं अन्य उत्पादों के आउटलेट का शुभारंभ



नागदा। नागदा क्षेत्र में ग्रेसिम, नाबार्ड तथा बाएफ लाइवलीहुड्स के संयुक्त तत्वावधान में गठित बाएफ के झांझाखेड़ी किसान उत्पादक संगठन ने अपने अभिनव कार्यों के लिए ख्याति अर्जित की है। कुछ माह पूर्व कृषि नवाचार केंद्र के शुभारंभ के बाद, संगठन ने अब जेएफपीसीएल स्वास्थ्यवर्धक डालपाक मीठे पपीते और अन्य उत्पादों के आउटलेट का भी शुभारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य किसानों द्वारा उत्पादित ताजी और गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री को उपभोक्ताओं तक सीधे पहुंचाना है। इसकी टैगलाइन ह्यकिसान का उपहार, पोषण एवं प्यारह्न दी गई है।

ग्रेसिम के सलाहकार एवं पूर्व चेयरमैन सह एमडी शैलेन्द्र कुमार जैन ने अपनी धर्मपत्नी के साथ उक्त आउटलेट का शुभारंभ किया। इस मौके पर, उन्होंने ग्राम बेरछा में नानालाल मेहता की संतरे की वाडी तथा पपीते की अन्तरवर्तीय फसलों का अवलोकन करते हुए बाएफ अधिकारियों तथा किसानों से विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान बाएफ के रीजनल इंचार्ज जे.एल.पाटीदार द्वारा नागदा क्षेत्र में संचालित आईएलडीपी, आरएसएडीपी, डीएफपीपी, साईलेज उत्पादन आदि परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी सांझा की गयी। विजिट के दौरान जैन द्वारा वर्षों बाद आधुनिक बदलाव को देखकर उन्होंने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर, ग्रेसिम के सीएसआर प्रमुख सतीश भुविर, बाएफ लाइवलीहुड्स के रीजनल इंचार्ज जे.एल. पाटीदार अरविन्द सिंह सिकरवार, जीवन पोरवाल और जेएफपीसीएल के अध्यक्ष विक्रम सिंह आंजना भी उपस्थित थे।

इस आउटलेट में पपीते से होने वाले फायदो की विस्तृत जानकारी का प्रदर्शन भी किया गया है जेएफपीसीएल के इस आउटलेट में विभिन्न खाद्य सामग्रियां उपलब्ध हैं, जैसे स्वास्थ्यवर्धक डालपाक मीठे पपीते की नई किस्म, वेपकोल के उत्पाद इंद्राणी चावल, काले चावल, लाल चावल, कलभात चावल, लाल पोहा, मोटे अनाज का आटा, मिर्च, मिक्स, करौंदे, आम, नींबू का सादा एवं मीठा अचार, ग्रेडवाईज काजू, बादाम, नागली के पापड़, आम पापड़, आंवला एवं एलोवेरा जूस, टमाटर केचप, शहद, हल्दी पाउडर, अदरक पाउडर, लाल किशमिश, पिस्ता, आम का जूस (मेंगो पल्प), आंवला कैंडी एवं चूर्ण आदि सभी उत्पाद सीधे किसानों से प्राप्त किए गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं को ताजगी और गुणवत्ता की गारंटी मिलती है और किसानों को अपने उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त होता है।

शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि नागदा क्षेत्र में इस तरह की पहल से स्थानीय कृषि को बढ़ावा मिलेगा और उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यप्रद और ताजी खाद्य सामग्री प्राप्त करने में सुविधा होगी। यदि आप भी ताजी और गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री की तलाश में हैं, तो जेएफपीसीएल के इस नए आउटलेट पर अवश्य जाएं। इस मौके पर अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे, जिनमें उद्यान विभाग खाचरौद के राजेश गर्ग, ग्रेसिम सीएसआर प्रमुख सतीश भुविर, प्रबंधक जीवन पोरवाल, अरविंद सिंह सिकरवार, राधाकिशन, अनमोल जैन, बाएफ लाइवलीहुड्स के रीजनल इंचार्ज जे.एल. पाटीदार, परियोजना अधिकारी शुभम धुंधेले, नीरज सिलावट, राहुल अडलक, एफपीओ मैनेजर रामबाबू राठौर, झांझाखेड़ी किसान उत्पादक संगठन के अध्यक्ष विक्रम सिंह आंजना, बीओडी सदस्य गिरधारीलाल गरौड़ा, नानालाल मेहता, राधेश्याम शर्मा, सीईओ सूरज प्रताप सिंह, लेखापाल श्रीमती रीना कुमारी मीना, राजपाल सिंह, सहित अनेक प्रतिभागी कृषकगण, जैसे रामनिवास गरगामा, राहुल शर्मा, नारायण मेहता, रामू गोवरिया, पवन नन्देडा, गोवर्धनलाल मेहता, हिम्मत सिंह भी शामिल थे।

# नेहरू युवा केन्द्र ने 3 स्थानों पर 150 विद्यार्थियों के साथ की नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला



नागदा। भारत सरकार के उपक्रम नेहरू युवा केन्द्र उज्जैन व मेरा गाँव मेरी दुनिया संस्था द्वारा शनिवार को 3 स्थानों पर 150 विद्यार्थियों के साथ नशीली दवाओं की लत और मादक पदार्थों के सेवन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए नेहरू युवा केन्द्र के पूर्व ब्लॉक समन्वयक व मेरा गाँव मेरी दुनिया संस्था के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर लोकेन्द्र तंवर ने बताया कि बेरछा बायपास स्थित कस्तूबा गांधी छात्रावास, गुरुकुल स्कूल व जैन स्कूल के विद्यार्थियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ एक पेड़ माँ के नाम लगाकर किया गया। तंवर के अनुसार कार्यशाला में विद्यार्थियों से इस बात पर चर्चा की गई कि नशे के कितने प्रकार होते है, हमे नशे की लत किस तरह लगती है, और पहले नशा जहां मनचाहा होता हैं फिर लत-लग जाने के बाद अनचाहा हो जाता है, किस तरह आज कल युवा परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए भी नशे का सहारा लेने लग गए है। साथ ही नशे वाले व्यक्ति से किस तरह व्यवहार किया जाए व उसकी नशे की आदत कैसे कम की जाए इस पर भी चर्चा करी की गई। छात्रावास की वार्डन श्रद्धा भावसार ने भी बालिकाओं को नशे के प्रति समझाइश दे कहा कि अगर हमारे परिवार व आस पास भी कोई नशा करता है तो हमे उन्हें नशा छोड़ने के प्रति प्रेरित करना है। अंत में सभी ने जीवन मे कभी नशा नहीं करने की शपथ ली। कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी अभिलाष म्हस्के के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सहायक वार्डन सुधा बाली, गुरुकुल स्कूल के डायरेक्टर राजेश शर्मा, जैन स्कूल के डायरेक्टर लालजी गौर, ज्योति शर्मा, उपासना, आयुषी, पायल भावसार उपस्थित रहे।

# निपानिया डाबी में विद्यार्थियों ने बनाए मॉडल

शाजापुर। शासकीय एकीकृत हाई स्कूल निपानिया डाबी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान मॉडल, पाचन तंत्र, पवन ऊर्जा, चंद्रयान सौर ऊर्जा जैसे कई मॉडल बनाकर प्रदर्शन कर उत्साह के साथ भाग लिया। संस्था की प्राचार्य श्रीमती मनीषा तिवारी, विज्ञान शिक्षक राजेंद्र राठौड़ ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर रविन्द्र कुशवाह, अशोक मालवीय, जावेद खान, हरिनारायण टेलर, चैनसिंह उपस्थित थे।

# सर्व ब्राह्मण समाज दीपावली मिलन एवं अन्नकूट समारोह 11 नवंबर को

## शहरी एवं ग्रामीण समाजजन को सपरिवार आमंत्रण हेतु महालक्ष्मी कैलेंडर छपवाए

दबंग रिपोर्टर ▸ नागदा

सर्व ब्राह्मण समाज नागदा द्वारा प्रतिवषार्नुसार भव्य वार्षिक अन्नकूट व दीपावली मिलन समारोह का आयोजन 11 नवंबर, सोमवार को खड़े हनुमान मंदिर, इंगोरिया रोड पर होगा।

कार्यक्रम संयोजक गुलजारी लाल त्रिवेदी ने बताया कि नागदा शहर एवं ग्रामीण में निवासरत सभी ब्राह्मण परिवार सपरिवार आमंत्रण हेतु महालक्ष्मी, गणेश, सरस्वती का आकर्षक चित्र युक्त कैलेंडर देकर घर-घर न्योता भेजेंगे। खड़े हनुमान मंदिर पर शाम 4 बजे से बैठक का आयोजन हुआ, जंहा विभिन्न विषयों पर चर्चा तथा आय-व्यय एवं आयोजन की आगामी रूप रेखा पर चर्चा की गई।

मिलन समारोह में वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद, भगवान परशुराम की ढोल नगाड़ों पर महा आरती के साथ 56 भोग लगाया जाएगा, अतिथि सम्मान एवं आतिशबाजी की जाएगी। अध्यक्ष आनंद दीक्षित द्वारा उद्बोधन देकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध उपस्थित समाजजन से किया गया तथा सामाजिक व्यवस्थाओं को मजबूती देने के उद्देश्य से मिलन समारोह उपरांत शीघ्र ही समाज के संगठन को नवीन स्वरूप देने की बात कही गयी।

बैठक में संरक्षक गुलजारीलाल त्रिवेदी, अध्यक्ष आनंद दीक्षित, महिला मंडल अध्यक्ष निर्मला रावल, सुनील त्रिवेदी, सुरेश उपाध्याय, धीरेन्द्र त्रिपाठी, रामजी त्रिपाठी, निलेश मेहता, पंडित राघवेंद्र वल्लभ व्यास, एलएस त्रिपाठी, विजय पाराशर, प्रदीप दुबे, हेमंत तिवारी,राकेश शर्मा, पुरुषोत्तम सारस्वत, यशवंत दुबे, हिमांशु शर्मा, यशेष वशिष्ठ, पुरुषोत्तम पुरोहित, दिनेश पुरोहित, निरंजन पांडे, सुरेंद्र मिश्रा, आलोक नागर, दिनेश सिरोलिया, अग्निवेश पांडे, हेमंत त्रिपाठी, रोहित व्यास, दीपांशु अशोक शर्मा, मनोहर पाराशर, दीपक रावल, मंगल तिवारी, विमला पुरोहित आदि मौजूद रहे। जानकारी निलेश मेहता ने दी।

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में जिला स्तरीय दीक्षांत समारोह संपन्न

शाजापुर। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शाजापुर में शनिवार को जिला स्तरीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2024 में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने पर प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान की गई। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशिक्षण अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीआई प्राचार्य राजाराम कटारिया ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष संस्था विकास समिति एवं मप्र लघु उद्योग भारती दिनेश तिवारी, विशेष अतिथि संजय बडगडिया, सुभाष मण्डलोई, विष्णु पाटीदार, किशोरकुमार प्रजापति, पॉलेटेक्निक कॉलेज प्राचार्य विपुल प्रारमार्थी संस्था रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। संचालन कामिनी राजपूत ने तथा आभार

# सांसद फिरोजिया के हस्तक्षेप के बाद यात्री गाडी संख्या 19345 के संबंध में लिए गए निर्णय होल्ड किए

दबंग रिपोर्टर ▸ नागदा

रतलाम रेल मण्डल द्वारा गाडी संख्या 19345 एवं 19346 रतलाम भीलवाडा रतलाम एक्सप्रेस को डेमू के स्थान पर मेमू रेक से नवीन समय सारणी से चलाने हेतु आदेश जारी किए गए थे, जिससे खाचरौद, नागदा, उज्जैन के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड सकता था जिसको लेकर सांसद अनिल फिरोजिया की आपत्ति के बाद उक्त ट्रेन के शेडयूल को रेल मण्डल द्वारा होल्ड कर दिया है।

सांसद फिरोजिया के प्रतिनिधि पार्षद प्रकाश जैन ने बताया कि रतलाम रेल मण्डल द्वारा 28 अक्टूबर से गाडी संख्या 19345/19346 रतलाम भीलवाडा रतलाम एक्सप्रेस को डेमू के स्थान पर मेमू रेक से चलाने हेतु आदेश जारी किए गए थे साथ ही कुछ ट्रेनों के आगमन प्रस्थान समय मे भी बदलाव एवं रतलाम स्टेशन पर कुछ ट्रेनों के प्लेटफार्म में भी परिवर्तन किया जा रहा था। उक्त बदलाव होने से खाचरौद, नागदा, उज्जैन स्टेशन की यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड सकता था। बताया गया है कि भीलवाडा से चलने वाली ट्रेन से नीमच, मंदसौर, जावरा के यात्री, व्यापारी जो खाचरौद, नागदा, उज्जैन की यात्रा करते हैं उन्हें अन्य ट्रेन नहीं मिल पाती। ऐसे में इस क्षेत्र के यात्रीयों, व्यापारियों को रतलाम में भी परेशान होना पड सकता था। इसी बात से खाचरौद के नागरिकों द्वारा श्री जैन को अवगत कराया गया था। जिसे श्री जैन ने सांसद श्री फिरोजिया को तत्काल जानकारी प्रदान की गई। सांसद श्री फिरोजिया द्वारा डीआरएम से दुरभाष पर चर्चा कर तथा दिल्ली में रेल मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात कर खाचरौद, नागदा, उज्जैन के यात्रियों की परेशानी से अवगत कराया जिसके बाद रतलाम रेल मण्डल द्वारा लिए गए निर्णय को वर्तमान में होल्ड पर कर दिया गया है तथा अगले आदेश तक पूवार्नुसार ट्रेनोंका परिचालन जारी रहेगा।

### मेमू रैक से इस लिए भी होती परेशनी

दरसल डेमू ट्रेन के रतलाम पहुचने के 10 मिनट पहले ही मेमू ट्रेन रतलाम से उज्जैन के लिए रवाना हो जाती इसके चलते लंबी दूरी उज्जैन से दाहोद, नागदा से दाहोद वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ जाती। इसे यात्रियों को रतलाम प्लेट फार्म पर अगली ट्रेन का इंतजार कर उसे पकड़ना पड़ता।

### व्यापारियों व काम काजी लोगो को परेशनी

ऐसे यात्रियों की संख्या बहुत अधिक है जो प्रतिदिन दाहोद तक आना जाना करते हैं। इनमें बड़ी संख्या में व्यापारी व नोकरी पेशा लोग शामिल है। जिन्होंने अब राहत की सांस ली है।

# नागदा-खाचरौद की गौचर भूमियों से अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु आयुक्त कार्यालय पर दिया धरना

दबंग रिपोर्टर ▸ नागदा




नागदा एवं आसपास के क्षेत्र की गौचर भूमियों को संरक्षित करने तथा अवैध अतिक्रमण से मुक्त करवाने हेतु मालव रक्षा अनुष्ठान संस्था के बैनरतले संयोजक अधिवक्ता सत्यनारायण पुरोहित आचार्य सत्यम के नेतृत्व में क्षेत्र के नागरिको ने उज्जैन संभाग आयुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर कार्रवाई करने की मांग की गई। मालव अनुष्ठान संस्था द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन एवं प्रशासन द्वारा भूमाफियाओं का निरंतर संरक्षण जारी है, न्यायालयीन आदेशों की अवमानना के साथ नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा तथा गौचर और सार्वजनिक उपयोग की भूमियों को भूमाफियाओं से तत्काल मुक्त करवाकर अपराधियों को दण्डित और पीडितों को क्षतिपूर्ति दिलवाये जाने हेतु हमारे सत्याग्रह की सूचना 22 अक्टूबर के अनुसार कलेक्टर कार्यालय के समक्ष लोकतंत्र सैनानी संगठन जिला आगर मालवा के अध्यक्ष रमेश परमार की अध्यक्षता में आयोजित सत्याग्रह के अवसर पर आयुकत के नाम ज्ञापन दिया जा रहा है।

ज्ञापन में बताया गया कि प्रशासनिक अधिकारियों को विदित है कि नागदा-खाचरौद तहसीलों की अधिकांश गौचर भूमियों पर भूमाफियाओं का वर्षो से अवैध आधिपत्य रहा है, वर्तमान में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खण्डपीठ के समक्ष विचाराधीन लोकहित याचिका क्रमांक 5121/2014 में मध्यप्रदेश शासन की और से असत्य उत्तर प्रस्तुत किया गया तथा उसके विरूद्ध हमारे सूचना पत्र का उत्तर देने हेतु कलेक्टर उज्जैन को प्रमुख सचिव राजस्व मध्यप्रदेश शासन ने निर्देशित किया लेकिन आज तक शासन के असत्य उत्तर के संबंध में स्पष्टीकरण नहीं दिया गया एवं मध्यप्रदेश शासन और प्रशासन ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा नागदा-खाचरौद तहसीलों की गौचर जमीनों के संबंध में आदेशित जांच कर आयुक्त भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त मध्यप्रदेश की 1995 की रिर्पोट के आधार पर केवल खानापूर्ति की है और दिलीपसिंह आदि विरूद्ध मध्यप्रदेश की लोकहित याचिका में पारित आदेश 23 अगस्त 2001 की अवमानना आज दिनांक तक जारी है अधिकांश गौचर भूमियों का भूमाफिया श्रवणसिंह शेखावत गिरोह द्वारा अवैध विक्रय एवं हस्तांतरण किया जा चुका है। इस भूमाफिया गिरोह ने जिसका संरक्षण मध्यप्रदेश शासन के मंत्री दर्जा प्राप्त सुल्तानसिंह शेखावत द्वारा किया जा रहा है। 23 अगस्त 2008 का राज्यपाल मध्यप्रदो का हमे प्रेषित पत्र हमारे निरंतर सत्याग्रहों और मध्यप्रदेश शासन की भूमाफिया भक्ति का प्रमाण है।

ज्ञापन में यह भी बताया गया 2 अक्टूबर गांधी जयंति के अवसर पर नागदा के नागरिकों एवं बडी संख्या में संतों ने सत्याग्रह किया कि संतो के विरूद्ध आपराधिक कार्यवाही करने वाले भूमाफियाओं से गौचर भूमियाँ मुक्त करवाई जावे लेकिन आज तक जांच की नोटंकी के अलावा कोई कार्यवाही नहीं हुई है जबकि जिला एवं पुलिस प्रशासन को निरंतर शिकायतें भू-माफियाओं के अपराधों के संबंध में प्राप्त होती रही है। जिनमें ग्राम भगतपुरी तहसील नागदा के आदिवासी एवं दलितों की गंभीर शिकायत के साथ ही भारत शासन एवं सर्वोच्च न्यायालय के निदेशों के विपरित स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्व. रामचद्र रघुवंशी के परिवार की पैतृक कृषि भूमि भी अवैध रूप से श्रवणसिंह शेखावत गिरोह द्वारा बेचने से संबंधी गंभीर शिकायत भी की गई है।

उज्जैन जिले के गौचर भूमि घोटाले के संबंध में मध्यप्रदेश शासन की और से लोकहित यायिका में असत्य उत्तर प्रस्तुत किया जा चुका है। इसलिए उच्च न्यायालय से न्याचिक जांच की मांग के पूर्व नागदा में वर्तमान में जारी जन आंदोलन और सत्याग्रह के आधार पर तत्काल नागदा-खाचरौद तहसीलों की गौचर एवं निजी भूमियों पर किये भू-माफिया गिरोह के अवैध क्रत्यों की जांच जिला एवं सत्र न्यायाधीश उज्जैन की अध्यक्षता में जांच समिति गठित कर तीन माह की अवधि में कार्रवाई की जावे दोषियों को दण्डित एवं पीडितों को क्षतिपूर्ति दिलवाना न्याय का तकाजा है। ज्ञापन के द्वारा उपरोक्त 100 बीघा के लगभग गोचर भूमि है उसे तत्काल अतिक्रमण मुक्त करवाकर गायो के संरक्षण करते हुए गोचर भूमि उपलब्ध करवाई जाए। इस मौके पर एडवोकेट सतनारायण पुरोहित, जगदीश चावड़ा एडवोकेट, जे आर माहुरकर, विवेक शर्मा, वरिष्ठ अभिभाषक शाजापुर रमेश परमार अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ जिला आगर शाहजहांपुर उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

# अजय वर्गीस बने "छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक कल्याण संघ" के प्रदेश प्रवक्ता

दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा

छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक कल्याण संघ (3664) के प्रांताध्यक्ष एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की अनुशंसा पर सर्वसम्मति से अजय वर्गीस को प्रदेश प्रवक्ता का यह दायित्व सौंपा गया।



श्री वर्गीस वतर्मान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला टेरम विकासखंड घरघोड़ा जिला - रायगढ़ में प्रधान पाठक के रूप में सेवारत हैं। प्रधान पाठक अजय वर्गीस ने कहा कि मिली जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूँगा एवं प्रांताध्यक्ष एवं प्रांतीय पदाधिकारियों के सहयोग से संगठनात्मक विकास के लिए कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने पद की गरिमा के अनुरूप कार्य संपादन करूँगा। अजय वर्गीस ने प्रदेश प्रवक्ता के पद पर नवाजे जाने और उन पर विश्वास जताने के लिए संगठन के प्रांताध्यक्ष सहित सभी प्रांतीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और उन्हें साधुवाद दिया। हमारे संवाददाता गौरीशंकर गुप्ता के द्वारा संगठन का उद्देश्य पूछे जाने पर श्री वर्गीस ने बताया कि प्राथमिक तथा मिडिल स्कूलों के प्रधान पाठकों के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए कार्य करना ही संगठन का उद्देश्य है। प्रधान पाठक अजय वर्गीस की इस उपलब्धि पर रायगढ़ जिला क्षेत्र के अलावा दूर-दूर से लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं।

# जशपुर में फर्जी दस्तावेजों के सहारे बुलेट खरीदने वाले गिरोह का पर्दाफाश: दो गिरफ्तार, 10 बुलेट और एक स्कूटी बरामद

दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा

जशपुर पुलिस ने एक बड़ी कारवाई में दस्तावेजों के धोखे से दुरूपयोग कर वाहनों की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों शाहरूख खान और वसीम अकरम को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 10 बुलेट और एक स्कूटी बरामद की है।

**क्या है मामला?**

आवेदक आशीष शर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके नाम से एक वाहन फाइनेंस करा लिया गया है, जबकि उसने ऐसा कोई वाहन नहीं खरीदा था। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू की और पाया कि आरोपी शाहरूख खान और वसीम अकरम ने मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार करके कई वाहनों को फाइनेंस कराया था और फिर उन्हें बेच दिया था।

**पुलिस की कार्रवाई**



पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से 10 बुलेट और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शाहरूख खान के खिलाफ पहले भी ठगी के मामले दर्ज हैं।

**पुलिस अधीक्षक का बयान**


पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि इस तरह के मामलों में पुलिस सख्त कार्रवाई करती रहेगी।

**आप क्या करें?**

अपने दस्तावेजों की सुरक्षा करें। किसी भी अज्ञात व्यक्ति को अपने दस्तावेज न दें। वाहन खरीदते समय सभी दस्तावेजों को ध्यान से जांच लें। अगर आपको किसी तरह की धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया है तो तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं।

# रायगढ़ जिले की एक एसईसीएल कंपनी के मलाईदार विभागों में वर्षों से खुंटा गाड़े कर्मचारी चला रहे अपनी समानांतर सरकार?

» जांच ऐजंसियों द्वारा इनकी आय के स्त्रोत खंगाला जाए तो चौकाने वाले तथ्य हो सकते है उजागर ?



दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा

एस.ई. सी. एल. कोयला खदान मे कार्यरत कई ऐसे कमर्चारी है जो वर्षो से नेता गिरी के बूते पगार खा रहे है भ्रष्ट प्रबंधन व्यवस्था का भरपूर लाभ इसलिए ले पा रहे है जहाँ प्रबंधन भी भ्रष्टाचार के दलदल मे गोते लगा रही होती है क्या ऐसे भ्रष्टाचार कालरी कमर्चारीयों के विरूद्ध कार्यवाही होगी उल्लेखनीय है कि एस.ई. सी. एल. माइंस मे आज भी घर बैठे हाजिरी लगा लेनेपर से ड्यूटी पुरी हो जाती है कंपनी के छोटे से बड़े अधिकारी भी इनके कारनामा को जानते हुए भी इसलिए खामोश रहते है क्योकि उनका पोल ऐसे कमिर्यो के पास होती है वर्कशॉप, खदान, ड्राईविंग एवं मशीनरी कल पुर्जे खरीदी जैसे जगहो पर कई ऐसे माइंस कर्मी है वर्षो से पदस्थ है जो एक दो महीने मे चार-पाँच बार कार्य स्थल पर अपना चेहरा दिखा देना पर्याप्त समझते है ऐसे हराम की कमाई खाने वालों की जमात मे ये नेता टाईप के लोग बिना कार्य किये वर्षो से बिना रोक टोक के वेतन ले कंपनी को खोखला बना रहे है वहीं नये-नये तरीके खोजकर अपनी जेब मरने कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैएस.ई.सी.एल. कंपनी मे और भी कुछ कमर्चारी है जो अपने नाते रिश्तेदारों के नाम से कोयला खदान मे भारी वाहनों को कोयला ढोने के अलावा दो नंबर का भी कोयला ढुलाई चुपचाप कर लिया जाता रहता है किन्तु एस.ई. सी. एल.से कंपनी मे तमाम भर्राशाही पर्याप्त होने के बावजूद प्रबंध तंत्र द्वारा इसओर ध्यान नही देने के कारण ही तरह -तरह की चर्चाएं आम लोगों की जुबानपर रहती है। यहां आपको बता देना भी उचित होगा कि एस.ई.सी.एल. कंपनी जो कमर्चारी दिखावे नाम पर ड्यूटी बजा रहे है कंपनी या खदान के आस-पास अपने नाम या बेनामी जमीन की खरीदी किये जाने की भी सूत्रों से जानकारी मिली है महसूस होता है कि शायद इनको नाते रिश्तेदार या इनके पुरखे नही है जो और कही जाना नही चाहते और सेवानिवृति होकर एस.ई.सी.एल. कंपनीयां के अगल-बगल आस-पास जमे रहना चाहते समय रहते ऐसे कॉलरी कर्मियों के आय-व्यय का स्त्रोत के बारे गहन छानबीन किया जाता है कंपनी को खोखला बनाने वाले सफेद पोश अधिकारी, कर्मचारी के चेहरे बेनकाब हो सकते है।

# जय इन्फोटेक कम्प्यूटर एजुकेशन टुण्डरा द्वारा प्रशिक्षार्थी सम्मान आयोजित

दबंग दुनिया ♦ टुण्डरा





नगर टुण्डरा में वर्ष 2008 से जय इन्फोटेक कम्प्यूटर एजुकेशन गांधी मुहल्ला टुण्डरा में स्थापित है जिसका डायरेक्टर जयप्रकाश धीवर है जो अथक मेहनत कर संस्था को प्रसिद्धी तक पहुंचाया है, यहां उच्चगुणवत्ता पूर्ण कम्प्यूटर का प्रशिक्षण लगातार दिया जा रहा है,यहां से प्रशिक्षित बच्चे पारंगत हो कर ब्यवसायिक लाभ ले रहे हें।संस्था के डायरेक्टर द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षित प्रतिभागियों को अपने पिता सुखीराम धीवर के मार्गदर्शन में सम्मानित किया गया।

इस संस्था द्वारा अब तक लगभग 1600 प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण लाभ ले चुके हैं इन्ही में से 11 प्रतिभाशाली प्रशिक्षणार्थियों को उनके हुनर का आंकलन कर गिफ्ट दे कर सम्मान किया गया। जिनमें प्रथम पुरूष्कार लेपटाप देवकुमार साहू टुण्डरा, दूसरा फाइब जी मोबाईल दिनेश कुमार देवांगन, तीसरा फोर्जी मोबाईल संदीप कुमार, चतुर्थ खगेन्द्र दास,सीताराम पटेल, द्वारिका प्रसाद केंवट, सविता साहू, शेखर चौहान,प्रीती मानिकपुरी, पूणिर्मा मानिकपुरी, कृतिका खूंटे इन सभी को कालेज बैग प्रदाय किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भगवताचार्य योगेश महाराज जी शिवरीनारायण,एवं रविन्द्र केशरवानी अमित कम्प्यूटर सेंटर शिवरीनारायण,नगर अध्यक्ष मोती साहू, राजमहंत पुलस्ते घृतलहरे, पूर्व नगर अध्यक्ष गीता पटेल,संस्था संचालक जयप्रकाश धीवर,लखेश कुमार देवांगन, अमृतलाल साहू, कार्यक्रम संचालक टीकाराम साहू सहित भारी संख्या में नगरवासी शामिल रहे।

# हाथी की मौत के बाद हर अधिकारी का अपने बचाव में एक नया बयान



» इंसानों ने अपनी जमीन तो बांटी ही, वन्य जीवों को भी सीमाओं में कैद कर दिया

दबंग दुनिया ♦ करगीरोड कोटा

इंसानों ने अपनी जमीन तो खंड खंड बांट ही ली उस पर भी जरूरत पूरी नहीं हुई तो वन्य जीवों के अधिकार क्षेत्र में भी कब्जा कर लिया बाद में वोट बैंक के चकर में सरकार ने जंगलों में लोगों को पट्टे बांट दिए और बाकी जंगल को अधिकारियों ने अपनी सुविधा अनुसार कोर, बफर, वन ग्राम और राजस्व ग्राम में बांट लिया लेकिन इंसानों की इस खुराफाती को जंगल के बिचारे वन्य जीव क्या ही समझें। उन्हें क्या पता कि उन्हें जंगल के किस भाग में ही रहना है? कहां नहीं जाना है और अपने जंगल से कितनी दूर तक नहीं जाना है।

एटीआर के अधिकारियों का पसंदीदा शगल एटीआर के अंदर सीविल वर्क और स्टाप डेम तक ही रह गया है वन्य जीवों की सुरक्षा और उनके आवास की बेहतरी के लिए कोई ठोस कार्य नहीं हो पाता नतीजा एटीआर के वन्य जीव बेमौत मारे जा रहे हैं । हद तो ये हो जाती है जब कोई वन्य जीव इंसानी दरिंदगी का शिकार होता है तो सभी जिम्मेदार विभाग के अधिकारी सबसे पहले ये देखते हैं कि वन्य जीव की मौत किस एरिया में हुई है और उस एरिया की जिम्मेदारी किसके उपर आती है।

एक दिन पहले ही एटीआर से लगे वन क्षेत्र में एक नर हाथी शावक ऐसे ही इंसानों के बिछाये बिजली के तार की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। इसके बाद एटीआर ने राहत की सांस ली कि ये मौत उसके एरिया में नहीं वन विभाग के एरिया में हुई है इसलिए उसने पूरे मामले से पल्ला झाड़ लिया और एक मीडिया को बयान दिया कि पैदल गार्ड ने जब झुंड में एक हाथी कम देखा तो गुम हाथी की तलाश शुरू की बाद में हाथी का शव एक खेत में मिला जिसके बाद उसने अधिकारियों को सूचना दी। गजब का बयान है साहब का। इस पैदल गार्ड को सम्मानित करना चाहिए जिसकी नजर जंगल के हर जीव के झुंडो में रहती है और फिर वो तलाश करते हुए अपनी सीमा से बाहर तक चले जाता है ।

वन मंडल के दुसरे जिम्मेदार अधिकारी ने भी एक मीडिया को जवाब दिया जहां हाथी की मौत हुई है वो जगह बिलासपुर वन मंडल में नहीं आता वह राजस्व का क्षेत्र है लेकिन हाथी की मौत हुई है इसलिए संपूर्ण कार्यवाही की जा रही है।

इससे भी बढ़िया और बचने वाला जवाब दिया वन मंडल के सीसीएफ साहब ने दिया उन्होंने तो अपने अधिकारियों का बचाव ये करते हुए कर लिया कि इतने बड़े क्षेत्र की निगरानी उनके द्वारा संभव नहीं है । जब अधिकारियों की मानसिकता ऐसी ही हो जाएगी तो फिर आप अधिकारियों से ये उम्मीद मत रखिए कि वो आपके जंगल बचा पाएंगे और वन्य जीवों की सुरक्षा कर पाएंगे।

एटीआर के एक एसडीओ तो इस बात से ज्यादा प्रसन्न है कि जिस एरिया में ये घटना हुई है वो एटीआर के एरिया से काफी दूर है।

अधिकारियों की यही गैर जिम्मेदारी वन्य जीवों की जान की दुश्मन बनी हुई है जब तक जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे ऐसे हादसे होते ही रहेंगे।

# एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर कांग्रेस ने रखी अपनी मांगे, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर

जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आज बलरामपुर में करते हुए गुरुचरण मंडल के हिरासत में जांच के दौरान पुलिस के बर्बरता पूर्ण में गुरु चंद मंडल की मौत को लेकर धरना दिया साथ ही प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था के मुद्दों को लेकर सरकार को जमकर कोसा शक्ति जिले के दामाखेड़ा में हुई घटना में कबीर पंथ के लोगों के उपर अकारण हुए हमले को लेकर सरकार को चिरनिद्रा से जागने को कहा।

धरना के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार की बार-बार रवैया के कारण जो स्थितियां निर्मित हुई है वह चांद शमर्नाक है पुलिस हिरासत में ही इस मौत के लिए सरकार जिम्मेदार है और सतही जांच होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ में हत्या और बलात्कार के मामले जिस तरह से बढ़े हैं, कानून और व्यवस्था सरकार की नियंत्रण से बाहर होचुकी है।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ने कहा की गुरु चंद मंडल के परिजनों को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी व मामले की जांच उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से कराई जावे। हिरासत में हुई मौत पर कई प्रश्न खड़े हो रहे हैं इन प्रश्नों का जवाब पुलिस प्रशासन को देना चाहिए कांग्रेस ही नहीं प्रदेश के आम लोग भी हिरासत में हुई इस मौत पर सवाल खड़े कर रहे हैं प्रदेश में कानून और व्यवस्था सरकार और पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। डॉ दिनेश यादव ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है आम जनजीवन परेशान है। समर बहादुर सिंह ने कहा कि बढ़ते अपराधों ने चिंता बढ़ा दी है बढ़ते अपराधों की वजह से हम लोग का जीना मुहाल हो गया है। कृपा शंकर ने बलरामपुर पुलिस के कृत्यो और पुलिस के रवैया की ओर ध्यान आकर्षित किया। आज धरना प्रदर्शन के दौरान अशोक सिंह राजू ,जितेंद्र गुप्ता, लालसाय मिंज, पूणिर्मा कच्छप, सुबासो दिनेश कुजूर,हबीबुल्लाह,जीत गुप्ता सुनील भगत अर्जुन यादव व्यास मुनि यादव राजा साहू अमानत खान अजय नारायण गुप्ता वसीम खान राजा साहू व अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने सेन्दुर नदी के छठ घाट का निरीक्षण किया

दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर



कलेक्टर रिमिजियुस एक्का और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील ने बलरामपुर से होकर गुजरने वाली सेन्दुर नदी के छठ घाट का दौरा किया और तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छठ समिति के सदस्यों से बातचीत की और जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने छठ घाट में स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात करने के साथ ही बलरामपुर नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को छठ घाट की साफ-सफाई और समतलीकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और छठ घाट में पर्याप्त संख्या में पुरुष और महिला पुलिस बल तथा गोताखोरों की टीम लगाने को सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था की जानकारी ली और पार्किंग की व्यवस्था उचित स्थान पर करने के निर्देश दिए। इस दौरान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रणवीर साय सहित छठ घाट समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

# राज्योत्सव में महिला बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े होंगी मुख्य अतिथि



बलरामपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 5 नवंबर 2024 को जिला मुख्यालय बलरामपुर के हाईस्कूल ग्राउण्ड में राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।


# घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में करंट से तीन हाथियों की मौत, हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, आज होगी सुनवाई

दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा

रायगढ़ जिले के घरघोड़ा इलाके में तीन हाथियों की करंट से हुई मौत के मामले पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने इस घटना को जनहित याचिका के रूप में स्वीकार करते हुए सोमवार 4 नवंबर को इस पर सुनवाई निर्धारित की है।

घरघोड़ा के चुहकीमार गांव स्थित वन विभाग की नसर्री में नीचे लटकी बिजली की तारों के संपर्क में आने से तीन हाथियों की मौत हो गई थी। अखबारों में प्रकाशित खबर के आधार पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया। इस जनहित याचिका में राज्य के ऊर्जा सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक और प्रधान मुख्य वन संरक्षक को पक्षकार बनाया गया है। बता दें कि, इस घटना के कुछ दिनों बाद अचानकमार वन क्षेत्र में भी एक हाथी करंट के कारण मारा गया। बताया गया है कि शिकारियों ने जमीन पर करंट बिछाकर इस घटना को अंजाम दिया। इस मामले में भी सोमवार को हाईकोर्ट के संज्ञान लेने की संभावना है, जब वह जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा।







# वास्तु के हिसाब से भी लगाए पौधे

पेड़ पौधे खूबसूरती बढ़ाने के साथ घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं। जहा बरामदे व बालकनी में सलीके से लगे पौधे इंटीरियर को चार चांद लगाते हैं। वही अगर पौधे वास्तु के हिसाब से लगे हो तो घर में तरक्की के साधन भी खुल जाते हैं। साथ ही वास्तु के हिसाब से लगाए गए पेड़-पौधे घर में सुख-शांति भी लाते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि घर में पौधे लगाते समय आपको किन-किन बातों का ख्याल रखना चाहिए।

### ड्राइंग रूम में लगाएं चौड़ी पत्ती वाले पौधे

आजकल इंडोर प्लांट का ट्रेंड काफी देखने को मिलता है। ज्यादातक लोग अपने ड्राइंग रूम में पौधे लगाना पसंद करते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि वास्तु के हिसाब से ड्राइंग रूम में बड़ी व चौड़ी पत्तियों वाले पौधे लगाने चाहिए। वास्तु के हिसाब से आप ड्राइंग रूम में रबर प्लांट, वीपिंग फिग, कैमीडोरिया, एलिगेंस, क्रोटोन, ऐरोकेरिया, फिलोड्रेन्ड्रोन स्केडेन्स आदि पौधे लगा सकते हैं।

### टेबल को सजाने के लिए छोटे पौधे

वास्तु के हिसाब से टेबल को डैकोरेट करने के लिए छोटे आकार के पौधे लगाने चाहिए। इससे घर में तरक्की आती है और पैसों की किल्लत भी दूर होती है। टेबल डैकोरेशन के लिए आप मनी प्लांट, रिबन ग्रास, फाउटेंन पाम, शेफलेरा, रेफिस पाम, मारांटा और स्पाडर प्लांट आदि लगा सकते हैं।

### सीढ़ियों पर लगाए मनी प्लांट

अगर आपके ड्रॉइंग रूम में सीढ़ियां हैं तो बेल वाले पौधे जैसे मनी प्लांट आदि लगा सकते हैं।

### सही दिशा में लगाएं पौधे

बरामदे या घर के अंदर पौधे लगाते समय उन्हें दक्षिण या पश्चिम दिशा में रखें। इससे घर में पैसों की किल्लत नहीं होती। बरामदे में आप इस तरह के पौधे लगाएं, जो दीवार व खंभों के सहारे खड़े हो सके।

### भरपूर रोशनी वाली जगह में रखे पौधे

वास्तु के अनुसार, पौधे ऐसी जगह पर रखनी चाहिए, जहा भरपूर रोशनी और हवा आती हो। साथ ही समय-समय पर गमले की मिट्टी की ऊपरी परत सूखने पर ही उचित मात्रा में पानी दें।

### घर के मुख्य द्वार पर ना लगाए पौधे

मुख्य द्वार पर लगे पौधे घर में नैगिटीव एनर्जी लाते हैं इसलिए वास्तु के हिसाब से घर के मुख्य द्वार पर पौधे नही लगाने चाहिए।


### जरूर लगाएं तुलसी का पौधा

घर में तुलसी का पौधा लगाना बेहद शुभ माना जाता है। तुलसी का पौधा हमेशा उत्तर, पूर्व और उत्तर-पूर्वी दिशा में लगाना शुभ होता है। इससे घर में ना सिर्फ सुख-शांति बनी रहती है बल्कि इससे परिवार के सगस्यों की तरक्की के मार्ग भी खुल जाते हैं।

### इवन नंबर्स में रखे पौधे

घर में आंगन में पौधे इवन नंबर्स जैसे 2, 4, 6,8, 10. में रखे होने चाहिए। इसके अलावा घर में गुलाब को चोड़कर कांटे वाले पौधे लगाने से बचें क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।







वास्तुशास्त्र के मुताबिक घर की दीवारों का रंग चुनने से कई वास्तु दोष दूर होते है। ठीक इसी प्रकार फ्लोरिंग कलर भी सोच-समझकर चुने क्योंकि यह सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा का संकेत हैं।

# घर की दिशा के हिसाब से चुनें फ्लोरिंग कलर

कहते है कि रंगों का हमारी जिदंगी में गहरा प्रभाव पड़ता है। बात अगर वास्तुशास्त्र की करें तो इसके मुताबिक घर की दीवारों का रंग चुनने से कई वास्तु दोष दूर होते है। ठीक इसी प्रकार फ्लोरिंग कलर भी सोच-समझकर चुने क्योंकि यह सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा का संके हैं। चलिए आज हम आपको दिशा के मुताबिक फर्श के रंगों के बारे में बताते है जिनसे घर में पॉजिटिव एनर्जी का वास होता है।

## पूर्व दिशा

घर की पूर्व दिशा भगवान सूर्य को भी समर्पित मानी जाती है। अगर इस दिशा के वास्तु दोष सही हो तो समाज में मान-सम्मान बना रहता है। अगर आप भी यही चाहते है तो घर की इस दिशा का फर्श डार्क ग्रीन कलर चुनें।

## पश्चिम दिशा

वास्तु के मुताबिक, घर की पश्चिम दिशा में लक्ष्मी जी का वास होता है। इसलिए इस दिशा को दोषमुक्त रखने के लिए फर्श का रंग व्हाइट चुनें। ध्यान रखें कि इसपर कोई आकृति या डिजाइन न बनी हो।

## उत्तर दिशा

अगर घर में खुशहाली चाहते है तो घर की उत्तर दिशा में डार्क ब्लेक कलर का फर्श लगवाना चाहिए क्योंकि इसे धन-कुबेर का स्थान माना जाता है।



## दक्षिण दिशा

दक्षिण दिशा की तरफ कभी भी घर का प्रवेश द्वार नही होना चाहिए। वहीं, पति-पत्नी का बेडरूम भी इस दिशा में नही होना चाहिए क्योंकि इससे उनकी बीच लड़ाई-झगड़े बने रहते है। अगर चाहते है कि घर की इस दिशा से जुड़े वास्तु दोष दूर हो जाए तो फर्श का रंग हमेशा डार्क रेड चुनें।

## उत्तर-पूर्व दिशा

इस जगह पर भगवान शिव का वास माना गया है। बात शिव जी की करें तो उन्हें आसमानी व नीला रंग बेहद पसंद होता है इसलिए इस दिशा का फर्श यानी फ्लोर भी इन्हीं रंगों में सिलेक्ट करें।

## दक्षिण-पूर्व

घर की इस दिशा को सृष्टि के रचियता ब्रह्मा की दिशा कहा जाता है इसलिए इस दिशा में बैंगनी यानी पर्पल कलर का फर्श डलवाएं।

## दक्षिण-पश्चिम दिशा

इस दिशा में हल्के रंगों का इस्तेमाल करना चाहिए। यहां तक कि फर्श का रंग भी हल्का गुलाबी ही चूज करें। इससे घर में पॉजिटिविटी बनी रहेगी।

## उत्तर-पश्चिम दिशा

इस दिशा की दीवारों, पर्दों और यहां तक कि फर्श का रंग भी ग्रे होना चाहिए क्योंकि यह रंग इस दिशा के लिए सबसे शुभ माना जाता है।



# कैसे दूर करें बच्चों की हकलाहट?

हकलाने वाले बच्चे एक ही अक्षर या शब्द को लंबा खींचते हैं, कोई वाक्य बोलते समय अचानक किसी अक्षर या शब्द पर अटक जाते हैं और उसे बार-बार बोलने की कोशिश करते हैं। अलग-अलग बच्चों में इसके लक्षण भी अलग-अलग होते हैं कोई बार-बार किसी शब्द पर अटक जाता हैं।

हालांकि छोटे बच्चों में हकलाने की समस्या बहुत गंभीर बात नहीं है, परन्तु इस कारण जब उनके दोस्त या खुद अभिभावक ही उसका मजाक उड़ाते हैं या फिर उसकी नकल करते हैं तो बच्चों में धीरे-धीरे हीनभावना आने लगती है। वह लोगों से मिलने-जुलने से कतराने तथा उदास व गुमसुम रहने लगता है। हकलाने वाले बच्चे एक ही अक्षर या शब्द को लंबा खींचते हैं, कोई वाक्य बोलते समय अचानक किसी अक्षर या शब्द पर अटक जाते हैं और उसे बार-बार बोलने की कोशिश करते हैं। अलग-अलग बच्चों में इसके लक्षण भी अलग-अलग होते हैं कोई बार-बार किसी शब्द पर अटक जाता हैं। कई बार सामान्य रूप से बातचीत करने वाले बच्चे या बड़े भी भय, शर्म, तनाव, निराश या आत्मविश्वास डगमगाने की स्थिति में हकलाने लगते हैं। ऐसा भी देखा गया है कि सामान्य, बातचीत में हकलाने वाला बच्चा किसी शब्द पर अटकता है परंतु कविता या गाना सुनाते वक्त उसी अक्षर या शब्द को बड़ी सहजता से बोल जाता है।

## क्यो होती हैं यह समस्या?

आमतौर पर हकलाहट चीन से पांच साल की उम्र में शुरू होती हैं, पांच से नौ साल के बच्चों में यह दोष धीरे-धीरे कम हो जाता है तथा 12-13 साल के बच्चों में बहुत कम पाया जाता है। इनमें भी 5 प्रतिशत बच्चे बिना किसी मदद या इलाज के अपने आप ठीक बोलने लगते हैं। यूं तो यह एक सामान्य दोष है और शुरूआती दौर में संभवत: बच्चे की भाषा पर बहुत अच्छी पकड़ न होने के कारण भी हो सकता है या फिर असमंजस की स्थिति में उलझनों के कारण ऐसा हो सकता हैं क्योंकि बच्चा एक साथ अपने स्कूल, घर, मित्र मंडली, मां-बाप व शिक्षशों आदि की बातों में उलझा होता हैं, जिससे कई बार उसके बोलने की क्षमता प्रभावित होती है।

इस दोष का इलाज किसी दवा से नहीं किया जाता केवल स्पीच थैरेपिस्ट और मनोवैज्ञानिक ही इस समस्या का निदान कर सकते हैं। इससे सबसे पहले तो हकलाहट का कारण जानने की कोशिश की जाती है।

- बच्चे के मन में किसी प्रकार का भय हो तो उसे दूर करने की कोशिश होती हैं।
- उसके मन में आत्मविश्वास पैदा किया जाता और दिमाग से यह बात दूर करने के प्रयास किए जाते हैं कि उसके अंदर किसी प्रकार का दोष है।
- बच्चे को तनावमुक्त रखना ही मनोवैज्ञानिक और स्पीच थैरेपिस्ट का मुख्य उद्देश्य होता है।
- स्पीच थैरेपिस्ट उन्ही शब्दों या अक्षरों को बच्चे से बार-बार बुलवाता हैं, जिन्हें बोलने में उसे परेशानी होती हैं।
- ज्यों-ज्यों निरंतर अभ्यास के कारण बच्चे का उच्चारण सुधरता है, उसके मन में आत्मविश्वास आने लगता है। अधिकांश मामलों में सुधार स्पष्ट नजर आने लगता है।

## पेरेंट्स के लिए जरूरी टिप्स

- पेरेंट्स को सदैव इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बच्चा भयभीत या तनावग्रस्त न रहे।
- यदि बच्चा हकलाता है तो उसका न स्वयं मजाक उड़ाएं और न ही किसी को मजाक बनाने दें।
- बच्चे को ज्यादा बोलने के लिए प्रेरित करें।
- बच्चे की मौजूदगी में उसके दोष के बारे में चर्चा करने से बचें।
- बच्चों को कहानी, कविता व गीत अदि सुनाने के लिए प्रेरित करें।
- दूसरे बच्चों से तुलना करके उसे शर्मिंदा करने का प्रयास बिल्कुल न करें।
- बच्चा कोई वाक्य बोलते वक्त अटकता हो तो धैर्य से उसकी बात सुनें और उसे ही अपना वाक्य पूरा करने दें, आप उस वाक्य को पूरा न करें।



# सर्दियों में अपनी त्वचा अनुसार लगाएं सही क्रीम

सर्दियों में हमारी त्वचा को खास देखभाल की आवश्यकता होती है। इसके लिए बहुत जरूरी है कि आप सही क्रीम इस मौसम में लगाएं। अलग-अलग त्वचा के अनुसार अलग-अलग क्रीम लगानी चाहिए। आइए, जानते हैं कैसी त्वचा की देखभाल कैसी क्रीम से करनी चाहिए -

**ड्राय स्किन** - जिनकी त्वचा ड्राय होती है उनकी त्वचा में ऑयल की कमी होती है, जिस वजह से स्किन पर क्रीम लगाने के बाद भी वह बहुत जल्दी रूखी हो जाती है। ड्राय स्किन सर्द मौसम में फटती भी बहुत जल्दी है, इस तरह की त्वचा के लिए आपको ऐसी क्रीम चुनना होगी जिसमें हाइड्रेटिंग गुण शामिल हो।

**ऑयली स्किन** - इस तरह की त्वचा चेहरे पर ऑयली छोड़ती है जिस वजह से इस स्किन वाले लोगों का चेहरा चिपचिपा सा हो जाता है। ऑयली स्किन पर धूल-मिट्टी, पिंपल्स की समस्या अधिक होती है, ऐसे में आपको जेल, सीरम व ऐसा क्रीम जिसमें हाइड्रेटिंग गुण बहुत कम हो ऐसा क्रीम चुनना चाहिए।

**सेंसेटिव स्किन** - इस तरह की स्किन वाले लोगों को सर्दी के मौसम में इचिंग की समस्या हो सकती है, और आपको बहुत सतर्कता से अपने लिए क्रीम चुननी होगी क्योंकी इस स्किन पर अधिकांश क्रीम से एलर्जी हो सकती है। आपको एंटीऑक्सिडेंट वाली और बिना फ्रैगनेंस वाली क्रीम चुनना चाहिए।

दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. के लिए प्रकाशक/मुद्रक- **किशोर वाधवानी** द्वारा मिशन मिडिया प्राईवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़ भवन, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं अविनाश मेग्नेटो मॉल, तीसरी मंजिल, एसओ-03, लभांडी विशालनगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। **प्रधान संपादक-** किशोर वाधवानी। **स्थानीय संपादक-** आनंद प्रकाश*। फोन-0771-4919400, आर.एन.आई. नं. CHHHIN/2013/51161, इंटरनेट संस्करण http://www.dabangdunia.co.in। डाक पंजीयन छ.ग./रायपुर संभाग/79/2015-17 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

Scanned with OKEN Scanner